वर्ष-31, अंक- 279, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
26 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### अवैध बालू खनन के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गढ़वा।** रंका थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। यह कार्रवाई रंका थाना कांड संख्या 69/25 के तहत की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में इकलेश गुप्ता एवं कमलेश गुप्ता शामिल हैं, जो दोनों निर्मल साव के पुत्र हैं। इन पर अवैध रूप से बालू खनन करने का आरोप है। पुलिस को लंबे समय से इनकी तलाश थी। इसी क्रम में रंका थाना पुलिस ने एक अन्य फरार अभियुक्त अख्तर अंसारी, पिता नियिमत अंसारी, ग्राम खपरो को भी गिरफ्तार किया है। अख्तर अंसारी वन विभाग से संबंधित मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसे पकड़ने के लिए कई बार छापेमारी की गई थी, अंततः उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### हजारीबाग में तोड़ी गई सिदो-कान्हू की प्रतिमा

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में कुछ असामाजिक तत्वों ने दो अलग-अलग जगहों पर स्वतंत्रता सेनानी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय तथा संथाल हूल विद्रोह के नायक सिदो-कान्हू की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया। इसे लेकर लोगों में आक्रोश है। फिलहाल, प्रशासन जांच में जुटा है और प्रतिमाओं को खंडित करने वालों की तलाश की जा रही है। शहर के संत कोलम्बस कॉलेज के सामने पार्क में लगी केबी सहाय की बड़ी प्रतिमा शुक्रवार की सुबह खंडित पाई गई। यह खबर फैलते ही बहुत सारे लोग पार्क पहुंचे और इस घटना का विरोध किया। इसके बाद दोपहर में 1856 के संथाल विद्रोह के नायकों सिदो-कान्हू की प्रतिमा के टूटने की खबर भी शहर में तेजी से फैली। लोगों ने इन घटनाओं को स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान बताया और इसे समाज के नैतिक मूल्यों पर हमला कहा। शहर में इन हरकतों के खिलाफ गुस्सा और आक्रोश का माहौल है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# जेपीएससी परीक्षा में चौथी रैंक हासिल कर गौतम ने बढ़ाया पलामू का मान

- तीन साल में तीसरी नौकरी की हासिल, दादा को बताया प्रेरणा स्रोत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनी नगर शहर के सूदना के रहने वाले राजेश कुमार मेहता के सुपुत्र गौतम गौरव ने पहले प्रयास में जेपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त कर शहर एवं जिले का नाम बढ़ाया है। बताते चलें कि गौतम के पिता जहां व्यवसायी हैं वहीं उनकी माता रीता देवी गृहणी हैं। जबकि दादा रामप्रीत महतो बिजली विभाग से अभियंता के तौर पर पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। गौतम ने बताया कि उनके दादा उनके प्रेरणास्त्रोत रहे हैं क्योंकि सरकारी विभाग में कार्यरत होने के कारण दादा से हमेशा अधिकारी बनने की प्रेरणा मिलती रही। बचपन से ही उनका लगाव सिविल सेवा की तरफ था। गौतम ने अपनी दसवीं की परीक्षा स्थानीय एमकेडीएवी स्कूल जबकि बारहवीं चिन्मया विद्यालय बोकारो से पास की। 12वीं के बाद उन्होंने कोलकाता के यादवपुर यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए। यह उनकी तीसरी नौकरी है इसके पूर्व व 2023 में भारतीय मौसम एवं विज्ञान केंद्र मैं बतौर वैज्ञानिक सहायक के तौर पर नौकरी कर चुके हैं। साथ ही 2024 में उनका चयन मोटर वाहन निरीक्षक के तौर पर हुआ है। जिसकी ट्रेनिंग वह लोहरदगा में ले रहे हैं। गौतम ने बताया कि उन्होंने झारखंड प्रशासनिक सेवा में उनका चयन हुआ है। चौथी रैंक हासिल करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी तैयारी पर पूरा यकीन था फिर भी चौथी रैंक हासिल करने कि उन्हें उम्मीद नहीं थी। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार के सदस्यों समेत जिले वासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## लोहरदगा के दो लालों ने रचा इतिहास, जेपीएससी में पाई सफलता

- मुस्लिम बहुल गांव गाराडीह से पहली बार किसी ने पाई सरकारी नौकरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के दो ग्रामीण युवाओं ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 में सफलता अर्जित कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। इनमें कैरो गाराडीह गांव के गुलाम रजा और कुडू टाटी गांव के कृष्णा कुमार शुक्ला शामिल हैं, जिनका चयन झारखंड प्रशासनिक सेवा के लिए हुआ है। कैरो प्रखंड के मुस्लिम बहुल गांव गाराडीह से आने वाले गुलाम रजा ने इस परीक्षा में 17वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक है, क्योंकि गाराडीह गांव में मुस्लिम समुदाय से यह पहली सरकारी



नियुक्ति है। कुडू के टाटी गांव निवासी कृष्णा कुमार शुक्ला ने 96वां रैंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। वे सेवानिवृत्त अंचल अमीन प्रदीप शुक्ला के पुत्र हैं। सामाजिक बदलाव की मिसाल बने दोनों अभ्यर्थी गुलाम रजा और कृष्णा कुमार शुक्ला की यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र, सीमित संसाधन और सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा है। गुलाम रजा ने प्रारंभिक शिक्षा लोहरदगा के डिवाइन स्पार्क विद्यालय से प्राप्त की, इंटर की पढ़ाई रांची के मारवाड़ी कॉलेज से वाणिज्य विषय में की और स्नातक की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज, रांची से शेष पेज 15 पर...

## फिरौती कॉल से खुला अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह का राज

# आठ गिरफ्तार, 3.14 क्विंटल डोडा व 33 लाख नकद बरामद

- तितलंगी गांव में छापेमारी, दो कार, दो बोलेरो और डायरी भी जब्त, पुलिसकर्मियों की मिलीभगत की जांच शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने पंजाब से आए एक फिरौती कॉल के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय डोडा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के तितलंगी गांव से 3.14 क्विंटल डोडा, करीब 32.90 लाख रुपए नगद, दो दिल्ली नंबर की होंडा सिटी कार, दो बोलेरो गाड़ियां और तस्करी से जुड़ी एक डायरी जब्त की है। इस कार्रवाई में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार शाम पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के आधिकारिक नंबर पर पंजाब के लुधियाना से एक महिला का कॉल आया, जिसने खुद को डॉक्टर बताया। महिला ने बताया कि उसके भाई का अपहरण कर 10 लाख की फिरौती मांगी गई है। कॉल से पहले उसने 7.50 लाख रुपए पिंटू कुमार यादव नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर भी कर दिए थे।

एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। कॉल की जांच करते हुए टीम जब चतरा सीमा से सटे तितलंगी गांव पहुंची तो वहां से लुधियाना निवासी हरमीत सिंह, सतबीर सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, ड्राइवर पारस चौहान, पिंटू कुमार यादव, रिंकू कुमार यादव, डब्लू यादव तथा स्थानीय चौकीदार का बेटा नीरज कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार ओमप्रकाश तिवारी पहले भी चार बार डोडा तस्करी में पकड़ा जा चुका है और इस बार मिडिलमैन की भूमिका में था। नीरज पासवान सतबीर सिंह के परिजनों से बातचीत में मध्यस्थता कर रहा था। सतबीर लुधियाना में होटल संचालक है और पारस ड्राइवर के तौर पर तस्करी दल के साथ आया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि चतरा और पांकी क्षेत्र से 800 रुपए प्रति किलो डोडा खरीदा जाता है जिसे पंजाब में 1700 से 2000 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जाता है। शेष पेज 15 पर...

### 3 केजी अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा/पत्थलगड़ा।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर 15 लाख के 3.260 केजी प्रतिबंधित अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने पत्रकारों को उपरोक् जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर संज्ञान लेते हुए एसडीपीओ सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में सक्रिय अवैध अफीम नेटवर्क के उद्भेदन की जिम्मेवारी दी गई। उसके बाद टीम ने पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी के ललकीमाटी रोड पर जाल बिछाया और मौके से एक मोटरसाइकिल में सवार सोनू कुमार यादव उर्फ प्रमोद यादव उम्र 24 वर्ष पिता सुरेश यादव, ग्राम मेराल, थाना पत्थलगड़ा एवं पीयूष कुमार उम्र 18 वर्ष पिता प्रवीण दांगी, ग्राम तेतरिया, थाना पत्थलगड़ा, वर्तमान पता शिवपुरी गली नंबर 17, थाना पेलावल, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से कुल 3.260 किलोग्राम प्रतिबंधित अफीम के साथ 03 मोबाइल, 02 लैपटॉप, 01 मोटरसाइकि, 01 वजन करने वाला मशीन, 01 स्टील का डब्बा, 01 काला बैग एवं अन्य सामान बरामद किया है। एसपी ने आगे कहा कि पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और भविष्य में भी ऐसे तस्करों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। छापामारी टीम में एसडीपीओ सिमरिया के साथ पत्थलगड़ा थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरक्षक विजय कुमार, अरविंद कुमार रविदास, एएसआई घनश्याम प्रसाद सिंह व सशस्त्र बल शामिल थे।

## जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी

# आशीष अक्षत ने किया टॉप, गर्ल्स में श्वेता टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने शुक्रवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम रिजल्ट जारी कर दिया। कुल 342 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए चयनित किया गया है। आयोग की वेबसाइट पर परिणाम जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में धनबाद के आशीष अक्षत ने पूरे राज्य में टॉप किया है। खूंटी के अभय कुजूर ने दूसरा स्थान हासिल कर राज्यभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। तीसरे स्थान पर रवि रंजन कुमार और चौथे स्थान पर गौतम गौरव आए हैं। पांचवें स्थान पर आईं श्वेता गर्ल्स टॉपर हैं। सिविल सेवा परीक्षा 2023 में पदों की कुल संख्या 342 है। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी की संख्या 7011 रही थी। इंटरव्यू के लिए चयनित हुए लोगों में 864 शामिल हुए थे। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की संख्या 342 है। इस चयन प्रक्रिया में लगभग 1 वर्ष समय लगा। अब प्रशिक्षण की प्रक्रियाएं शुरू की जाएंगी। जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए 27 जनवरी 2024 को विज्ञापन निकला था। 17 मार्च को प्रारंभिक परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा के तहत राज्य के विभिन्न प्रशासनिक, पुलिस, वित्त, श्रम, उत्पाद, योजना और सामाजिक सुरक्षा सेवा जैसे विभागों में नियुक्ति की जाएगी। आयोग ने कहा है कि चयन पूरी तरह से योग्यता, अंक व आरक्षण नियमों के अनुरूप किया गया है।

**लगातार मेहनत करने पर सफलता निश्चित : आशीष**

सिविल सेवा परीक्षा 2023 के टॉपर आशीष अक्षत ने कहा कि जेपीएससी एक परिभाषित सिलेबस वाली परीक्षा है। अगर कोई लगातार मेहनत करे, तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बड़े भाई और पत्नी को दिया है।

**राज्य और समाज को सेवा करने का माध्यम है सिविल सेवा : अभय**

सिविल सेवा परीक्षा 2023 के सेकेंड टॉपर अभय कुजूर खूंटी के रहने वाले हैं। वे आदिवासी समुदाय से आते हैं। उन्होंने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इस परीक्षा के लिए 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने हार नहीं मानी। जीत के लिए लगातार संघर्ष किया। अभय कहते हैं कि झारखंड में प्रशासनिक सेवा में जाना सिर्फ एक नौकरी लेना नहीं है। यह अपने राज्य और समाज को सेवा करने का माध्यम है।

## पीएम मोदी ने तोड़ा इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल के 4,078 दिन पूरे कर लिए। इस तरह उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिनों तक प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस उपलब्धि के साथ, प्रधानमंत्री मोदी भारत के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे व्यक्ति बन गए हैं, उनसे आगे केवल देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जुलाई, 2025 को लगातार 4,078 दिनों तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे, और इस तरह उनके नाम कई ऐतिहासिक उपलब्धियां भी दर्ज हो गई हैं। पीएम मोदी आजादी के बाद जन्मे पहले और एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो गैर-कांग्रेसी सरकार और गैर-हिंदी भाषी राज्य से आते हैं। वे दो पूर्ण कार्यकाल पूरे शेष पेज 15 पर...

## सैनिक स्कूल तिलैया से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अलका तिवारी ने की बैठक

# राज्य को मिलेगा एक और सैनिक स्कूल की सौगात

- तिलैया सैनिक स्कूल में 9.49 करोड़ से बहाल होगी नई जलापूर्ति योजना

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शुक्रवार को सैनिक स्कूल तिलैया से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों एवं मुद्दों पर हुई बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने स्कूली शिक्षा सचिव को निर्देश दिया कि झारखंड में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू की जाए। बैठक में उन्हें बताया गया कि राज्य में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल की जरूरत है। कुछ राज्यों में दो सैनिक स्कूल चल रहे हैं। शेष पेज 15 पर...

### राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हेमंत सोरेन सरकार इसके लिए कई योजनाएं भी चला रही हैं। राज्य सरकार झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी 2025 तैयार करने जा रही है। वाल्मिकी छात्रवृत्ति योजना भी है। राज्य में 10वीं और 12वीं पास अनाथ एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की ट्यूशन फी के लिए सरकार आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। शेष पेज 15 पर...

## इंडिया

# जलवायु परिवर्तन से संकट में पड़ सकता है झारखंड का भी भविष्य



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

गर्मी में बरसात और बरसात में कभी सूखा तो कभी रिकार्डतोड़ बारिश से इस बार झारखंड सहित पूरा देश परेशान है और इस बार पुल,पुलिया से लेकर स्कूलों के पुराने भवनों के ध्वस्त होने से अभी तक जलवायु परिवर्तन को फालतू विषय समझने वाले लोग भी महत्व देने लगें हैं । झारखंड में अनावृष्टि से वर्षों से सूखे और कम खेती की उपज से परेशान किसान अब अतिवृष्टि को लेकर चिंतित हैं पर इस बेमौसम और बेशुमार बारिश या भीषण गर्मी से जो बड़ा नुकसान भविष्य में हो सकता है वह झारखंड के नौनिहालों का भविष्य । देश-विदेश की बात करें तो पिछले कुछ वर्षों में कम से कम 75 प्रतिशत जलवायु संबंधी आपदाओं के दौरान स्कूल बंद हुए और हर बार 50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। जलवायु संबंधी तनाव जैसे गर्मी, जंगल की आग, तूफान, बाढ़, सूखा, बीमारियां और समुद्र का बढ़ता स्तर शिक्षा को प्रभावित करते हैं। जो बच्चे छोटी उम्र में गर्मी की मार झेलते हैं, वे 1.5 साल तक की पढ़ाई खो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन शिक्षा को सीधा नुकसान पहुंचा रहा है और अब तक की शैक्षिक प्रगति को मिटा सकता है। यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम, जलवायु संचार व शिक्षा की निगरानी एवं मूल्यांकन परियोजना और कनाडा के सस्केचवान विवि के शोधार्थियों के ताजा अध्ययन में ये बातें सामने आईं हैं भारत में भी जिस प्रकार मौसम badal रहे हैं और जिसका नमूना इस बार देखने को मिला है उसे ध्यान में रखकर नीतियां बनाने का समय आया हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 वर्षों में कम से कम 75 फीसदी जलवायु आपदाओं के दौरान स्कूल बंद हुए और हर बार 50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। जलवायु संबंधी तनाव जैसे गर्मी, जंगल की आग, तूफान, बाढ़, सूखा, बीमारियां और समुद्र का बढ़ता स्तर शिक्षा को प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन आपदाओं के कारण खासकर गरीब देशों में हर साल स्कूल बंद हो रहे हैं। इससे बच्चों के सीखने का नुकसान और ड्रॉपआउट यानी स्कूल छोड़ने की संभावना बढ़ रही है। 1969 से 2012 तक 29 देशों के आंकड़े बताते हैं कि जन्म से पहले और शुरुआती वर्षों में गर्मी झेलने वाले बच्चों की स्कूली पढ़ाई कम होती है। दक्षिण पूर्व एशिया में यह प्रभाव सबसे ज्यादा देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है यदि कोई बच्चा बहुत ज्यादा तापमान का शिकार होता है, तो उसकी शिक्षा में 1.5 साल की कमी आ सकती है। अमेरिका में जिनके पास कम आय या माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र नहीं है वे लोग 15 फीसदी अधिक खतरे में हैं, क्योंकि उन्हें जलवायु परिवर्तन की वजह से वायु प्रदूषण के इलाकों में रहना होता है। इन इलाके में बच्चे अस्थमा जैसी बीमारियों से अधिक पीड़ित होंते। वे अमेरिकी स्कूल जो सरकारी आपदा राहत फंड पाते हैं, उनमें समाज के कमजोर तबकों के छात्र ज्यादा होते हैं।2013 की जकार्ता बाढ़ के बाद कई स्कूल बंद हुए, शिक्षक और छात्र मारे गए।

कुछ को राहत शिविर बना दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जकार्ता के जिन स्कूलों के पास आपदा प्रबंधन योजना और बाढ़ की आपात स्थितियों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया थी उन 81 फीसदी स्कूलों ने माना कि इस संकट में ये योजनाएं काफी मददगार रहीं।अमेरिका में सालाना तापमान औसतन एक डिग्री ज्यादा रहा और स्कूल में एसी नहीं था, तो बच्चों के अंक एक फीसदी तक घटे। अफ्रीकी अमेरिकी और हिस्पैनिक बच्चों पर इसका असर ज्यादा पड़ा, जिससे पांच फीसदी तक की शैक्षिक खाई बनी। लगभग अमेरिका के आधे से अधिक स्कूलों को अपने हीटिंग और कूलिंग सिस्टम को सुधारने की जरूरत है जबकि झारखंड के बहुत कम सरकारी स्कूलों में पंखे चलते हैं । ब्राजील के गर्म इलाकों के छात्रों को हर साल सीखने में एक फीसदी तक का नुकसान होता है। विकास योजनाओं से वंचित रहने वाले लोग भारत में जलवायु संकट से ज्यादा पीड़ित हैं। 2019 में आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित 10 देशों में से आठ गरीब या निम्न मध्यम आय वाले देश थे। बच्चों के लिए उच्च जलवायु जोखिम वाले 33 देशों में से 29 कमजोर देश हैं। झारखंड में अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों को मौसम के अनुसार गर्मी या ठंढ से बचाव के लिए साधन नहीं हैं और अनेक स्कूल तो ऐसे हैं जहां बरसात में असुविधा होती है और बच्चे स्कूल नहीं जाते। राजधानी रांची के पास सिल्ली के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बंता में कक्षाओं की भारी कमी से विद्यार्थियों को पढ़ाई में कठिनाई हो रही है। 348 छात्रों के लिए केवल 5 कमरे हैं, जिससे कक्षा चार के अधिकांश छात्र बरामदे में पढ़ाई करते हैं अंदाजा किया जा सकता है कि प्रतिकूल मौसम में बच्चे कैसे पढ़ाई करेंगे।

# जोबला पाठ में गर्भवती महिला को पीठ पर लादकर पहुंचाया अस्पताल

- चैनपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति आई सामने

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** जहां केंद्र और राज्य सरकारें आदिम जनजातियों के लिए अनेकों योजनाएं उनके घर तक पहुंचाने का दावा करती हैं, वहीं चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत स्थित ब्रह्मपुर जोबला पाठ की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, विशेषकर सड़कों की घोर कमी के कारण, मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जोबला पाठ तक पहुंचने के लिए कोई उचित सड़क नहीं है। कच्ची, कीचड़ भरी पगडंडी ही एकमात्र सहारा है, जिस पर पैदल चलना भी दूभर है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब पूरी मिट्टी गीली और फिसलन भरी हो जाती है। गांव में कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए, तो उसे कंधे पर उठाकर या पीठ पर लादकर ब्रह्मपुर तक पैदल लाना पड़ता है, जहां से आगे अस्पताल तक पहुंचने का कोई साधन मिल सके।

हाल ही में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जिसमें आदिम जनजाति की गर्भवती महिला गुड़िया देवी (पति सुरेंद्र कोरवा) को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर ले जाना था। लेकिन, 108 एंबुलेंस जोबला पाठ तक पहुंचने में असमर्थ थी, क्योंकि वहां जाने के लिए कोई रास्ता ही नहीं है। मजबूरन, एंबुलेंस ब्रह्मपुर तक ही आ पाई। इस विकट परिस्थिति में, स्वास्थ्य सहिया ग्लोरिया लकड़ा, बीटीटी जीवनती कुमारी, और टाटा फाउंडेशन की मानसी मिंज एवं भारती सिंह के अथक सहयोग से गुड़िया देवी को चैनपुर लाया जा सका। शेष पेज 15 पर...



# निर्माणाधीन अंडर ब्रिज का गिरा दीवार, कंपनी के निर्माण कार्य में दिख रही लापरवाही

## बनते ही दरकने लगी फोरलेन की नवनिर्मित सड़के, खोल रही अनियमितता की पोल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भोगू से शंखा गांव तक एनएच-39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य भारत वाणिज्य इस्टर्न कंपनी लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के क्रम में ब्रहमोरिया मोड़ पर अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग एक किलोमीटर में कराया जाना है। जिसका आधा हिस्सा यानी भंडार गांव से ब्रहमोरिया मोड़ तक हो चुका है। निर्माणाधीन अंडर ब्रिज का दीवार बरसाती पानी को बर्दाश्त नहीं कर सका। साथ ही दीवार का एक हिस्सा बरसाती पानी के साथ गिर गया। जो कंपनी के द्वारा कराए जा रहे घटिया निर्माण कार्य की दुर्दशा ब्यां कर रही है। इतना हीं नहीं नवनिर्मित सड़कें भी बनते हीं दरकने लगी है। जो घटिया निर्माण कार्य व कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने की पोल खोल रहा है।



एक तरफ सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सड़कें गाड़ियों की परिचालन से टूटने लगे हैं। कई जगह नवनिर्मित सड़कें दरकने लगी गए हैं। भारत इस्टर्न कंपनी लिमिटेड के द्वारा पिछले तीन वर्षों से युद्ध स्तर पर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में खेत से उठाकर काली मिट्टी डाली गई है। जबकि मौरंग मिट्टी व फ्लाई ऐश डस्ट का उपयोग किया जाना था। साथ हीं इसके बाद दो-तीन लेयर जीएसबी डालते हुए हाई प्रेशर मशीन से दबाया जाना है। जिससे सड़क में दरार न आए व भारी वाहन की परिचालन से सड़क कहीं दबे नहीं। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। अगर ऐसा होता तो सड़कों में दरार नहीं आता। लेकिन कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखकर सब कुछ अनदेखा करते हुए केवल निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी की जा रही है। विरोध करने पर कंपनी कर्मियों के द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज कर परेशान करने की धमकियां भी दी जाती है। सड़क निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। अधिकारियों के साथ अच्छा समन्वय होने की बात कह कर लोगों का मुंह बंद कर दिया जाता है।

### सीबीआइ प्राथमिकी दर्ज करते हुए कर रही है जांच : सूत्र

सूत्रों के अनुसार सड़क निर्माण की गुणवत्ता रिपोर्ट में हेरफेर कर निर्माण कंपनियों को लाभ पहुंचाने के आरोप में सीबीआइ के द्वारा एनएचएआई के इंजीनियरों समेत कई लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जिसमें कंपनी को लाभ पहुंचाने और सरकारी फंड के लूट का आधार बनाया गया है। एनएचएआई के द्वारा आडिट रिपोर्ट में जानबूझकर तकनीकी खामियों को नजरअंदाज करते हुए क्लीन चिट दी गई है। सीबीआइ ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित (2018) की धाराएं 7, 7 ए, 8, 9, 10, 12 व भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61 (2) के तहत केस दर्ज किया है। विदित हो कि निर्माण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतती जा रही है। निर्माण के क्रम में कई जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। साथ ही कई जगह सड़कों पर मिट्टी डाल पानी के निकास को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण बरसाती का पानी सीधे घरों में घुस रहा है। लेकिन इसकी परवाह कंपनी कर्मियों को नहीं है।

# वज्रपात से किसान की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** हरिजन मोहल्ला निवासी विफन राम 45 वर्ष पिता कलटु राम की मौत गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे बज्रपात से हो गई। घटना उस समय घटी जब वे अपने खेत में धान की रोपाई करवा रहे थे। तेज बारिश के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरने से विफन राम घायल हो गया । घायल विफन राम को आनन फानन में नवजीवन अस्पताल तुम बागड़ा लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने जांचों प्रांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वज्रपात होने से माथे एवं पिठ पर गंभीर रूप से जलने के कारण मौत हो गई। वे न सिर्फ खेती-किसानी करते थे बल्कि राज मिस्त्री के रूप में भी काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। विफन राम अपने पीछे पत्नी, दो बेटियाँ और एक बेटा छोड़ गए हैं। उन्होंने पिछले वर्ष अपनी बड़ी बेटी का विवाह भी किया था।

उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा और सहायता राशि जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है। सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम एम सी एच मेदनीनगर भेज दिया गया है।

### आकर्षक बना लबालब भरा भीमबराज का विहंगम नजारा

**मोहम्मदगंज।** सावन माह की प्राकृतिक सौंदर्य के बीच लबालब भरा भीमबराज का विहंगम नजारा आकर्षक दृश्य उपस्थित कर रहा है। ड्रोन कैमरे से 50 मीटर की ऊंचाई से इसके विहंगम नजारे को पटना से आए सैलानी राजू सिंह ने कैद कर राष्ट्रीय नवीन मेल को शेयर किया है। उन्होंने कहा कि भीमबराज के विहंगम नजारा सहित आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच ऐतिहासिक महत्व के भीमचुल्हा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने से बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में टूरिज्म को बढावा मिल रहा है। इस पर्यटक स्थल ने पर्यटन के मानचित्र और सोशल मीडिया के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अलग पहचान बना ली है। जिसे एक क्लिक में सर्च करना आसान हो गया है। पर्यटकीय भ्रमण और अवलोकन के साथ ही फोटोग्राफी और फिल्मांकन के लिए भी माकूल जगह बन गया है।

# बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर किसानों से मिले प्रखंड कॉर्डिनेटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा और बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रखंड कॉर्डिनेटर गौतम कुमार ने हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम डांडिला में किसानों के खेत में जाकर किसानों से रूबरू हुए। व्यापार मंडल अध्यक्ष बैठा ने कहा कि किसानों के लिए अति महत्वकांक्षी बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना है। यह आपके फसल का सुरक्षा कवच है। झारखंड सरकार के द्वारा किसानों को निशुल्क बीमा किया जा रहा सिर्फ मात्र एक रुपए का टोकन लग रहा है इसलिए सभी किसान अपने अपने रकबा के अनुसार 31/07/2025 तक बीमा करा लें। कॉर्डिनेटर गौतम कुमार ने कहा कि ये योजना किसान हित में है। इसलिए किसान भाइयों से आग्रह है कि सभी अपने अपने भदाई एवं अगहनी फसल का बीमा करा लें। मौके पर पर उपस्थित किसान पारीख प्रजापति, कामेश्वर पासवान, भुड़ूंल यादव, बनता यादव, कर्ण कुमार, ऊदल यादव, पंकाली कुंवर, केशरी देवी, साधना देवी, देवती देवी, धर्मेंद्र कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



### महज एक रुपया में क्षेत्र में 195 किसानों का कृषि ऋण होगा माफ : बीएओ

**हरिहरगंज।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को कृषक मित्रों की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि केसीसी ऋण माफी योजना के तहत सरकार द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चिन्हित 195 किसानों का कृषि ऋण मात्र एक रूपए के भुगतान पर माफ किया जाएगा। इसके लिए संबंधित किसानों को अनिवार्य रूप से प्रज्ञा केंद्र में जाकर ई-केवाईसी कराना होगा। सभी लाभुक किसानों की सूची कार्यालय में उपलब्ध है। बीएओ ने कृषक मित्रों को सूचीबद्ध किसानों का नाम, पता, जीवित -मृत तथा पलायन संबंधी सत्यापन का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं बीएओ ने बैठक में कृषक मित्रों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताई। बैठक में सहायक कृषि तकनीकी प्रबंधक सुशील मिश्रा कृषक मित्र पंचम कुमार, संजय सिंह,रंजय वर्मा, मोहन यादव, रंजीत पासवान, किरण देवी आदि उपस्थित थे।

### वार्ड दो व तीन में जल जमाव से जन-जीवन अस्त व्यस्त

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड-तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड 3 के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है।जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण किये जाने के बाद भी सड़क पर जल-जमाव हो गया है। अभी वर्तमान में लोग घुमकर आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से लोगों का जाना मजबूरी है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड तीन के अलावा दो वार्ड विशुनपुर, दरुआ, रामाबांधी और फातमा चक मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड अनुमंडल रोड सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं।

### समता स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया

# अग्नि सुरक्षा से बच्चों को किया जा रहा है जागरूक : डॉ. अक्षय




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल में अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। मौके पर सब ऑफिसर अशोक कुमार सिंह ने बच्चों को बताया कि आग मुख्य रूप से चार प्रकार की होती है, और प्रत्येक स्थिति में उसे बुझाने के अलग-अलग तरीके होते हैं। उन्होंने कहा कि अग्निशमन यंत्र, बालू, पानी, कार्बन डाइऑक्साइड गैस और घरेलू उपायों का प्रयोग कर आग पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि आमजन को आग से बचाव की जानकारी होना बेहद जरूरी है, क्योंकि आग की घटनाएं कहीं भी और कभी भी घट सकती हैं जैसे कि घर, बाजार, स्कूल या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर। प्रशिक्षण सत्र में बच्चों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें आग बुझाने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए गए। बच्चों ने खुद आग बुझाने का अभ्यास किया और यह सीखा कि आपातकाल की स्थिति में घबराए बिना सूझ-बूझ से कैसे काम लिया जाए। इस मौके पर छात्रों ने संकल्प लिया कि वे न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी आग जैसी आपदा से सुरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप सब ऑफिसर एवं मोहन चौधरी और संजय कुमार इत्यादि शामिल थे। मौके पर स्कूल के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान, स्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी,किरण देवी संतोष मिश्रा, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान ,प्रियंका देवी, दशरथ कुमार,रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबीता देवी ,रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, संजीत कुमार ,अंशी कुमारी, चांदनी कुमारी ,कार्तिक प्रसाद, विकास कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, परिचारिका विमल कुंवर तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद बच्चों में खास उत्साह देखा गया और उन्होंने इस महत्वपूर्ण अनुभव को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। इस प्रकार का प्रशिक्षण न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि आपातकाल की स्थिति में त्वरित और सटीक प्रतिक्रिया देने में भी मदद करता है। ऐसे प्रयासों से समाज में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।अग्निशमन विभाग बच्चों को जागरूक कर बेहतर कार्य कर रहे हैं।

# बीडब्ल्यूसी ने जल सहियाओं को दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित बैठक में ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने जलसहियाओं को कई निर्देश दिए। उन्होंने जल सहियाओं को ग्राम स्तर पर खराब पड़े शौचालयों और जिस गांव में नाफेड और सोख्ता बने हैं, उन्हें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत उपयोग में लाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक व प्रेरित करने के अलावा शौचालय की सुविधा से वंचित परिवार को इसके लिए पोर्टल पर उनके ऑनलाइन आवेदन अपलोड कराने का निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत प्रत्येक जलसहिया को प्रतिदिन 50-50 फीडबैक अपलोड करने की भी हिदायत दी। बैठक में अक्तूबर 2024 से जून 2025 तक की एबसेंटी रिपोर्ट ली गई। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर ने बैठक में जलसहियाओं की हौसला अफजाई करते हुए स्वच्छता अभियान को लेकर दायित्व के प्रति उनके समर्पण भावना की सराहना की। बैठक में जलसहिया शकुंतला, अजंता, गूंजा, कलावती, शारदा, संजू, किरण (पिपराबांध व कोसीआरा), मंजू,उर्मिला, मीना, सोना, सरोज, देवंती, कांति (पंसा व सोनबरसा), कविता, शशिबाला, संगीता, प्रमिला और पुनम देवी के अलावा लालमति कुंवर शामिल थीं।

### टनल निर्माण का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक भीमचूल्हा पर्यटक स्थल पर स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को रुद्राभिषेक किया गया। पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने रुद्राभिषेक अनुष्ठान कराया। इसमें भीमचूल्हा के पास स्थित बोगदा पहाड़ की खुदाई कर थर्ड टनल निर्माण कार्य को संचालित करने में शामिल अभियंता अमन शुक्ला और उनके सहयोगी राजू सिंह व कुमार पाल शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि टनल निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर रुद्राभिषेक कराया गया। बता दें कि इस स्थल पर थर्ड लाइन को लेकर 160 मीटर लंबे टनल का निर्माण कराया गया है। इस प्रकार अब इस स्थल पर समानांतर रूप से तीन टनल हो चुके हैं। जो सोननगर-पतरातू रेल कोरिडोर के बीच बड़ी धरोहर के रूप में स्थापित हो गए हैं। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के समीप स्थित होने से पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। नवनिर्मित थर्ड टनल को तो धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के साथ ही रेलगाड़ी और बाघ की पेंटिंग बनाकर झारखंडी रंग-रूप दिया गया है। जो लोगों को बरबस आकर्षित कर रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### पिपरा के किसान पुत्र ने जेपीएससी में 47वां रैंक प्राप्त किया



**हरिहरगंज (पलामू) ।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती अंबा झरना गांव निवासी किसान अभिमन्यु सिंह का पुत्र सोनल कुमार सिंह ने 11 वीं जेपीएससी परीक्षा में बाजी मारी है। उसने झारखंड प्रशासनिक सेवा में 47वां रैंक प्राप्त किया है। इस सफलता पर जहां परिवारजनों में खुशी का माहौल है। वहीं गांव सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। अपने तीन भाईयों में सबसे बड़े सोनल कुमार सिंह की प्राथमिक शिक्षा डीएवी नबीनगर और इंटर व स्नातक मेदिनीनगर से हुई है। पिता घर पर रहकर कृषि कार्य करते हैं। जबकि माता सरिता देवी गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर राज्य के सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता पाई है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरूजनों को दी है। सोनल के छोटे दो भाईयों में एक सेना में कार्यरत है और दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। उसकी इस सफलता ग्रामीण इलाके के सिमित संसाधन के साथ पढ़नेवाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उसकी सफलता पर कई लोगों ने बधाई दी है।

### झारखंड के पलामू में हाईटेक जैविक खेती का नया अध्याय शुरू



**हुसैनाबाद (पलामू)।** नवाचार और जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली संस्था वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने एक और सफल पहल की है। कंपनी के निदेशक प्रिय रंजन सिंह ने जानकारी दी कि ग्राम नादिआईन, पंचायत दंगवार, प्रखंड हुसैनाबाद के किसानों द्वारा अब कोलंबों अरहर की जैविक खेती शुरू की गई है। इस खेती के लिए विशेष किस्म कोलंबो अरहर 5000 के बीज हैदराबाद से मंगवाए गए हैं, जिसकी खासियत यह है कि एक बार लगाने के बाद यह पौधा लगातार आठ वर्षों तक उपज देता है और साल में दो बार फलन करता है। पौधों की रोपाई नर्सरी विधि से की जाती है। रोपण विधि के अनुसार, पौधा से पौधा की दूरी 5 से 7 फीट तथा पंक्ति से पंक्ति की दूरी 10 से 12 फीट रखी जाती है। दिशा निर्धारण के तहत पौधे पूर्व से पश्चिम और लाइनें उत्तर से दक्षिण दिशा में लगाई जाती हैं। इसकी ऊंचाई 12 से 15 फीट तक होती है। पूरी तरह जैविक विधि से की जा रही। इस खेती में हर 15 दिनों में गोबर, गोमूत्र, बेसन और गुड़ से तैयार जीवामृत खाद का प्रयोग किया जा रहा है। औसतन, इसकी पैदावार 6-8 क्विंटल प्रति एकड़ होती है। अगले वर्ष इस फसल का बीज उत्पादन कर इसे पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों के किसानों तक पहुंचाने की योजना है। वीकेएस एफपीओ इससे पहले भी पिंपरमेंट, तुलसी, लेमनग्रास, काला हल्दी, ब्लू गेहूं, शुगर फ्री आलू, चिया सीड सहित कई हाईटेक और नवाचार खेती में सफलता प्राप्त कर चुका है। हाल ही में असम से जोहा धान मंगवाया गया, जो बासमती से भी अधिक सुगंधित होता है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कन्नौज से कंटोला (खेक्सा) की खेती की भी शुरूआत की गई है। वीकेएस एफपीओ की यह पहल न केवल स्थानीय किसानों के लिए एक नई उम्मीद बनी है, बल्कि झारखंड में कृषि नवाचार की दिशा में मील का पत्थर भी साबित हो रही है।

### हैदरनगर में महिला के डूबने के कारण भीमबराज से 15 घंटे बंद रहा मुख्य नहर का जलप्रवाह



**मोहम्मदगंज।** हैदरनगर के भाईबिगहा में एक महिला के डूब जाने की सूचना पर 15 घंटे तक भीमबराज से मुख्य नहर में बंद रखा गया जलप्रवाह शुक्रवार को शव बरामद होने के साथ खोल दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया नहर में डूबी महिला के शव के बरामद होने की रिपोर्ट सुबह 10 बजे मिलने पर दायीं मुख्य नहर में भीमबराज से पहले 1100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दोपहर बाद फिर एक बजे इसे बढाकर 1498 क्यूसेक कर दिया गया है। पंचपोखरी गेट के संचालन में आई खराबी को दूर कर लिया गया है। इससे मुख्य नहर में आगे के लिए निर्बाध रूप से जलप्रवाहित हो रहा है। जबकि कोयल नदी के अप और डाउन स्ट्रीम में 27417 और 25919 क्यूसेक जलप्रवाह जारी रखा गया है। पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उनकी निगरानी में सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई निर्भय कुमार, शुभम राज और सौरभ पटेल पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जबतक कोयल नदी में बाढ अथवा मुख्य नहर में बाधा की स्थिति उत्पन्न नहीं होती है, जलप्रवाह जारी रखा जाएगा। जरूरत के अनुरूप इसे बढाया और घटाया भी जा सकता है।

# वज्रपात से एक महिला की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरा गांव में गुरुवार को खेत में धान रोप रही दो महिलाओं पर वज्रपात होने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका की पहचान पूर्णि देवी, पति आशीष भुइयाँ, उम्र लगभग 50 वर्ष एवं घायल महिला संगीता देवी, पति मनोज भुइयां, उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही हैं। दोनों महिलाएं चौरा गांव की निवासी हैं। मृतका पूर्णि देवी के परिवार में तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के तुरंत बाद दोनों महिलाओं को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलाम्बर पीताम्बरपुर लाया गया, जहां डॉक्टर अंजय कुमार ने घायल महिला का इलाज कर बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वहीं घायल संगीता देवी की हालत नाजुक बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। वहीं मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**लापरवाही**

### हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सक नहीं

# चिकित्सकों का ओपीडी कक्ष बंद, मरीजों को हो रही परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आयुष्मान भारत योजना के तहत गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में नियोजित तीनों चिकित्सक अनुपस्थित रहे। जिसमें एसएस सर्जन डॉ. आसित रंजन, नेत्र सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक प्रभात का नाम शामिल है। गुरुवार को 12 बजे तक उक्त चिकित्सकों का ओपीडी कक्ष बंद था। बताया गया कि आज उक्त चिकित्सक नहीं आये हैं। कई मरीजों ने बताया कि पिछले गुरुवार को भी वे लोग नहीं थे। विभाग के इस आलम में मरीजों की परेशानी व इलाज की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### सूचना बैनर में तीनों का नाम व दिन हैं अंकित

शहर के अंबेडकर चौक स्थित अर्बन अस्पताल में इस संदर्भ में बड़ा बैनर सूचना लगाया गया है। जिसमें बताया गया है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक एस एस सर्जन डॉ. आसित रंजन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक प्रभात,नेत्र सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार सिंह द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा।

### क्या कहना हैं मरीजों का

प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के टोला बनकट गांव की सविता देवी ने बताई कि वह पिछले दो सप्ताह से अपना इलाज कराने के लिये उक्त चिकित्सक के लिए आ रहे है, परंतु वे सभी लोग यहां हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल नहीं आ रहे। जबकि प्रचार प्रसार के लिये जपला अंबेडकर चौक के पास पुराने अर्बन अस्पताल में लगाया गया है। मरीजों का कहना है कि जब चिकित्सक नहीं आते है तो मरीजों को दिगभ्रमित क्यों किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं प्रभारी स्वास्थ्य उपाधीक्षक

इस संदर्भ में प्रभारी स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. बिनेश कुमार ने कहा कि अनुपस्थित होने की जानकारी है. इसके बारे में पलामू सीएस को लिखेंगे।

### महिला का दूसरे दिन नहर में मिला शव

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई बिगहा निवासी भोला पासवान की 50 वर्षीय पत्नी बिंदा देवी बुधवार की रात आठ उत्तर कोयल मुख्य नहर में डूबने के दूसरे दिन गुरुवार की रात हुसैनाबाद के धरहरा नहर मोड़ पर तैरता शव बरामद कर लिया गया है। इस महिला के नहर में डूबने के प्रशासन की देखरेख में जल प्रवाहित नहर का जलस्तर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बराज नियंत्रण कक्ष मोहम्मदगंज को सूचना देकर कम कराया गया। इसी दौरान खोजबीन में हुसैनाबाद के धरहरा स्थित नहर में तैरता उक्त महिला का शव बरामद किया गया है।

## किसानों के बीच निःशुल्क बीज का वितरण



**धुरकी।** कृषि पदाधिकारी अंबुज जयसवाल ने शुक्रवार को ब्लैक परिसर में सभी पंचायत के रईयतो के बिज उरद व अरहर का बिज बितरन किया। वितरण में उपस्थित सभी पंचायत के मुखिया, जिला परिषद सदस्य,बिडिसी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वितरण करते कृषि पदाधिकारी अंबुज जयसवाल ने बताया कि सभी पंचायत के कृषकों को चार किलो का पैकेज बिज बुवाई के लिए वितरण किया जा रहा है इस जल्द ही बुवाई कर किसान अपनी फसल उगा सकते हैं मौके पर सभी पंचायत के किसान उपस्थित थे।

# सदर एसडीएम ने तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों को एहतियातन कराया बंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बीते दिनों उपायुक्त गढ़वा के स्तर से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच का निर्देश दिया गया था, उसी निर्देश के आलोक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर के तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर औचक जांच की। इस औचक जांच के क्रम में सभी में प्रथम द्रष्टया विसंगति मिली। इसलिए विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने इन सभी केंद्रों को एहतियात के तौर पर अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन सभी केंद्रों में ताला डलवाते हुए केंद्र के संचालकों से यह अंडरटेकन लिया कि वह सिविल सर्जन या उनके द्वारा गठित टीम के स्तर से जांच हो जाने के बाद और क्लीन चिट मिलने के बाद ही इन केंद्रों को खोलेंगे। टाउन हॉल मैदान के पास अवस्थित झारखंड अल्ट्रासाउंड सेंटर में जांच के क्रम में पता चला कि यहां कोई डॉक्टर अभिषेक कुमार अल्ट्रासाउंड सेवाओं के लिए संबद्ध हैं, किंतु जानकारी लगी कि वे पिछले 6-7 महीने से यहां नहीं आए हैं, इसके बावजूद भी वहां अल्ट्रासाउंड का काम बदस्तूर जारी था, जब वहां रजिस्टर चेक किए गए तो अद्यतन तिथि तक अपडेट मिला। रजिस्टर भी दो किस्म के पाए गए। मौके पर 12वीं पास युवक व युवती मिले। मामला संदिग्ध लगने पर सिविल सर्जन को जानकारी देते हुए इस केंद्र को एहतियातन बंद कराते हुए चाबी मौके पर मौजूद रविकांत दुबे को दे दी गई। चंद्रिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कचहरी रोड के अल्ट्रासाउंड केंद्र के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रबंधक श्री अयूब अंसारी ने बताया कि वे सिर्फ मरीजों का ही अल्ट्रासाउंड करते हैं, बाहरी लोग उनके यहां नहीं आते हैं, उन्होंने बताया कि डॉक्टर कादिर परवेज उनके यहां अल्ट्रासाउंड करते हैं, जबकि डॉक्टर कादिर से बात करने पर पता चला कि वे 8-10 लोगों का अल्ट्रासाउंड ही इस महीने में किए हैं। इन आठ लोगों की विवरणी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र देने में असफल रहा। इतना ही नहीं जानकारी मिली है कि डॉक्टर कादिर ने इस केंद्र से अपनी संबद्धता रद्द करने के लिए सिविल सर्जन को पहले ही आवेदन दिया हुआ है, ऐसी संदिग्ध स्थिति में मामले को गंभीर समझते हुए एहतियात के तौर पर इस केंद्र में भी सिविल सर्जन के स्तर से जांच होने तक के लिए ताला डलवाते हुए चाबी उक्त अयूब अंसारी को ही अंडरटेकन के साथ दे दी गई। नवादा मोड़ के पास स्थित एमजीएम अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र की भी जांच की गई। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि यहां भी डॉक्टर परवेज ही अल्ट्रासाउंड करते हैं किंतु डॉक्टर परवेज ने फोन पर एसडीएम को बताया कि वे हफ्ता 15 दिन में ही यहां आते हैं। हालांकि रजिस्टर में एसडीएम को 25 जुलाई तक लगातार अल्ट्रासाउंड होने का विवरण पाया गया, पूछताछ के क्रम में अस्पताल संचालक ने सीधे-सीधे बता दिया कि वे डॉक्टर की बजाय अपने किसी टेक्नीशियन से ही अल्ट्रासाउंड करवाते हैं जिसे अस्वीकार्य और संदिग्ध मानते हुए एसडीएम में उक्त केंद्र को भी जांच होने तक अंतिम रूप से बंद करवा दिया। संजयकुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों से भी अपील की है कि लोगों का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए बिना प्रशिक्षित चिकित्सक और मानकों को पूरा किये अल्ट्रासाउंड सेवाएं संचालित नहीं करें, अगर मानक नहीं पूरा करते हैं तो ऐसे केंद्र स्वयं बंद कर लें या फिर योग्य चिकित्सकों को अपने यहां प्रतिनियुक्त कर लें। अन्यथा जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले दोषियों पर जिला प्रशासन विधिक कार्रवाई करने में जरा भी नहीं हिचकेगा।

### न्यूज | बॉक्स

## राहुल सिंह का झारखंड प्रशासनिक सेवा में चयन



**कांडी।** प्रखंड के सुंडीपुर निवासी सह पोस्टमास्टर उदय कुमार सिंह के 26 वर्षीय एकलौता पुत्र राहुल कुमार सिंह ने झारखंड प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में 133 वां रैंक लाकर अपने माता पिता सहित गांव व प्रखंड सहित गढ़वा जिला का नाम रौशन किया है। राहुल अपने माता पिता के एकमात्र पुत्र हैं जबकि उनकी तीन बहने हैं। बड़ी बहन प्रियंका कुमारी की शादी औरंगाबाद दूसरी बहन प्रीति कुमारी की शादी पटना में हुआ है और राहुल सिंह तीसरे नंबर पर आते हैं। राहुल से छोटी एक बहन है जिसका नाम प्रियम कुमारी जो डीएलएड कर रही हैं इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज गढ़वा से। राहुल के पिता उदय सिंह ने बताया कि राहुल शुरू से हीं मेधावी छात्र रहा है। उसकी प्रारम्भिक पढ़ाई स्थानीय स्तर पर हीं हुआ है। राहुल कुमार सिंह ने मैट्रिक की परीक्षा 2013 में किशुन राज पब्लिक हाइस्कूल बलियारी से पास किए थे। जिसके बाद आईएससी वाराणसी के आदर्श इंटर कॉलेज वाराणसी से किए जिसके बाद बीएसी एग्रीकल्चर से 2020 में इलाहाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी से किए थे। जिसके बाद पीजी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद से किए। 2022 में 2024 नवम्बर को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से उद्यान विभाग में चयन हुआ था। वर्तमान में चंदौली में उद्यान विकास अधिकारी के पद पर पोस्टेड हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। राहुल सिंह के इस सफलता पर गड़ाखुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार,विनय कुमार सिंह सहित कई अन्य ने बधाई दिया है।

## जेपीएससी में रेजो गांव के पंकज यादव सफल



**मेराल।** प्रखंड के रेजो गांव निवासी पंकज कुमार यादव ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन का परीक्षा मे सफल होने के बाद उनका चयनित झारखंड वाणिज्य कर पदाधिकारी में किया गया है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, भाजपा नेता धनंजय चौधरी, इंजीनियर रोहित कुमार,एस बी अकैडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल के निदेशक मदन यादव सहित लोगों ने मिठाई खिलाकर और मां शायर देवी धाम का प्रतिमा भेंटकर बधाई दिया।

## तेजस्वी जायसवाल का झारखंड प्रशासनिक सेवा में चयन



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के निवासी तेजस्वी जायसवाल ने झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 23वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। तेजस्वी का चयन झारखंड प्रशासनिक सेवा में हुआ है, जिससे उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले तेजस्वी की यह सफलता असाधारण है। उनके पिता वीरेंद्र जायसवाल श्री बंशीधर नगर बाजार की एक दुकान में मुनीम के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने सीमित संसाधनों में भी अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी। तेजस्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने छोटे भाई पृथ्वी जायसवाल को दिया, जो वर्ष 2018 से भारतीय नौसेना में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में विशाखापट्टनम में कार्यरत हैं। उन्होंने न केवल आर्थिक सहायता की, बल्कि हर मोड़ पर तेजस्वी को प्रोत्साहन और मार्गदर्शन भी दिया। यह तेजस्वी का दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में वे प्रारंभिक परीक्षा में सफल नहीं हो सके थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार मेहनत करते हुए इस बार शानदार सफलता हासिल की। वे वर्तमान में घर पर रहकर ही अपनी तैयारी कर रहे थे। तेजस्वी की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू और चेहरे पर गर्व साफ झलक रहा है। तेजस्वी की यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने की जिद रखते हैं।

## जेपीएससी परीक्षा में सुधांशु ने पाई सफलता



**गढ़वा।** समाजसेवी दीपक तिवारी के बड़े भाई अरुण कुमार तिवारी के सुपुत्र सुधांशु रंजन का प्रारंभिक शिक्षा शहर के आर के पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें दसवीं वर्ग में 9.6 सीजीपीए के साथ सफलता ग्रहण किया। उसके उपरांत कॉमर्स लेकर ग्रेजुएशन के साथ पोस्टग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद कंपटीशन की तैयारी में लग गया। इसी कड़ी में अभी वर्तमान में नगर विकास एवं आवास विभाग में राजस्व निरीक्षक के पद पर नगर परिषद बिश्रामपुर में कार्यरत है। सुधांशु रंजन की जेपीएससी की यह दूसरी प्रयास है जिसमें सुधांशु रंजन को झारखंड एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस मिला है, जिसमें पूरे झारखंड में सुधांशु रंजन का 162वां रैंक है। बगैर किसी संस्थान में कोचिंग और ट्यूशन के खुद से मेहनत के बल परऔर परिवार जनों और बड़ों के आशीर्वाद से विशेष रूप से बाबा स्मृतिशेष ओंकार नाथ तिवारी हमेशा एक प्रेरणा के रूप में खड़े होकर प्रेरित करते रहे।साथ हीं गुरुजनों,मित्रो के साथ पिता श्री अरुण कुमार तिवारी ने अपने सीमित संसाधन में शिक्षा के गुर सिखाकर हमेशा हौसला बढ़ाया। जिसके परिणाम स्वरूप यह मुकाम हासिल करना सरल हो गया।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं को किया गया जागरूक

# थाना प्रभारी ने दी कानूनी व सामाजिक विषयों पर जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, भंडरिया में छात्राओं के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा ने विभिन्न सामाजिक, कानूनी और सुरक्षा संबंधी विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध, मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन धोखाधड़ी, ट्रैफिक नियमों, यौन उत्पीड़न, पॉसको एक्ट, बाल विवाह, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा अपराध की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के बारे में बताया कि कैसे सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग से ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। साथ ही ट्रैफिक नियमों के पालन, नशे से दूर रहने और समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे बाल विवाह के खिलाफ सजग रहने की अपील की। थाना प्रभारी ने पोकसो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न कानूनन अपराध है, और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है। उन्होंने छात्राओं को यह भी आश्वस्त किया कि किसी भी आपराधिक स्थिति में वे बेहिचक पुलिस से संपर्क करें, पुलिस उनकी हरसंभव मदद करेगी। विद्यालय प्रबंधन ने थाना प्रभारी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को जागरूक, सशक्त और आत्मविश्वासी बढ़ता है।

## यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान के तहत रमना प्रखंड के सिलिदाग पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को पंचायत टीबी फोरम की बैठक पंचायत के मुखिया अनिता देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित एसटीएस सुनील कुमार ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा से ग्रसित इलाजरत मरीजों को सरकार द्वारा पहले 500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि दिया जाता था,जिसे बढ़ाकर अब एक हजार रुपये कर दिया गया है उन्होंने उपस्थित सभी लोगो से इसकी जानकारी सभी लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान की सफलता में आप सबो का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग किया जायेगा। यदि किसी व्यक्ति में यक्ष्मा के लक्षण पाये जाते हैं तो उनका इलाज प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिये लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और यक्ष्मा मुक्त भारत बनावें। बैठक में एमटीएस विजय कुमार पाठक, एनसीडी संजय कुमार यादव, सहिया प्रमीना बीबी, विनोद चौरसिया, संजय कुमार मेहता, सबिता कुमारी, पूजा देवी, ऋतु सिंह, नीलम देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## तेली साहू महासंगठन ने किया रघुवार दास को सम्मानित

**गढ़वा।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा के द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का मां गढ़देवी का तस्वीर अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर के सम्मानित किया गया। रंका मोड गढ़वा के पास स्वागत किया गया। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा और भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, संरक्षक सुनील कुमार गुप्ता, मानिकचंद कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ राकेश रंजन गुप्ता, महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, विशाल कुमार गुप्ता, सूरज कुमार गुप्ता, चंदन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, जगनारायण प्रसाद गुप्ता, शिक्षक विकास कुमार गुप्ता, डॉ आलोक गुप्ता, चंदन गुप्ता, रूपेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, साइकिल दुकान रंजीत गुप्ता, डॉक्टर कौशल गुप्ता, सचिव राजबली गुप्ता, सुनील गुप्ता, अरुण गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में तेली साहू समाज के लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

## कांग्रेस कमिटी करेगी नगर कमिटी का गठन : राजेश ठाकुर

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा संगठन सृजन २०२५ के तहत गढ़वा जिला अंतर्गत तीन नगर निकायों, गढ़वा नगर परिषद, श्री बंशीधर नगर पंचायत, मझिआंव नगर पंचायत के प्रमुख कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक गढ़वा परिसदन में गढ़वा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता में की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रवेक्षक राजेश ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में कांके विधान सभा के विधायक सुरेश बैठा और प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलको उपस्थित रहे। मौके पर बोलते हुए प्रदेश ऑब्जर्वर, नगर निकाय श्री राजेश ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला के तीनों नगर निकाय कमिटियों का १२ सदस्य कमिटी नए सिरे से बनाना है। जिसमें 50% ओबीसी, एससी, एसटी, माइनॉरिटी, भागीदारी सुनिश्चित करना है। कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा संगठन सर्वोपरि है। जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में संगठन का अच्छा काम किया जा रहा है। मौके एससी मोर्चा सदस्यों द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर जी की स्थापित प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण, गढ़वा में अंबेडकर पार्क निर्माण का मामला नगर विकास विभाग में वर्षों से लंबित है।

### आंगनबाड़ी सेविका संघ की बैठक

# तीन सूत्री मांग को लेकर संघ 1 अगस्त को देगा धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक जिलाध्यक्ष कौशल्या देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी एक अगस्त को तीन सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय परिसर में होने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया। जिलाध्यक्ष कौशल्या देवी ने बैठक में उपस्थित सेविकाओं को हर हाल में धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने हक की लड़ाई खुद ही लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि हम सफल तब होंगे जब हम मिल कर लड़ेंगें। उन्होंने कहा कि हमारे प्रमुख मांगों में रिटायरमेंट के बाद एक मुश्त 5 लाख राशि का भुगतान, मानदेय के अनुसार पेंशन तथा पोषण ट्रेकर में फेस कैप्चर बंद करना शामिल है। बैठक में प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान,शैलेन्द्र पांडेय, उर्मिला देवी, गीता देवी, शशि देवी, सुशीला देवी,आशा देवी, सूर्यबंता देवी, उर्मिला देवी, आसमा खातून, रबीना खातून, दुर्गावती देवी,रीता देवी, पानपती देवी, सकुन्ती देवी, उषा देवी, शारदा देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं उपस्थित थी।

# छात्राओं को दी गई साइबर सुरक्षा व सामाजिक कुरीतियों की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी थाना अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, खरौंधी में शुक्रवार को छात्राओं के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्डन लक्ष्मी कुमारी समेत सभी शिक्षिकाएं, शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद रहीं।इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री केशरी ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव और समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव आदि के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ह्लआज के डिजिटल युग में छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सजग रहना बहुत आवश्यक है। कोई भी अनजान लिंक, अज्ञात कॉल या मैसेज से सतर्क रहें और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत परिजनों अथवा पुलिस को दें।ह्व महिला सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि ह्लमहिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं हैं। कानून उनके साथ है। किसी भी प्रकार की छेड़खानी, उत्पीड़न या डराने-धमकाने की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करें।ह्वसड़क सुरक्षा के संबंध में उन्होंने छात्राओं से कहा कि यातायात नियमों का पालन करना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट पहनना, जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करना, और मोबाइल फोन पर बात करते हुए सड़क पार नहीं करना जैसे नियमों को समझना जरूरी है।नशा मुक्ति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ह्लनशा जीवन को बबार्दी की ओर ले जाता है। यह सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हमें स्वयं भी इससे दूर रहना है और दूसरों को भी रोकना है। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी ने सभी छात्राओं से अपील की कि वे जागरूक बनें, समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं और किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। विद्यालय परिवार ने थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम का आभार प्रकट किया।

# बीडीओ ने दाल-भात केंद्र का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को केतार बाजार स्थित अम्बेडकर चौक के समीप संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र का निरीक्षण किया। बीडीओ के निरीक्षण में दाल-भात केन्द्र संतोषजनक स्थिति में नहीं पाया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि दाल-भात केन्द्र संचालित हो रहा है लेकिन बहुत कम लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। बीडीओ ने कहा कि जिला में बात कर इस केंद्र को दुसरे जगह पर संचालित कराने का प्रयास करेंगे ताकि अधिक-से-अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र पर गरीब, असहाय, मजदुर और जरूरतमंदों को मात्र पांच रूपए में भरपेट भोजन मिलता है। इस मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार, संचालिका रेखा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**सुझाव**

### नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के सुगम आवागमन को लेकर हुई अहम बैठक

# परिवहन व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गंभीर पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्र में भारी मालवाहक वाहनों (ट्रकों) एवं यात्री बसों के सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिचालन को लेकर आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने की। बैठक में यातायात प्रबंधन से जुड़ी प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान पर गहन चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, सिटी मैनेजर नगर परिषद ओमकार यादव, श्रम अधीक्षक संजय आनंद, ट्रांसपोर्ट यूनियन, व्यवसायिक संगठन, बाजार समिति एवं विभिन्न बस-ट्रक संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**हेल्पलाइन '112' की जानकारी**

बैठक में एसडीपीओ ने '112' हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति, अव्यवस्था अथवा यातायात समस्या की सूचना तत्काल इस नंबर पर दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### यात्री बसों को चौराहों पर नहीं रोके जाने का निर्देश

बैठक में डीटीओ श्री प्रकाश ने स्पष्ट किया कि नगर क्षेत्र में दिन-ब-दिन बढ़ रही भीड़ और यातायात जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अब किसी भी यात्री बस को शहर के चौक-चौराहों पर अधिक समय तक खड़ा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे यातायात का प्रवाह सुगम होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी। भारी वाहनों पर समयबद्ध प्रतिबंध नगर क्षेत्र में भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश को लेकर यह निर्णय लिया गया कि सुबह 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक ऐसे वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। इस अवधि में बाजार समिति सहित अन्य औद्योगिक संस्थानों में आवाजाही हेतु भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करना अनिवार्य होगा, जिससे शहर में ट्रैफिक का दबाव कम हो सके।

### मजदूर अधिकारों की रक्षा पर विशेष निर्देश

बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक आनंद ने मोटर परिवहन कर्मचारी अधिनियम, 1961 की जानकारी साझा करते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में अब बस चालकों, खलासियों एवं अन्य कर्मियों की दैनिक कार्य अवधि अधिकतम 8 घंटे निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ट्रांसपोर्ट मालिकों को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित हो सके। इस अधिनियम का उद्देश्य मोटर परिवहन उपक्रमों में कार्यरत श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करना है, जिसमें कार्य समय, वेतन, अवकाश एवं सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

### सामूहिक विचार-विमर्श एवं सुझाव

बैठक में ट्रांसपोर्ट यूनियन, बाजार समिति एवं व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं व सुझाव साझा किए। सभी पक्षों ने एकजुट होकर प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए शहर की परिवहन व्यवस्था को बेहतर और व्यवस्थित बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डीटीओ धीरज प्रकाश ने बैठक में कहा कि यह गढ़वा नगर क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को व्यवस्थित करने की दिशा में एक ठोस और सकारात्मक पहल के रूप में सामने आई है, आशा है कि इन निर्णयों के सफल कार्यान्वयन से आने वाले समय में नगरवासियों को एक सुलभ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था का अनुभव मिलेगा।

## हुटाप में वज्रपात से महिला घायल

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत हाका निवासी खुदी सिंह की पत्नी राजकुमारी देवी शुक्रवार की सुबह व्रजपात का हल्का झटका लगने से घायल हो गई। घटना के बाद परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा को इसकी सूचना दी। एम्बुलेंस के माध्यम से उसे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ तरुण जोश लकड़ा ने महिला का उपचार किया।

बताया गया कि व्रजपात से महिला को मामूली झटका लगा है। वह खतरे से बाहर है। घटना को लेकर महिला के पति खुदी सिंह ने बताया की दोनों पति पत्नी अपने घर मे बैठ कर खाना खा रहे थे इसी दौरान उसके बगल के सटे घर के बाहर वज्रपात हुआ जिससे राजकुमारी को झटका लगा। इलाज के उपरांत महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

### उपायुक्त ने की प्रगति कार्यों की समीक्षा

# अधिकारियों को दिए कई दिशा-निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नीति आयोग,भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, कौशल विकास के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की बिदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रथम एएनसी चेक अप शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। वहीं गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में कुपोषित बच्चों का सही से डाटा एंट्री करने, कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा , समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, संबंधित पदाधिकारी, पीरामल की टीम उपस्थित थे।

## जलाशय में डूबने से एक की मौत

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के अंजानवा जलाशय में नहाने गया एक व्यक्ति की मौत हो गयी। युवक की पहचान महेशा गांव के भुइयां टोली के कल्लू भुइयां के पुत्र मुकेश भुइयां 36 वर्ष के रूप में हुआ। जानकारी अनुसार वे प्रत्येक दिन की तरह अपने दो छोटी छोटी ममेरी बहन को लेकर जलाशय में नहाने गया था। इसी क्रम में गहरी पानी में डूब गया। पानी से नहीं निकलते देख दोनों बच्चियों ने शोर मचाते हुए इसकी सूचना घर में लाकर दी। सूचना पाते ही घर से परिजन व गांव वाले घटना स्थल पर पहुंच कर जलाशय से बाहर निकाला। इसकी सूचना मयूरहंड थाना को दिया। सूचना पाते ही मयूरहंड थाना प्रभारी आशीष प्रसाद ने शव को अपने कब्जा में लिया। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया। इसी जलाशय में पिछले वर्ष उनके पिता व पुत्री की मौत मछली पकड़ने के दौरान हो गया था। एक वर्ष के अंदर यह दूसरा घटना है।

# अधिवक्ता संघ चुनाव : 12 पदों के लिए 23 उम्मीदवारों का फैसला आज

- 102 मतदाता करेंगे अपना मताधिकार का प्रयोग

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** 26 जुलाई को लातेहार जिला अधिवक्?ता संघ के पदधारियों का चुनाव होगा. तैयारी पूरी कर ली गई है जिसमें 102 मतदाता 23 उम्मीदवारों का भाग का फैसला करेंगे इस आशय की जानकारी देते हुए चुनाव आयुक्त अनिल कुमार ठाकुर, संतोष रंजन व गणेश प्रसाद ने दी.चुनाव आयुक्त संतोष रंजन ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव के एक- एक, संयुक्त सचिव के दो (प्रशासनिक) व (पुस्ताकालाध्यक्ष) कोषाध्यक्ष व सहायक कोषाध्यक्ष के एक-एक तथा पांच कार्यकारिणी सदस्?यों के चुनाव के लिए मतदान किया जायेगा.। उन्होने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राजमणि प्रसाद व लाल अरविंद नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष के लिए पकंज कुमार व बासुदेव कुमार पांडेय, सचिव के लिए संजय कुमार व विक्रांत कुमार सिंह, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) के लिए बनवारी प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, मो अब्दुल सलाम व मिथिलेश कुमार, संयुक्त सचिव (पुस्तकालयाध्यक्ष) के लिए नरोत्तम कुमार पांडेय व नवीन कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष के लिए धीरेंद्र शुक्ला व प्रमोद पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष के लिए विवेक कुमार गुप्ता व स्वपनिल कुमार सिंह ने अपना-अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है.जबकि पांच कार्यकारिणी सदस्यों के लिए सविता साहू, रमण कुमार महतो, अरविंद कुमार गुप्ता, अनिल कुमार वर्मा, राजेश यादव, निरंजन प्रकाश मल्लान, वृंद बिहारी यादव ने अपना पर्चा दाखिल किया है। 26 जुलाई की सुबह नौ से अपराह्न एक बजे तक मतदान होगा और उसी दिन अपराह्न 2.30 बजे से मतपत्रों की गिनती की जायेगी।

### एक सप्ताह बाद भी नहीं पकड़े गए नगर मंदिर में चोरी करने वाले चोर

# सनातनियों को सड़क पर उतरने के लिए विवश ना करें पुलिस : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बीते 18 जुलाई को चंदवा के प्रसिद्ध नगर मंदिर में दान पेटी चोरी की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना न सिर्फ कानून व्यवस्था की दुर्दशा को दशार्ती है, बल्कि प्रदेश सरकार की धार्मिक आस्थाओं के प्रति संवेदनहीनता का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 24 फरवरी 2023 को मंदिर की दान पेटी को काटकर चोरी कर ली गई थी। ढाई वर्ष बाद भी इस घटना का भी अब तक उद्वेदन नहीं हो पाया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल की चोरी की घटना के एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरी का उद्भेदन कर पाई है और न ही दोषियों की पहचान या गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर जब एक सार्वजनिक मंदिर में जहाँ प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है, वहां की दान पेटी तक सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है। प्रतुल ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पुलिस के पास घटना को सुलझाने के लिए कॉल डंपिंग,टावर लोकेशन से लेकर एक से एक आधुनिक तकनीक मौजूद है फिर अभी तक घटना का उद्भेन क्यों नहीं हुआ है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सनातनियों का आक्रोश चरम पर है। इस घटना से सनातनियों की आस्था को बड़ा आघात पहुंचा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही घटना का उद्भेदन नहीं किया गया तो भाजपा सनातनियों के साथ सड़कों पर उतरकर जनता की आस्था के इस अपमान के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगी। पुलिस को चाहिए कि वह अविलंब चोरों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी करे।

# आरपीएफ जवानों ने नाबालिग बच्ची का किया रेस्क्यू

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय के नेतृत्व में रेल पुलिस बल के जवानों ने टोरी स्टेशन परिसर से एक 10 वर्षीय बच्ची का सफल रेस्क्यू किया है। इंस्पेक्टर श्री सहाय ने बताया कि गुरुवार की रात्रि करीब 8:45 बजे बच्ची अकेली प्लेटफॉर्म नंबर एक पर घूम रही थी जिस पर रेल पुलिस की टीम की नजर पड़ी। पूछताछ करने पर उन्होंने आप बीती आरपीएफ जवानों को बताई। बच्ची ने अपना पता अलौदिया पंचायत बताया। कहा कि वह गुरुवार को स्कूल आई थी, स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह ट्यूशन पढ़ने के लिए एक दीदी के घर गई थी, लेकिन ट्यूशन छुट्टी होने के कारण वह अपनी चाची के घर कुछ जरूरी कागजात लेने के लिए चली गई। वहां से घर जाने के क्रम में एक व्यक्ति आया व घर पहुंचाने बहाने उसे स्कूटी में बैठा लिया। चंदवा बाजार लाकर उसे एक चप्पल खरीद कर दिया व टोरी जंक्शन के पास छोड़ दिया। जिसके बाद आरपीएफ जवानों की नजर पड़ी जिसके बाद उसे रेस्क्यू किया गया। टोरी में महिला पुलिस पदाधिकारी नहीं होने के कारण आरपीएफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, स्थानीय प्रशासन एवं रेल के अधिकारियों के वार्ता के पश्चात भी महिला पदाधिकारी नहीं मिल पाई जिसके बाद रात्रि में ही बच्ची को अग्रतर कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन बरवाडीह को सुपुर्द कर दिया गया। बता दें कि 15 से 30 जुलाई तक बाल दुर्व्यपार के विरुद्ध विशेष अभियान चल रहा है। जिसके तहत रेल प्रशासन के द्वारा यात्रियों को लगातार जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है।

## मनीषा गुप्ता ने जेपीएससी परीक्षा में 86वां रैंक हासिल किया, क्षेत्र में हर्ष



**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में बालूमाथ की बिटिया मनीषा गुप्ता (निशु) ने 86वां रैंक हासिल कर कामयाबी का परचम लहराया है। शहर से सटे भामाशाह नगर निवासी विनोद साहू की पुत्री मनीषा गुप्ता को झारखंड प्रशासनिक सेवा की अफसर बनने में कामयाबी हासिल की है। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली मनीषा गुप्ता के पिता विनोद साहू साधारण व्यवसाई हैं। दो भाइयों के बीच मनीषा अकेली बहन है. मनीषा के एक भाई सूरज कुमार इंजिनियर हैं। मनीषा गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता माला देवी, पिता विनोद साहू, शिक्षक समेत सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान प्रेरित करने वाले लोगों व अपनी कड़ी मेहनत को दी है। मनीषा गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा बालूमाथ स्थित दून सेंट्रल एजुकेशन एकेडमी में हुई। मैट्रिक की परीक्षा रांची स्थित लोयला कान्वेंट स्कूल, इंटरमीडिएट डीएवी कपिलदेव से करने के पश्चात डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी से इंग्लिश ऑनर्स में ग्रेजुएशन व पीजी तक की पढ़ाई की। मनीषा की इस सफलता पर समाजसेवी प्रेम प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद, राजू गुप्ता, अरुण कुमार, हाजी जैनुल आबेदीन, जुनैद अनवर, मो इमरान, महेंद्र सोनी, जितेंद्र सोनी, महेंद्र रजक बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा समेत अनेक गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मनीषा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मनीषा के रिजल्ट की जानकारी मिलने के बाद ही घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोग मिलकर मनीषा को सफल होने पर बधाई दे रहे थे।

## जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अंजु माला लकड़ा का 290वां रैंक



**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती सेरक पंचायत निवासी किसान बुधराम उरांव की पुत्री अंजू माला लकड़ा ने जेपीएससी की 23वीं सिविल सेवा परीक्षा में परचम लहराते हुए 290वां रैंक प्राप्त कर प्रखंड समेत लातेहार जिले का नाम रौशन किया है। अंजू माला लकड़ा झारखंड प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुई है। इस सफलता को हासिल करने के लिए अंजू ने काफी संघर्ष किया है। अंजू के पिता बुधराम उरांव एक किसान है, जबकि माता राजो देवी गृहिणी। अंजू की प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार से हुई। यहां इंटर तक की पढ़ाई करने के बाद बीटेक की पढ़ाई की। बता दें कि अंजू माला लकड़ा वर्तमान में रोजगार सेवक के पद पर खलारी प्रखंड में कार्यरत है। इस सफलता पर अंजू ने कहा कि उसकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता, परिजन के आशीर्वाद, मित्रगण और हमेशा मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों के को जाता है। उन्होंने कहा कि यदि मन में ठान लिया जाए तो मनचाहा मंजिल जरूर मिलती है। वहीं अंजू के पिता बुधराम उरांव ने बताया कि उनकी बेटी अंजू बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। गरीबी को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर आज यह मुकाम हासिल किया है। बुधराम उरांव ने कहा कि उन्होंने बेटी को पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि गरीबी होने के बावजूद बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें।

## ताईकांडों नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने टीम जमशेदपुर रवाना

**लातेहार।** नेशनल ताइकांडो प्रतियोगिता अंडर- 19 मे भाग लेने के लिए विभा रानी शुक्रवार की सुबह जमशेदपुर के लिए रवाना हुई है. बताते चले कि लातेहार जिले से मात्र एक खिलाड़ी विभा रानी का नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है. विभा जिला परिषद सदस्?य विनोद उरांव की पुत्री है. श्री उरांव ने बताया कि नेशनल के लिए चयनित सभी खिलाड़ी 26-30 जुलाई तक कोचिंग कैंप केवी टाटा नगर मे रहेंगी. इसके बाद 30 जुलाई को बेंगलुरु कर्नाटक के लिए रवाना किया जाएगा. यहां दो से छह जुलाई तक नेशनल प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ी भाग लेंगे.नेशनल प्रतियोगिता केवी नंबर वन जलाहली बंगलुरू मे होगी. मौके पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि लातेहार जिले से मात्र विभा रानी को नेशनल प्रतियोगिता में चयन होना निश्चित रूप से जिले के लिए गर्व की बात है. उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को भी विभा रानी से प्रेरणा लेने की बात कही. उन्होंने विभा की बेहतर प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रौशन करने की बात कही. मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक, केंद्रीय विद्यालय लातेहार की शिक्षक नंदनी किरण, सुनील प्रसाद व अख्तर अंसारी मौजूद थे।

## चंदवा के शुक्रबाजार में हुआ डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन



**चंदवा।** अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्रबाजारटांड़ में शुक्रवार को डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी,विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक,बाबर खान, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, राम प्रसाद साहू, सत्येंद्र यादव, रवि डे व अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने कहा कि चंदवा में पहली बार डिजनीलैंड मेला का आयोजन किया गया है, जिसका लुत्फ उठाये। वहीं मेला संचालक मां काली इंटरप्राइजेज के सोनू कुमार ने बताया कि डिज्नीलैंड मेंले में बच्चों एवं युवाओं के लिए झूला, ब्रेक डांस, टोरा टोरा, नाव झूला, ड्रैगन,जादूगर, छोटे बच्चों का झूला व मीना बाजार समेत मनोरंजन के कई साधन भी उपलब्ध है। उद्घाटन के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो, राजेश साव, मुकेश साव, प्रेम नाथ गुप्ता, मुख्तार आलम, दीपक कुमार, पप्पू सिंह, कैश खान समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 8वीं के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकिय आदर्श मध्य विद्यालय के आठवीं क्लास के छात्र-छात्राओं के बीच 37 साइकिल का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान व प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विरेन्द्र भगत ने सयुंक्त रुप से किया ।मौके पर उपस्थित प्रखण्ड एम आई एस समन्वयक नितीश कुमार ने बातया की प्रखण्ड क्षेत्र के 38 विद्यालय मे कुल 1314 साईकिल प्राप्त हुआ है.जिसमे सभी साईकिलो को जल्द ही वितरण किया जाना है. प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी।इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। वही निःशुल्क साइकिल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्कूल आने-जाने में कई तरह की परेशानी होती थी, लेकिन अब साइकिल मिल जाने से आने जाने में परेशानी नहीं होगी। मौके पर सहायक शिक्षक मिथिलेश कुमार मेहता,राजेश कुजूर,राजीव कुमार सहित काफी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ओसीटीए क्लब ने किया पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मगध विस्थापित क्षेत्र के न्यू तिलैया टांड़ ओजा टोला में ओ सी टी ए क्लब द्वारा पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। पहली मुकाबला अमरवाडीह एवं बचरा के बीच खेली गई। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने बतलाया कि यह बीते वर्ष भी इस तरह का आयोजन किया गया था और इस बार भी यह टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में 16 टीम भाग लिए हैं। इस टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार बीस हजार की नगद राशि एवं एक ट्रॉफी दिया जाएगा। वहीं द्वितीय स्थान लाने वालों को 15000 तृतीय स्थान लाने वाले को 10000 एवं चौथा स्थान लाने वाले को 5000 एवं ट्रॉफी और मेडल दिया जाएगा। इस टूर्नामेंट को लेकर आसपास के ग्रामीण खिलाड़ी युवाओं के बीच काफी उत्साह देखी जा रही है और अच्छे खासे संख्या में खेल प्रेमी इस खेल को देखने के लिए आ रहे हैं। वहीं इस टूर्नामेंट में आयोजन समिति में अध्यक्ष दुर्गा उरांव एवं उपाध्यक्ष चंदन कुमार सचिव सुधीर साव, उपसचिव संजीत गंझू, कोषाध्यक्ष सुदामा गंझू आदि लोग अपना योगदान दे रहे हैं।

## कार पलटने से बाल-बाल बचे दो युवक, मुरपा में हुआ हादसा

**बालूमाथ(लातेहार)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा गांव के पास गुरुवार की देर रात को एक बड़ा हादसा हो गया।एक चलती कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में कार में सवार दोनों युवक मामूली चोटें आईं हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनसिंघा मुरपा निवासी रोहित कुमार उम्र 25 वर्ष पिता शामलाल यादव अपने एक साथी के साथ किसी आवश्यक कार्यवश मुरपा से भगिया की ओर जा रहे थे। रास्ते में अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हालांकि इस दुर्घटना में दोनों युवकों को सिर्फ मामूली चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच और बीच बचाव में लग गए। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता और सूचना देने की वजह से समय रहते राहत कार्य शुरू किया जा सका। पलटी हुई कार को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। जिससे मार्ग फिर से सुचारू रूप से चालू हो गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में कोई गंभीर घायल नहीं है। फिर भी मामले की गहन जांच की जा रही है।

## सुकरा उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुकुईया में गुरुवार की संध्या शहीद सुकरा उरांव स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। फाइनल मुकाबला चीता 11 खलारी और टोप्पो ब्रदर्स के बीच खेला गया। जिसमें टोप्पो ब्रदर्स ने दो गोल से फाइनल मैच जीत कर कप पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व समापन कार्यक्रम में अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया फिर राष्ट्रीय गान की धुन से फाइनल का भव्य शुभारंभ हुआ। कमिटी की ओर से सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बतादें कि लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत इस प्रतियोगिता के आयोजन में अपना सहयोग दिया वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के सहयोग पर कमिटी ने साधुवाद दिया। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार राशि का चेक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टॉप आठ टीमों को भी पुरस्कार देकर समानित किया गया। इस अवसर पर सअनि रंजय सिंह,उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव,मुखिया ललिता देवी,पंसस सुशीला तोपनो,झामूमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज,रिक्की वर्मा,संतोष राणा, प्रशांत सिंह और भी कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

**समस्या**

### औरंगा नदी पर पुल निर्माण की मांग

# बरसात में कैद हो जाते हैं चुंगरू पंचायत के 8 गांव के ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता



**गांवों तक नहीं पहुंच पाती है एंबुलेंस**

बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सबसे अधिक परेशानी होती है। पुल और सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण गांवों तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है। मजबूरी में गांव में लोगों को इलाज कराना पड़ता है।

**बेतला।** चुंगरू पंचायत में औरंगा नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से बरसात में 8 गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है। तेज बारिश होने पर नदी का जलस्तर बढ़ जाने से ओपाग, होशोर, गुआ, अमवाटीकर, नावाडीह, चहल, चुंगरू और हेहेगड़ा गांव के करीब 5 हजार लोग कैद हो जाते हैं। नदी में पानी कम होने पर वे गांव से बाहर निकल पाते हैं। इस पंचायत में पहले नक्सलियों का दबदबा था। नक्सलियों का प्रभाव कम होने पर सरकार ने विकास कार्य शुरू किए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2021 में लाभर से नावाडीह होते हुए अमवाटीकर तक सड़क और पुल-पुलिया का निर्माण शुरू कराया गया। यह काम एसएस कंस्ट्रक्शन को मिला। लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी न सड़क बनी और ना ही पुल का निर्माण हो सका। चहल से नावाडीह के बीच छलका पर पुल बनना था। लातेहार में नदी पार होने के लिए पानी कम होने का इंतेजार करते लोग। गौरतलब है कि दो साल पहले नावाडीह गांव की टेपीया देवी की मौत नदी पार करते समय तेज बहाव में बहने से हो गई थी। वहीं पिछले साल संतोष मेहता और दीपक साव की सवारी वाहन भी नदी के बहाव बहने से बाल-बाल बची थी। चुंगरू पंचायत नल-जल योजना भी पूरी तरह फेल है।

# जिला खेल स्टेडियम में रोजगार मेला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला में रोजगार की तलाश में अब तक भटक रहे अभ्यर्थियों को कल बहुत बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। जिला खेल स्टेडियम में नियोजनालय विभाग के द्वारा आयोजित की जा रही रोजगार मेला में झारखंड राज्य एवं बाहरी राज्य की कंपनियां 3500 लोगों को रोजगार देने का अवसर लेकर आ रही है। जिला नियोजनालय पदाधिकारी संतोष कुमार ने रोजगार के लिए भटक रहे अभ्यर्थियों के लिए इसे सुनहरा अवसर बताते हुए सारी दस्तावेजों के साथ कल 10 बजे इस मेला में भाग लेने की अपील की है। बता दे की जिला नियोजनालय विभाग के द्वारा जिला खेल स्टेडियम में रोजगार मेला का आयोजन शनिवार को किया गया है। इसमें महाराष्ट्र कर्नाटक उड़ीसा एवं झारखंड राज्य के तकरीबन 23 कंपनियां रोजगार का अवसर जिले के बेरोजगारों को रोजगार का अवसर प्रदान करेगी।

जिला नियोजनालय पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेला का लाभ पूर्व में लातेहार जिला नियोजनालय में रजिस्टर्ड है उन्हें और कल आयोजित होने वाली एक दिवसीय दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन करा कर भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सैलरी की यदि बात की जाए तो न्यूनतम पांच हजार और अधिककत्म 30 हजार रुपए है। वहीं कहीं कई कंपनियां सैलरी के साथ साथ रहने और खाने पीने की भी सुविधा उपलब्ध करायेगी। इस मेले में पांचवी पास से लेकर बीए, बीएड, एमएसी सहित अन्य योग्यता प्राप्त युवक भाग ले सकते है।

उन्होंने आगे बताया कि उनका प्रयास रहेगा की इस रोजगार मेला में जितनी रिक्तियां उन्हें प्राप्त हुई है उसे 70 प्रतिशत तक पूरा कर लिया जाए। तब जाकर वे इस रोजगार मेला को सफल मानेंगे। जिला नियोजनालय पदाधिकारी श्री कुमार ने रोजगार पाने की इच्छा रखने वाले उन सभी अभ्यर्थियों को इस अवसर में भाग लेने की अपील करते हुए अपने सभी दस्तावेजों के साथ इसमें भाग लेने का आग्रह किया है।

# भारत ग्लोबल साउथ के साथ एआई मॉडल साझा करने के लिए तैयार : केंद्र




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आईटी सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने के लिए तैयार है। कृष्णन ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता ग्लोबल साउथ के लिए नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) और मल्टीलिंग्वल एआई टूल्स के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकती है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के 'भाषांतर 2025' सम्मेलन में आईटी सचिव ने कहा, ₹अगर आप इसे भारत में कर सकते हैं, तो आप इसे व्यावहारिक रूप से दुनिया में कहीं भी कर सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने पहले एआई डेवलपमेंट के लिए भारत के सहयोगात्मक दृष्टिकोण में रुचि व्यक्त की थी, जिसके परिणामस्वरूप अब देश द्वारा ग्लोबल साउथ के साथ एआई मॉडल साझा करने के इरादे की सार्वजनिक घोषणा की गई है।

यह कदम भारत को दूसरे एआई इकोसिस्टम के लिए एक संभावित विकल्प के रूप में स्थापित करता है, जो मल्टीलिंग्वल, रिसोर्स-कंस्ट्रेन्ड एनवायरमेंट के लिए विशिष्ट समाधान प्रदान करता है।

भारत ने मिशन भाषिणी और 'अनुवादिनी' एप्लिकेशन के साथ इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साबित की है, जिसने क्षेत्रीय बोलियों को समझने पर जोर देते हुए ह्यूमन लैंग्वेज टेक्नोलॉजी (एचएलटी) को एडवांस किया है। एक सरकारी कार्यक्रम इंडियाएआई मिशन ने मल्टीलिंग्वल एआई सॉल्यूशन के विकास में शोधकर्ताओं और उद्यमियों की सहायता के लिए 400 से अधिक डेटाबेस वाला एक डेटा संग्रह 'एआई कोष' बनाया है। भारत ग्लोबल हेल्थकेयर और रिसर्च कम्युनिटी के लिए व्यापक डेटासेट बनाने के लिए आयुर्वेदिक ग्रंथों और ऐतिहासिक पांडुलिपियों सहित पारंपरिक ज्ञान का डिजिटलीकरण भी कर रहा है। अन्य देशों के विपरीत भारत का दृष्टिकोण शिक्षा जगत, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों में बहु-हितधारक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। सम्मेलन में, उद्योग जगत के नेताओं ने भारत की एआई महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया। गूगल में रिसर्च एंड एआई पार्टनरशिप्स एशिया-प्रशांत प्रमुख और फिक्की की बहुभाषी इंटरनेट समिति के सह-अध्यक्ष हर्ष ढांड ने सरकार और सार्वजनिक प्रसारकों से ऐतिहासिक डेटा अनलॉक करने और प्रयासों के दोहराव को रोकने के लिए रिसर्च संस्थाओं को जोड़ने का अनुरोध किया।

# रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बंद हुआ

**एजेंसी। मुंबई**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 15 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.55 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी की पूंजी निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर 86.59 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि स्थानीय मुद्रा सीमित दायरे में कारोबार कर रही है क्योंकि निवेशक नवीनतम वैश्विक व्यापार घटनाक्रमों पर विचार कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.59 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 97.60 पर आ गया।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा। आवश्यक सूचना। (नोटिस)

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां उर्फ फरेश भुईयां उर्फ अवधेश जी, पिता–बाबूलाल भुईयां, सा0–नावाडीह छोटका टोला (चकलवा) थाना–छीपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–20/2021, दिनांक–10.02.2021 धारा–147, 148, 149, 353, 323, 307, 511, भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट एवं 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध दिनांक–20.06.2025 को माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–20.07.2025 को इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब दिनांक–31.07.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

PR 358169 Police(25-26)D

पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

## कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत छत्तरपुर

**–ःआवश्यक सूचनाः–**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2025–26 तक ससमय भुगतान नही करने वाले होल्डिंगधारियो को नोटिस जारी किया गया था जिसमें कुल–81 वैसे होल्डिंगधारी है, जिनको नोटिस के बावजुद कार्यालय में होल्डिंग टैक्स का भुगतान अब तक नही हो सका है। उक्त होल्डिंगधारी 07 दिनो के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर के जन सुविधा केन्द्र मे आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें। अन्यथा झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम की धारा–184,186 के तहत बैंक खाता फ्रिज करने एवं अचल संपति को जप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी, जिसकी जिम्मेवार आप स्वंय होगें।

**बकायदार होल्डिंगधारकों की विवरणी निम्न प्रकार हैः–**

TOP 81 BIG DEFAULTER LIST, @ CHHATARPUR NAGAR PANCHAYAT

| sl_no | ward | holding_no | Demand_no | owner_name | guardian_name | mobile_no | property_address | from_dmd | amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | '0020000228000A1 | NOTICE269556 | SHUSHILA DEVI | AANANDI SAW | '6207448526 | CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 7940.00 |
| 2 | 3 | '0030000242000X1 | NOTICE269559 | MOHAN KUMAR | LATE BABU RAM SAW | '8603742301 | MAIN ROAD BARA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 14863.00 |
| 3 | 3 | '0030000251000D1 | NOTICE269561 | Bijay parsad | BHAGWAN SAW | '8789366518 | Chhatrpur | 1/2023-2024 | 12400.00 |
| 4 | 3 | '0030000218000M0 | NOTICE180782 | RISHIKESH KUMAR ANAND | Ramchandra prasad gupta | '9110910875 | BARA CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 12137.92 |
| 5 | 3 | '0030000271000X1 | NOTICE269563 | GOPAL PRASAD GUPTA | | '7273960690 | MAIN ROAD BARA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 10059.40 |
| 6 | 3 | '0030000180000A1 | NOTICE269565 | NIRANJAN PRASAD YADAV | GOPAL PRASAD YADAV | '7761818848 | BARA, CHHATTARPUR | 1/2020-2021 | 8566.04 |
| 7 | 3 | '0030000297000A1 | NOTICE180831 | SUNIL KUMAR | indradeo prajpati | '7488494946 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 7940.00 |
| 8 | 4 | '0040000741000A1 | NOTICE269564 | URMILA DEVI | RAMJANAM SAW | '6207533973 | BARA MAIN ROAD CHHATARPUR | 1/2020-2021 | 42412.00 |
| 9 | 4 | '0040000583000A1 | NOTICE269568 | RAJESH KUMAR SINGH | LATE VIJAY BHADUR SINGH | '7004088211 | BARA | 1/2024-2025 | 14093.00 |
| 10 | 8 | '0080000188000A1 | NOTICE180817 | Mahesh ram | SANYOGI RAM | '9798265330 | Chhtarpur | 1/2021-2022 | 8464.00 |
| 11 | 10 | '0100000227000X1 | NOTICE269582 | MOHAN KUMAR | BABU RAM | '8603742301 | LAXMI NAGAR SARAIDIH ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 18496.00 |
| 12 | 10 | '0100000343000A1 | NOTICE269530 | BASANTI DEVI | | '7751923221 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2020-2021 | 13584.00 |
| 13 | 10 | '0100000125000A1 | NOTICE269580 | RAVINDRA KUMAR SINGH | ANIL KUMAR SINGH | '7781921811 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2024-2025 | 13296.00 |
| 14 | 10 | '0100000351000A1 | NOTICE180785 | Ambika prasad singh | Lt Karmdev singh | '7463095843 | Laxmi nagar Chhatarpur | 1/2022-2023 | 11752.00 |
| 15 | 11 | '0110000433000X1 | NOTICE269584 | ARUN KUMAR SINGH ,Arvind singh | Kedarnath Singh ,late kedar nath singh | '7542568864, 7542568864 | Main road CHHATTARPUR PALAMU | 1/2023-2024 | 51924.00 |
| 16 | 11 | '0110000524000D1 | NOTICE269589 | DURGESH SINGH | S | '9315699036 | MAIN ROAD CHHATARPUR | 1/2023-2024 | 9864.00 |
| 17 | 11 | '0110000483000A4 | NOTICE269587 | Arvind kumar singh,ARUN KUMAR SSINGH | KEDARNATH SINGH | '9470542572, 7004840254 | CHHATARPUR | 1/2023-2024 | 9864.00 |
| 18 | 11 | '0110000405000A1 | NOTICE180760 | VINAY KUMAR | | '6202412905 | GOLAXMI CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2023-2024 | 9760.00 |
| 19 | 11 | '0110000500000A1 | NOTICE269593 | Pravin Kumar | | '6351240736 | MAIN ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 9696.00 |
| 20 | 11 | '0110000236000X1 | NOTICE269590 | GOPAL SINGH | SIYASARAN SINGH | '9905409047 | JAPLA ROAD CHHATTARPUR | 1/2023-2024 | 9676.00 |
| 21 | 11 | '0110000082000X1 | NOTICE269592 | JITENDRA KUMAR AND UPENDRA KUMAR | JAGDEV SAHU | '8340315651 | JAPLA ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 8966.88 |
| 22 | 11 | '0110000176000X1 | NOTICE269600 | HARENDRA KUMAR SINGH | RAJ KISHOR SINGH | '8969192488 | MAIN ROAD CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 8828.00 |
| 23 | 11 | '0110000417000A1 | NOTICE180837 | Shyambihari singh | | '9631304930 | Laxmi nagar chhatarpur | 1/2022-2023 | 8704.00 |
| 24 | 11 | '0110000006000X4 | NOTICE180774 | KASUALIYA DEVI | LT. GOPAS PRASAD GUPTA | '8102817796 | MAIN ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 7332.00 |
| 25 | 11 | '0110000453000X1 | NOTICE180802 | NIRANJAN KUMAR SINGH | TAL KISHOR SINGH | '7004862798 | CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 7096.00 |
| 26 | 12 | '0120000258000M0 | NOTICE269546 | AJAY KUMAR MISHRA AND SANJAY KUMAR MISHRA | RAJNANDAN MISHRA | '8084503824 | KHATIN CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 24154.56 |
| 27 | 12 | '0120000285000A4 | NOTICE269603 | MANOJ KUMAR GUPTA | SITARAM GUPTA | '7294170570 | CHHATARPUR | 1/2023-2024 | 12656.00 |
| 28 | 12 | '0120000373000A1 | NOTICE180780 | MANOJ KUMAR | KHAKHNU SAW | '8084424942 | GO LAXMI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 7444.00 |
| 29 | 12 | '0120000114000A1 | NOTICE269601 | SHEO PRASAD SAHO | SAKHI CHAND SAHU | '8340326421 | KHATIN CHHATARPUR | 1/2024-2025 | 7440.00 |
| 30 | 12 | '0120000361000A1 | NOTICE180797 | PANKAJ KUMAR | DEVNARAYAN SAV | '7488732276 | MAIN ROAD KHATIN CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 7160.00 |
| 31 | 13 | '0130000084000A1 | NOTICE183165 | FULWASIYA DEVI | BICHAN SAW | '9155990303 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 3/2023-2024 | 11175.00 |
| 32 | 15 | '0150000035000A3 | NOTICE269613 | SEEMA DEVI | SURESH KUMAR | '8809434274 | SARAMA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 11712.00 |
| 33 | 15 | '0150000050000A1 | NOTICE269552 | Sona devi | BAIJNATH PRASAD SAHA | '7979024424 | Chhtarpur | 1/2022-2023 | 8510.00 |
| 34 | 1 | '0010000117000A1 | NOTICE269497 | INDRADEV YADAV | LT. DIGESHWAR YADAV | '9771296772 | MADANPUR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2020-2021 | 5294.12 |
| 35 | 2 | '0020000176000A1 | NOTICE269562 | BASUDEV SAW | HARICHANDRA SAW | '9798699394 | MADANPUR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5918.00 |
| 36 | 2 | '0020000102000A1 | NOTICE269558 | NILESH PRASAD | NAGWAT RAM | '9166571784 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 5862.00 |
| 37 | 3 | '0030000279000A1 | NOTICE180813 | VIMLA SINGH | rameshwer singh | '7080086508 | BARA CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2022-2023 | 6960.00 |
| 38 | 3 | '0030000292000A1 | NOTICE183223 | SURENDRA KUMAR PASWAN | BIRJU DUSAD | '9304351328 | BARA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6352.00 |
| 39 | 3 | '0030000234000A1 | NOTICE269560 | VISHWANATH SAW | RAMKHELAWAN SAW | '7856843630 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5968.00 |
| 40 | 3 | '0030000283000A1 | NOTICE183234 | SANTOSH KUMAR SINGH | SHIVNANDAN SINGH | '7061084687 | CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 5956.00 |
| 41 | 3 | '0030000236000A1 | NOTICE269567 | NIRMAL DAS | | '8002039123 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 5224.00 |
| 42 | 3 | '0030000231000A1 | NOTICE146216 | surendra choudhary | LATE BINDESHWARI CHOUDHARI | '7004377266 | bara | 1/2021-2022 | 5080.00 |
| 43 | 4 | '0040000078000A1 | NOTICE146165 | SONA DEVI | SURAYDEV YADAV | '7366074825 | 1320 | 1/2021-2022 | 6982.20 |
| 44 | 4 | '0040000359000M0 | NOTICE146213 | KIRAN KUMAR SINGH | INDARDEV PRASAD | '8294389635 | RAMGARH CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6568.00 |
| 45 | 4 | '0040000677000A1 | NOTICE269570 | RADHA DEVI | RAMVILASH RAM | '7033802679 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6352.00 |
| 46 | 4 | '0040000572000A1 | NOTICE180786 | RAJ KUMARI DEVI | LALAN PRASAD SINGH | '8789545482 | RAMGARH CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 3/2023-2024 | 6168.00 |
| 47 | 4 | '0040000231000X1 | NOTICE269575 | SURAJDEV SAW | LATE LAKSHMAN SAW | '9905179645 | CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5680.00 |
| 48 | 4 | '0040000109000M0 | NOTICE146255 | RADHESHAWRI SINGH | LALI SINGH | '9560739921 | RAMGARH CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5252.00 |
| 49 | 4 | '0040000529000A1 | NOTICE146149 | KAMESHWAR PRAJAPATI | LATE MEGHAN PRAJAPATI | '9470592654 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 4910.00 |
| 50 | 5 | '0050000280000A1 | NOTICE183221 | Nagendra vishwakarma | SUDAMA MISTRY | '7250542907 | Ramgarh | 1/2021-2022 | 6480.00 |
| 51 | 7 | '0070000110000A1 | NOTICE269577 | KASHMIRA DEVI | | '7004464418 | MAIN ROAD MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 6488.00 |
| 52 | 7 | '0070000300000A1 | NOTICE183224 | Manoj kumar | LAKSHMAN YADAV | '8789065463 | Mashihani chhatarpur | 1/2021-2022 | 6264.00 |
| 53 | 7 | '0070000248000A1 | NOTICE146144 | KAUSHALYA DEVI | LAKSHMI NARAYAN GUPTA | '9798624445 | MASIHANI | 1/2024-2025 | 6160.00 |
| 54 | 7 | '0070000249000A1 | NOTICE269576 | ASHOK KUMAR THAKUR | LALLU THAKUR | '9471061268 | MASIHANI CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 6088.00 |
| 55 | 7 | '0070000027000A4 | NOTICE146223 | PRAMOD KUMAR SINGH | SARVDEV SINGH | '8580133304 | MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5032.00 |
| 56 | 8 | '0080000191000A1 | NOTICE269578 | JITENDRA KUMAR | MAHESH VISHWAKARMA | '9308005193 | MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5381.36 |
| 57 | 9 | '0090000064000A1 | NOTICE183225 | RAMRATI DEVI | LATE MAHABIR CHAUDHARI | '9153420942 | VILLAGE TOLA MANDEYA MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6348.00 |
| 58 | 10 | '0100000177000A1 | NOTICE183229 | NIKHIL KUMAR SINGH | GOPAL SARAN SINGH | '8447668312 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6348.00 |
| 59 | 10 | '0100000341000A1 | NOTICE183252 | NIRMALA DEVI | BRIJ KISHOR SINGH | '9431129067 | CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5196.00 |
| 60 | 11 | '0110000389000A1 | NOTICE269591 | Bijay parsad | BHAGWAN SAW | '8789366518 | Chhatrpur | 1/2023-2024 | 6696.00 |
| 61 | 11 | '0110000375000A1 | NOTICE269594 | Mahabir sharma,Gupteshwar vishwkarma,VIVEKANAND VISHWKARMA | Yadunandan vishwakarma,Yadunandan vishwakarma,Yadunandan vishwakarma | '7479409669, 7479409669, 7479409669 | CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 6215.00 |
| 62 | 11 | '0110000169000X1 | NOTICE269595 | DEEPAK KUMAR SINGH | LATE NANDKISHOR SINGH | '8271368772 | MAIN ROAD CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 6072.00 |
| 63 | 11 | '0110000416000A1 | NOTICE180769 | Gagarnath saw | | '7542078326 | SONAR MUHALLA CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2024-2025 | 6046.00 |
| 64 | 11 | '0110000393000X1 | NOTICE269544 | PARAS NATH GUPTA | SURYA MUKHI SAH | '9471584457 | MAIN ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 5768.00 |
| 65 | 11 | '0110000258000A1 | NOTICE269599 | MOHAN JAISWAL,KAMLESH KUMAR,SANTOSH JAISWAL,RAJESH JAISWAL | | '9304041290 | Main Road Chhattarpur Near Telephone Exange | 1/2024-2025 | 5576.00 |
| 66 | 11 | '0110000509000A1 | NOTICE269597 | Sanjay parsad | BHAGWAN PRASAD | '9304634917 | Chhatrpur | 1/2024-2025 | 5472.00 |
| 67 | 11 | '0110000475000A1 | NOTICE180812 | Balram prasad | LATE LAKHAN SAW | '7903324061 | Chhatarpur | 1/2023-2024 | 5304.00 |
| 68 | 11 | '0110000431000A1 | NOTICE183248 | SUMITRA DEVI | | '8709109487 | CHHATTARPUR | 1/2021-2022 | 5196.00 |
| 69 | 11 | '0110000477000A4 | NOTICE269609 | Kishori mohan pathak | JIVNANDAN PHATAK | '9693717728 | Chhatrpur | 1/2024-2025 | 5136.00 |
| 70 | 11 | '0110000382000A1 | NOTICE269605 | SHANTI DEVI | | '7903675715 | JAPLA ROAD CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5120.00 |
| 71 | 11 | '0110000207000A4 | NOTICE269602 | badri prasad | MAHABIR SAW | '8271139804 | masihahni | 1/2022-2023 | 5008.00 |
| 72 | 12 | '0120000118000A1 | NOTICE269607 | LAKHPATTI DEVI | JANADHAR KUMAR RAM | '9431050587 | MAIN ROAD KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 6824.00 |
| 73 | 12 | '0120000428000A1 | NOTICE269610 | Sita devi | MAHESHWAR RAM | '7202694891 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 5292.00 |
| 74 | 13 | '0130000323000A1 | NOTICE183236 | Shiv Prasad | lt puan saw | '8092191285 | Chhatrpur | 1/2021-2022 | 5500.00 |
| 75 | 13 | '0130000125000A1 | NOTICE269611 | SHIVPRASAD RAJKISHAN PASVAN | RAJKISHAN PASWAN | '6206353109 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2022-2023 | 5416.00 |
| 76 | 13 | '0130000149000A1 | NOTICE265489 | SHIVPATI DEVI | PUNESHWAR RAM | '8409176204 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2023-2024 | 4872.00 |
| 77 | 14 | '0140000281000M0 | NOTICE191156 | SATYNARAYAN PRASAD | DEVWANS SAHAY | '7903026662 | LOHRAHI CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 6064.00 |
| 78 | 14 | '0140000205000X4 | NOTICE269608 | SHAKUNTLA DEVI | girja ram | '8252277808 | LOHRAHI | 1/2022-2023 | 5480.00 |
| 79 | 15 | '0150000340000A1 | NOTICE180822 | MANKI RAM | | '6205494120 | KARMAKALAN, CHHATTARPUR | 1/2022-2023 | 6528.00 |
| 80 | 15 | '0150000141000A1 | NOTICE269612 | Sona devi | BAIJNATH PRASAD | '7979024424 | Chhtarpur | 1/2022-2023 | 5672.00 |
| 81 | 15 | '0150000382000A1 | NOTICE269615 | Urmila kuwar | LT PRAYAG SAW | '9523448988 | Karmakala | 1/2021-2022 | 4860.00 |
| | | | | | | | | | 706394.48 |

PR 358167 District(25-26)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छत्तरपुर

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
## जिला बाल संरक्षण इकाई

Email-dcpslatehar@gmail.com

### परिवार विहिन बच्चों के पालन–पोषण (Foster Care) करने हेतु इच्छुक दंपत्ति से संबंधित आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड रांची के संकल्प संख्या–912 दिनांक 22.03.2018 के आलोक में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत, जिले में पालन–पोषण देखरेख ;फोस्टर केयर) योजना संचालित है। इस योजना का मुख्य उदेश्य परिवार विहिन बच्चों को देखभाल प्रदान करने हेतु एक अस्थायी व्यवस्था है। ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता तो है लेकिन वो अपने बच्चों को किसी कारण परिवार आधारित देखभाल देने में सक्षम नही होते है या ऐसे बच्चे जो बालगृह में लम्बे समय से रह रहे हैं या ऐसे बच्चे जिनको दत्तक ग्रहण (गोद लेना) में नही भेजा जा सकता है, उन बच्चों को 18 वर्ष पुर्ण होने तक किसी अन्य परिवारों में पालन पोषण हेतु परिवार से जोड़ने हेतु सहायता प्रदान की जाती है।

**फोस्टर केयर हेतु पात्रता**

| पालक माता–पिता की पात्रता | बच्चो की पात्रता |
|---|---|
| 1. पति–पत्नी भारतीय तथा झारखंड का नागरिक हो।<br>2. पति–पत्नी दोनों की आयु का 35 वर्ष से अधिक होना तथा उनका षारीरिक, भावनात्मक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य होना।<br>3. भावी माता–पिता का कोई आपराधिक मामला नही हो। | 1. 6–18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे ।<br>2. जिनके माता–पिता ना हो।<br>3. जिनके माता–पिता बच्चों के समुचित देखभाल करने में असमर्थ हो। |

**बाल कल्याण समिति, लातेहार के आदेशानुसार जिन बच्चों को फोस्टर केयर में दिया जाना है विवरणी निम्नवत् है–**

| | |
|---|---|
| 1.**रमेश भगत** (काल्पनिक नाम)<br>उम्र–07 वर्ष<br>माता–अज्ञात<br>पिता– अज्ञात<br>पता– अज्ञात( वर्त्तमान में बालक रोज बालगृह, लातेहार में आवासित है।) | 2.**मो असलम** (काल्पनिक नाम)<br>उम्र– 09वर्ष<br>माता– अज्ञात<br>पिता– अज्ञात<br>पता– अज्ञात( वर्त्तमान में बालक रोज बालगृह, लातेहार में आवासित है।) |

पालन पोषण देखरेख (फोस्टर केयर) योजना अंतर्गत **इच्छुक पालक (माता–पिता)** जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय (जिला समाज कल्याण कार्यालय) विकास भवन समाहरणालय, लातेहार में आवेदन हाथों हाथ या रजिस्टर डाक के माध्यम से कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,**
**लातेहार।**

PR 358165 (Women, Child Development & Social Security) 25-26 (D)

## कार्यालय, नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)
## पताः-अनुमंडल कार्यालय,छतरपुर के पिछे,जिला-पलामू,झारखण्ड-822113,
## [E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

### छतरपुर बाजार/हाट बंदोबस्ती संबंधी आम–सूचना सं0–01/2025–26

छत्तरपुर नगर पंचायत अन्तर्गत छत्तरपुर सप्ताहिक मंगलवार बाजार और प्रत्येक दिन लगने वाले बाजार को बंदोबस्ती किया जाना है। बंदोबस्ती की गणना बन्दोबस्ती की तिथि से 31 मार्च 2026 तक के लिये किया जाएगा। दिनांक–06.08.2025 को पूर्वाहन 02:30 बजे नगर पंचायत कार्यालय, बारा छतरपुर के कार्यालय सभागार में खुली डाक बोली के द्वारा बंदोबस्ती/निलामी करते हुए अधिकतम डाकवक्ता को आवंटित की जायेगी। निलामी/बंदोबस्ती की शर्ते निम्नलिखित हैः–

1. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती की न्यूनतम राशि 4,47,500/–(चार लाख सौतालिस हजार पॉच सौ) रूपये निर्धारित है। इसके आगे डाकवक्ता द्वारा लगायी जानेवाली बोली का न्यूनतम अंतर 5,000/–(पॉच हजार) रूपये होगा।
2. जो व्यक्ति छतरपुर मुख्य बाजार या हाट बाजार हेतु खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेना चाहते है, वे अपना आवेदन दिनांक–05.08.2025 कार्यालय अवधि तक कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे अन्यथा उनकी पात्रता स्वतः समाप्त समझी जायेगी और वे डाक बोली/निलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।

(i) पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड अनिवार्य रूप से तथा वोटर आई0डी0कार्ड0 या ड्राईविंग लाईसेंस में से कोई एक।
(ii) स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र।
(iii) पैन कार्ड।
(iv) संबंधित जिला के उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक/अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र ।

3. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवेदक को स्वयं उपस्थित होकर भाग लेना होगा। निर्धारित समय के बाद उपस्थित नहीं होने पर वे खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।
4. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अथवा मो0 44,750/–(चौवालिस हजार सात सौ पच्वास) रूपये का भारतीय स्टेट बैंक/झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, छतरपुर के नाम से नगर पंचायत, लेखापाल/नाजीर के पास जमा करेंगे तभी डाक बोली में भाग ले सकेंगे।
5. जिस डाक वक्ता के द्वारा सबसे अधिक बोली लगायी जायेगी, उन्हें उसी दिन की संध्या–5:00 बजे तक डाक बोली की सम्पूर्ण राशि भारतीय स्टेट बैंक/झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। तत्पश्चात् उन्हें छतरपुर हाट बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश निर्गत किया जायेगा, अन्यथा उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करने पर उनके द्वारा डाक बोली के पूर्व जमा किये गये सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए क्रमशः अगले डाक वक्ता को उनके द्वारा लगायी गयी डाक बोली की सम्पूर्ण राशि जमा करने पर उन्हें छतरपुर हाट बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश निर्गत किया जायेगा।
6. बन्दोबस्तधारी का आवंटन आदेश निर्गत होने के पश्चात् बंदोबस्ती वसूली के समय Main Road पर आवागमन को किसी भी प्रकार से बाधित नहीं किया जाएगा। इसका उल्लंघन होने पर बंदोबस्ती रद्द कर दी जायेगी तथा बंदोबस्ती की राशि जप्त कर ली जायेगी।
7. बाजार हाट में जो दुकानदार जिस स्थान पर अपना दुकान पूर्व से लगाते आ रहे है, वे उसी स्थान पर स्वेच्छा से अपना दुकान लगायेंगे। बंदोबस्तधारी अन्यत्र दुकान लगाने हेतु उन्हें बाध्य नहीं कर सकते हैं।
8. बंदोबस्ती की गणना बंदोबस्ती की तिथि से उक्त अंकित तिथि के लिए किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् बंदोबस्ती का आवंटन आदेश स्वतः समाप्त समझा जायेगा।
9. छतरपुर बाजार बंदोबस्ती के पश्चात् किसी भी प्रकार के विवाद का निर्णय लेने की शक्ति कार्यपालक पदाधिकारी में निहित होगी। विवाद का निपटारा नहीं होने पर विवाद का अंतिम निर्णय नगर पंचायत के प्रशासक द्वारा लिया जायेगा, जो सर्वमान्य होगा।
10. छतरपुर बाजार/हाट में नियमित साफ–सफाई कराना होगा।
11. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती, छतरपुर हाट बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
12. उच्चतम डाक वक्ता को 4 प्रतिशत स्टांप डयुटी एवं 3 प्रतिशत निबंधन शुल्क की पावती जमा करना सुनिश्चित करेगें।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत,छतरपुर**

**PR 358168 District(25-26).D**

# 78% से ज्यादा रेलवे ट्रैक अब 110 किमी प्रति घंटे व उससे अधिक की गति के लिए अपग्रेड : वैष्णव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को संसद को बताया कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे नेटवर्क में बड़े पैमाने पर हुए सुधार के साथ, देश में 78 प्रतिशत से ज्यादा रेलवे ट्रैक अब 110 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक की गति के लिए अपग्रेड हो चुके हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रैक अपग्रेड के उपायों में 60 किलोग्राम की पटरियां, चौड़े बेस वाले कंक्रीट स्लीपर, मोटे वेब स्विच, लंबे रेल पैनल, एच बीम स्लीपर, आधुनिक ट्रैक रिन्यूअल और रखरखाव मशीनों का उपयोग शामिल है।

130 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक की अधिकतम गति क्षमता के लिए ट्रैक की लंबाई 2014 के 5,036 किमी से चार गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2025 में 23,010 किमी कर दी गई है, जो कुल ट्रैक लंबाई का 21.8 प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि पहले यह हाई-स्पीड सेक्शन कुल लंबाई का केवल 6.3 प्रतिशत था। इसी प्रकार, 110-130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति वाली ट्रेनों के लिए ट्रैक की लंबाई 2014 के 26,409 किलोमीटर से दोगुनी से भी ज्यादा बढ़ाकर 2025 में 59,800 किलोमीटर कर दी गई है, जो अब कुल ट्रैक नेटवर्क का 56.6 प्रतिशत है।इस तरह, जिन ट्रैक पर ट्रेनों की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से कम है, उनकी लंबाई 47,897 किलोमीटर से घटाकर 22,862 किलोमीटर कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पहले जहां 60.4 प्रतिशत ट्रैक नेटवर्क पर ट्रेनों की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से कम करनी पड़ती थी, वहीं अब इसे घटाकर 21.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने आगे बताया कि वर्तमान में भारतीय रेलवे नेटवर्क पर चल रही वंदे भारत ट्रेनें सेमी-हाई स्पीड ट्रेन सर्विस हैं, जिनकी डिज़ाइन गति 180 किमी प्रति घंटा और अधिकतम परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा है। ट्रेन की औसत गति ट्रैक की ज्यामिति, रास्ते में ठहराव और सेक्शन में रखरखाव कार्य पर निर्भर करती है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का पहला प्रोटोटाइप पहले ही तैयार हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि व्यापक फील्ड परीक्षणों और उससे प्राप्त अनुभव के आधार पर, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला रेक चालू किया जा रहा है।

## सोना-चांदी की कीमतों में मामूली गिरावट, दूसरे दिन कम हुए दाम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में गुरुवार के मुकाबले 450 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं, चांदी की कीमत भी 750 रुपए कम हो गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 492 रुपए कम होकर 98,388 रुपए हो गया है, जो कि पहले 98,880 रुपए था। इसी तरह 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 451 रुपए कम होकर 90,123 रुपए हो गया है, जो कि पिछले कारोबारी दिन 90,574 रुपए दर्ज किया गया था। 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 369 रुपए कम होकर 73,791 रुपए हो गया है, जो कि पिछले कारोबारी दिन 74,160 रुपए दर्ज किया गया था। चांदी की कीमत में 750 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके बाद चांदी की कीमत 1,14,342 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,15,092 रुपए प्रति किलो थी। वायदा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.65 प्रतिशत घटकर 98,080 रुपए और चांदी के 5 सितंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.32 प्रतिशत घटकर 1,14,762 रुपए थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। कॉमैक्स पर सोना करीब 0.89 प्रतिशत घटकर 3,343.60 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.44 प्रतिशत कम होकर 39.05 डॉलर प्रति औंस पर थी।

### सरकार व उद्योग जगत के बीच एक सहज संबंध

## 2047 के विजन के लिए साथ बढ़ना होगा आगे : डॉ. वीके पॉल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल ने शुक्रवार को कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नए स्वास्थ्य समाधानों और टेक्नोलॉजी का सत्यापन और परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि भले ही उत्पाद कम हों, वे परिवर्तनकारी समाधान होने चाहिए, जिसके लिए सरकार और उद्योग के बीच अधिक तालमेल की आवश्यकता होगी। नई दिल्ली में आयोजित भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिष्ठित डिजिटल हेल्थ समिट 2025 के चौथे संस्करण में डॉ. वी.के. पॉल ने कहा कि हमें रिप्रोडक्टिव और बाल स्वास्थ्य, कम्युनिकेबल रोग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही नॉन कम्युनिकेबल रोगों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और यह भी देखना चाहिए कि टेक्नोलॉजी इन रोगों की रोकथाम, पहचान और जांच में कैसे मदद कर सकती है। उन्होंने कहा, हमें टेलीमेडिसिन, कागज रहित व्यवस्था, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड आदि पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। क्योंकि सरकार और उद्योग जगत के बीच एक सहज संबंध है, इसलिए हमें मिलकर काम करना होगा और 2047 के विजन की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों के लिए व्यापक, गहन और अधिक रणनीतिक सोच की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य तकनीकों को तेजी से अपनाने और उनके स्मार्ट इस्तेमाल पर भी ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। इस प्रोग्राम की थीम पावरिंग डिजिटल हेल्थः विल इंडिया क्रिएट, कंप्लीट और कंप्लाई? रखी गई थी। इस उच्चस्तरीय उद्घाटन सत्र में, स्केलेबल हेल्थटेक, एआई-ड्रिवन केयर और डेटा-पावर्ड सॉल्यूशन की बढ़ती वैश्विक मांग के बीच, 2030 तक अनुमानित 40 अरब डॉलर के डिजिटल हेल्थ अवसर को प्राप्त करने के लिए भारत की तत्परता पर चर्चा की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि कोरोना के बाद मेडिकल सिस्टम को अपग्रेड किया गया, उस समय की तात्कालिकता के कारण टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया गया।


## Office of District Education Officer, Latehar
## Request for Proposals (RFP)

**Very short tender**

| Sl. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Request for Proposal (RFP) For Selection of Agency to Provide three times Meal to the 100 Students in Hostel of Gurukul Hostel Macko of Nagar Panchayat of Latehar District Block of Latehar |
| b. | Availability of RFP document at | DigitalCopy from https://jharkhandtenders.gov.in/, NIC Latehar |
| c. | Date of Issue of RFP | 24/07/2025 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 01/08/2025 till 5:00 pm |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 04/08/2025 at 11:00am |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | 04/08/2025 at 03:00pm |
| g. | Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | **INR 1,00,000/-(RupeesoneLakhonly)** Online |
| h. | TenderFee | **5,000/-(Rupees five ThousandOnly)Non-refundable(Online)** |
| i. | Address atwhich the tenders are to besu bmitted: | (https://jharkhandtenders.gov.in/ ) |
| j. | Method of Selection | **Cost-Based Selection(CBS)Method- Stage1:** Thee ligibility criteria documents as per Annexure -A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be short listed for further financial bid evaluation. **Stage 2:** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. **The Rate quoted by the agencies should bevalid for one year** |

**Note:** The District Education Officer reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly. Proposal smust be received no later than the time,and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the dead line will not be considered. The DEO Office, Latehar reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice /information.

**District Education Officer, Latehar**

**PR.NO.358207 Human Resource Developement(25-26):D**



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ................................../ दिनांक ................................ /

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 21/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 01.08.2025 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02.08.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.08.2025 को 3.30 बजे अपराहन ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1)कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। (2)अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय। (3)सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल,कोडरमा का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1)कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. **कार्य की विवरणी :–**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation & Beautification of JSBCCL PIU Office Koderma on First Floor Building Division Office Koderma Dist. | 8,26,400.00 | 1250.00 | 16600.00 | 1 Month |

**नोटः–** निविदा एवं परिमाण विपत्र क्रय करने की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

**PR 358187 Building(25-26).D**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या – 09/RI/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 25.07.2025

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केतार | RWD/GARHWA/ 20/2024-25 (2ND Call) | ग्राम योगियावीर में मुख्य पथ से चिकनही होते हुए योगियावीर पूरब टोला स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (2.250 कि0मी0) | 332.941 | तीन करोड़ बत्तीस लाख चौरानबे हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–13.08.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 358236 (Rural Work Department) 25-26 (D)


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

**76वीं औपबंधिक सुची**
**जिला–लातेहार (पार्ट–2)**

विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडीयन खाखा एवं अनिल मनोहर केरकेट्टा के द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान पर आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर।

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| 63. | 1. आवेदन क्र0–296/25<br>2. आवेदक–राजेन्द्र कुजूर , पिता –स्व0 मार्टिन कुजूर<br>3. ग्राम–कुरून्द , पोस्ट–महुआडांड, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–297/25<br>2. आवेदक–पंखरासिया लकड़ा , पति–स्व0 ग्रेगोरी कुजूर<br>3. ग्राम–चेत्मा , पोस्ट–अक्सी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायाँ हथेली पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–298/25<br>2. आवेदक–निमिना टोप्पो , पति–स्व0 नीरज मिंज<br>3. ग्राम–बन्दुआ चेत्मा , पोस्ट–अक्सी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–299/25<br>2. आवेदक–लालजीता कुजूर , पति–स्व0 तेलेस्फोर लकड़ा<br>3. ग्राम–चेत्मा , पोस्ट–अक्सी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायाँ हाथ में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–300/25<br>2. आवेदक–राहील किन्डो , पति–स्व0 वालटर कुजूर<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–301/25<br>2. आवेदक–दयवंती कुजूर, पति–स्व0 अल्बर्ट मिंज<br>3. ग्राम–हामी , पोस्ट–हामी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–302/25<br>2. आवेदक–बिमल तिर्की , पिता –जेवियर तिर्की<br>3. ग्राम–सिदरा , पोस्ट–महुआडांड, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–303/25<br>2. आवेदक–कामिल चेरमाको , पिता–विकोर चेरमाको<br>3. ग्राम–सिदरा , पोस्ट–महुआडांड, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–304/25<br>2. आवेदक–अनिल तिर्की , पिता–स्व0 ज्वाकिम तिर्की<br>3. ग्राम–बरटोली , पोस्ट–महुआडांड, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–305/25<br>2. आवेदक–फेदरिक टोप्पो , पिता–स्व0 अन्थोनिस टोप्पो<br>3. ग्राम–चम्पा , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–306/25<br>2. आवेदक–मिखाएल एक्का , पिता–स्व0 फुलजेस एक्का<br>3. ग्राम–कुरून्द , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ कान पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–307/25<br>2. आवेदक–सुशीला एक्का , पति–अन्तोनिश टोप्पो<br>3. ग्राम–बारदोनीकला , पोस्ट–दुरूप , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–308/25<br>2. आवेदक–बिरेन्द्र मिंज , पिता–स्व0 बेजमिन मिंज<br>3. ग्राम–कुरून्द , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–309/25<br>2. आवेदक–अजिता तिग्गा , पति–राज किशोर टोप्पो<br>3. ग्राम–डुम्बरडीह , पोस्ट–राजडंडा , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–310/25<br>2. आवेदक–खदिया टोप्पो , पिता–स्व0 बनुआ उराँव<br>3. ग्राम–रामपुर , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–311/25<br>2. आवेदक–फुलजेन्स एक्का , पिता–धनु एकका<br>3. ग्राम–अक्सी , पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–312/25<br>2. आवेदक–जुवेल टोप्पो , पिता–स्व0 सुना टोप्पो<br>3. ग्राम–सुग्गी , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ कलाई पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–313/25<br>2. आवेदक–स्टेफन केरकेट्टा , पिता–स्व0 दुखा केरकेट्टा<br>3. ग्राम–रेगाईबीचटोली , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–314/25<br>2. आवेदक–अलेकिसयुस कुजुर , पिता–स्व0 करलुस कुजुर<br>3. ग्राम–रेगाई , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–315/25<br>2. आवेदक–मूली तूरि , पिता–नमकू तूरि<br>3. ग्राम–चम्पा, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख पर गूमड़ का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–316/25<br>2. आवेदक–सिरिल लकड़ा , पिता–त्योफिल लकड़ा<br>3. ग्राम–चम्पा, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–317/25<br>2. आवेदक–खजिमुद्दीन , पिता–स्व0 कसिमुद्दीन<br>3. ग्राम–दीपाटोली, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल पर चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–318/25<br>2. आवेदक–प्रकाश कूजुर , पिता–स्व0 मिखाएल कूजुर<br>3. ग्राम–चम्पा, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–319/25<br>2. आवेदक–सिबरू मिंज , पिता–स्व0 लूईस मिंज<br>3. ग्राम–चम्पा, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–320/25<br>2. आवेदक–प्रदीप तिर्की , पिता–स्व0 बलेसेन तिर्की<br>3. ग्राम–चम्पा महुआटोली , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ कंधे पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–321/25<br>2. आवेदक–दुखना कूजुर , पिता–स्व0 बिफता कूजूर<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–322/25<br>2. आवेदक–किसुन महली , पिता–जितू महली<br>3. ग्राम–गठगांव, पोस्ट–चटकपुर, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–323/25<br>2. आवेदक–माइकल मिंज , पति–इसाक टोप्पो<br>3. ग्राम–चम्पा, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–324/25<br>2. आवेदक–भुनेश्वर बेक , पिता–स्व0 अगस्तु कुरा बेक<br>3. ग्राम–सरनाडीह , पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–325/25<br>2. आवेदक–तरूण बड़ाईक , पिता–स्व0 जोसेफ बड़ाईक<br>3. ग्राम–गंसा , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–326/25<br>2. आवेदक–जोसफा चेरमाको , पिता–स्व0 इलियस चेरमाको<br>3. ग्राम–सिदरा धवाईटोली , पोस्ट–महुआडांड, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–327/25<br>2. आवेदक–असारी देवी , पति–बासुदेव खेरवार<br>3. ग्राम–चम्पा, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–328/25<br>2. आवेदक–उर्मिला लकड़ा , पति–प्रभुदास लकड़ा<br>3. ग्राम–लूरगुमी खुर्द, पोस्ट–दुरूप, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–329/25<br>2. आवेदक–माइकेल कुजूर , पति–रैमोन मिंज<br>3. ग्राम–लूरगुमी कता, पोस्ट–दुरूप, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–330/25<br>2. आवेदक–मरियम ब्यात्रासी तिग्गा , पति–भलेरियानुस तिग्गा<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–331/25<br>2. आवेदक–हीरामनी हेमरोम , पति–मनोहर तिग्गा<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–45वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ कान पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–332/25<br>2. आवेदक–तर्सीला मिंज , पति–विलियम कुजूर<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ कपाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–333/25<br>2. आवेदक–कारमेल्ला मिंज , पति–ललजुवा कुजुर<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–334/25<br>2. आवेदक–विकास खाखा , पिता–स्व0 रतिया खाखा<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–335/25<br>2. आवेदक–दनियल कुजुर , पिता–स्व0 रोधा कुजुर<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–336/25<br>2. आवेदक–रंजीत टोप्पो , पिता–स्व0 भलेरियानुस टोप्पो<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–337/25<br>2. आवेदक–जुनस पंना , पिता–स्व0 ढोल्हा पंना<br>3. ग्राम–बरही, पोस्ट–बरही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–338/25<br>2. आवेदक–अलबर्ट टोप्पो , पिता–स्व0 स्तानिसलास टोप्पो<br>3. ग्राम–बरही, पोस्ट–बरही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–339/25<br>2. आवेदक–अलेकसियुस लकड़ा , पिता–स्व0 जिबरेल लकड़ा<br>3. ग्राम–बरही, पोस्ट–बरही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–340/25<br>2. आवेदक–विमल कुजूर , पिता–स्व0 लहरू कुजूर<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बरही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–341/25<br>2. आवेदक–रीता कुजूर , पति–अलकसीयुस लकड़ा<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह– गले पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–342/25<br>2. आवेदक–मंजूला मिंज , पति–विमल कुजूर<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–343/25<br>2. आवेदक–बसंती देवी , पति–स्व0 बेदू मुण्डा<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–344/25<br>2. आवेदक–सिविसित्यनी पन्ना , पति–जुनस पन्ना<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–68वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ कोहनी पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–345/25<br>2. आवेदक–एग्नसिउस टोप्पो , पिता–बीपा टोप्पो<br>3. ग्राम–करकाट, पोस्ट–बरही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के पास कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–346/25<br>2. आवेदक–प्रफुल्ला कुजूर , पति–अनिल मिंज<br>3. ग्राम–बराही, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–347/25<br>2. आवेदक–रेजिना देवी , पति–विक्टोर उराँव<br>3. ग्राम–केवरकी, पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–348/25<br>2. आवेदक–रेजीना तिर्की, पति–एग्नसियुस टोप्पो<br>3. ग्राम–करकाट पोस्ट–बराही , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–46वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–349/25<br>2. आवेदक–सुशीला देवी , पति–किसुन महली<br>3. ग्राम–गोठगांव, पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–48वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–350/25<br>2. आवेदक–जसिनता बड़ा , पति–निर्मल लकड़ा<br>3. ग्राम–उरूम्बी , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–48वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–351/25<br>2. आवेदक–रामनारायण उरांव , पिता–दुलुवा उरांव<br>3. ग्राम–लावागड़ा, पोस्ट–चिरू (ईचाक) , थाना–हेरहंज, प्रखण्ड–हेरहंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–352/25<br>2. आवेदक–सुशीला देवी , पति–रामावतार प्रसाद<br>3. ग्राम–कोरचा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–353/25<br>2. आवेदक–फुलो देवी , पति–शिबु उरांव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबा , थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–354/25<br>2. आवेदक–बालमुकुद उरांव , पिता–पारो उरांव<br>3. ग्राम–डोडांगीकलां, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–355/25<br>2. आवेदक–संतोष उरांव (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 चरवा उरांव (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–चेताग पंचफेडी , पोस्ट–झाबा , थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–34 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0– 356/25<br>2. आवेदक–राजमुनी मिंज, पति–जीवन कुजूर<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये आंख पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–357 /25<br>2. आवेदक–माइकेल खलखो, पति–फुलवन्त कुजूर<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0– 358 /25<br>2. आवेदक–फुलमनी केरकेट्टा, पति–प्रभुदास मिंज<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0– 358 /25<br>2. आवेदक–बसंती एक्का, पति–सुलेमान मिंज<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | PR 358149 (Home) 25-26 (D) | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"कोई भी कार्य करने से पहले उसका परिणाम सोच लेना हितकर होता है, क्योंकि हमारी आने वाली पीढ़ी उसी का अनुसरण करती है।" - छत्रपति शिवाजी महाराज जी

## संपादकीय

# ऑनलाइन भुगतान में अग्रणी अब डिजिटल साक्षरता चुनौती

भारत जिस तेज गति से वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है उसमें एक है कई देशों में भारतीय मुद्रा की स्वीकार्यता। अब यूपीआई से अनेक देशों में सीधे भुगतान किया जा सकता है। पहले साक्षरता चुनौती थी अब डिजिटल साक्षरता चुनौती है क्योंकि साइबर ठगों की बढ़ती संख्या के शिकार पढ़े लिखे लोग ज्यादा हो रहे हैं।भारत ने डिजिटल भुगतान में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, और यह गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इसे वैश्विक स्तर पर त्वरित भुगतान में अग्रणी माना है। जून, 2025 में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने 18.39 अरब लेनदेन के साथ 24 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में बत्तीस फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह उपलब्धि भारत की तकनीकी प्रगति को तो रेखांकित करती ही है, इससे यह भी पता चलता है कि कैसे एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे ने देश को नकदी-प्रधान से डिजिटल-प्रधान अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। यूपीआई, जिसे 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा शुरू किया गया था, की कामयाबी को महज आंकड़ों में नहीं, बल्कि उस सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के रूप में देखना चाहिए, जिसने भारत में बैंकिंग को आम आदमी की जेब में पहुंचा दिया है। अब गांव का किसान हो, या छोटे शहर का दुकानदार-बैंकों की लंबी कतारों में लगे बिना महज एक मोबाइल एप से भुगतान कर सकता है।

*यूपीआई ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और छोटे शहरों में भी वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है।*

जाहिर है कि इससे नकदी पर निर्भरता घटी है, पारदर्शिता बढ़ी है और छोटे कारोबारियों को डिजिटल पहचान भी मिली है। यूपीआई अब भारत में 85 फीसदी डिजिटल लेनदेन और वैश्विक स्तर पर लगभग 50 फीसदी रियल-टाइम डिजिटल भुगतानों को संचालित करता है। यह आंकड़ा तब और प्रभावशाली हो जाता है, जब हम देखते हैं कि प्रतिदिन होने वाले भुगतानों के मामले में इसने वैश्विक दिग्गज वीजा को भी पीछे छोड़ा हुआ है। यह उपलब्धि केवल नौ वर्ष में हासिल की गई है, जो भारत की तकनीकी नवाचार और कार्यान्वयन की गति को दर्शाती है। यूपीआई ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और छोटे शहरों में भी वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। जनधन योजना के तहत पचपन करोड़ से अधिक बैंक खातों ने लाखों लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। सस्ती इंटरनेट सुविधा व 5जी नेटवर्क के तेज विस्तार ने भी यूपीआई की पहुंच को व्यापक बनाया है। यूपीआई का प्रभाव केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि यह संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में भी कार्यरत है। अब भारत ब्रिक्स समूह में यूपीआई को एक मानक भुगतान प्रणाली के रूप में पहुंचाने की कोशिश कर रहा है और अगर ऐसा होता है, तो यह वैश्विक डिजिटल नेतृत्व में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। हालांकि, इस कामयाबी के साथ साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने की चुनौतियां भी हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता।

# मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीर सैनिक और हम

## कारगिल विजय दिवस पर विशेष



देश के वीर सैनिक देश का गौरव हैं, जो देश की रक्षा के लिए सदैव कर्तव्य पथ पर तैनात रहते हैं। चाहे कैसी भी आपदा या संकट हो, वे डरते नहीं हैं; चाहे चिलचिलाती धूप हो या खून जमा देने वाली ठंड, घने जंगल हो, ऊँचे पहाड़ हो या मानसूनी तूफान, देश का सैनिक अपनी भूमिका बखूबी निभाता है। कई स्थितियों में भूखे-प्यासे रहकर, असुविधाओं से जूझकर, मौत को आगे देखकर भी वह जवान कभी पीछे नहीं हटते, बहादुर सैनिक अपने कर्तव्य और देश की रक्षा के लिए शहीद हो जाते हैं। देश के वीर सैनिकों के प्रति जो सम्मान, आदर और गर्व हमारे मन में है, क्या उतना ही सम्मान देश के वीर सैनिकों के मन में हमारे लिए है? देश में हर दिन नए विवाद और नई समस्याएँ उत्पन्न होती नजर आती है। संगीन अपराधो का ग्राफ तो ऐसा तेजी से बढ़ रहा है कि, छोटे-छोटे बच्चे भी उनमें सक्रीय नजर आते है। रिश्तों को कलंकित करने वाली घटनाएं तो अब रोजाना ही देखने-सुनने मिलती है। लोगों के लिए मर्यादा, पवित्रता, सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता, विश्वसनीयता, सहनशीलता, स्वाभिमान, आत्मसन्मान जैसे शब्दों का मोल खत्म होकर लालच, द्वेष, उग्रता, धोखाधड़ी, झूठ, दिखावा, भ्रष्टाचार, अश्लीलता, चापलूसी, जालसाजी, कथनी-करनी में अंतर और स्वार्थ आ गया है। हर कोई अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण, समाज और देश को अनावश्यक रूप से खोखला करने का प्रयास कर रहा है। देश में लोगों की ऐसी परिस्थिति को देखकर वीर जवान को क्या महसूस होता होगा? क्या कभी लोगों के मन में वीर जवानों की भांति जीने का ख्याल नहीं आता। 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिवस उन भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करता है जिन्होंने पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। कारगिल विजय दिवस चुनौतीपूर्ण ऊँचाई वाली परिस्थितियों में लड़ने वाले जांबाज भारतीय सैनिकों के साहस, वीरता और बलिदान को दर्शाता है। यह दिवस भारत की अपनी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। कारगिल विजय दिवस राष्ट्रीय गौरव और स्मरण का दिवस है, जो वीरता और बलिदान की कहानियों से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। देश में ऐसे विजय दिवस हमें हर पल प्रेरित करते है, साथ ही यह भी गौरव होता है कि देश की सुरक्षा भारतीय सैनिकों के हाथों में महफूज है। लेकिन उनकी तुलना में जब हम अपने आसपास का वातावरण देखते है तो लगता है कि क्या, हम जैसे स्वार्थी लोगों के लिए देश का जवान सरहद पर इतनी तकलीफे सहता है।

नेता चुनाव के बाद 5 साल होते ही फिर जनता के बीच जाकर अभिनय कला शुरू कर देते है और चुनाव खत्म होते ही पूर्व की भांति हो जाते है, कई नेता तो चुनाव के प्रचार के वक्त आम जनता के घर, खेत और कार्यस्थल में जाकर भी लोगों के काम में हाथ बटाते हुए मीडिया में छाए नजर आते है। जनता को भोला कहे या मूर्ख, जनता जिस नेता को जनप्रतिनिधि चुनकर जनकल्याण के लिए 5 साल के कार्यकाल के लिए ऊंचे-ऊंचे पद पर विराजमान करती है, अगर वह नेता योग्य नीति से जनकल्याण कार्य करने में असफल होता है तो, उस नेता से जवाब पूछने में चुनकर देनेवाली जनता खुद ही डरती है। कितने लोग अपने नेता, सांसद, विधायक, पार्षद या अपने इलाके के संबंधित जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछते हैं या जवाब मांगते हैं? एक नेता जितना ऊंचा पद धारण करता है, वह जनता के प्रति उतना ही अधिक जिम्मेदार और जवाबदेह होता है। अगर देश के नेता अपनी जिम्मेदारी और फर्ज को पूरी सत्यनिष्ठा और देशप्रेम से वीर जवानों की भांति निभाए, तब देश में कोई समस्या ही नहीं रहेगी। मैं अपने जीवन के छोटेसे अनुभव को आप सभी के साथ सांझा कर रहा हूँ, मैं महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स का भी छात्र रहा, तब हम छात्र सैन्य कैंप में जाकर बहुत कुछ सीखते थे, दिसंबर की ठंड में जंगल के उस एनसीसी कैंप में रात भर हर छात्र की ड्यूटी 2 घंटे के लिए टेंट के बाहर सुरक्षा के तौर पर लगायी जाती थी, रात के 1 बजे या 3 बजे हो छात्र को नींद से जागकर, पूरी वर्दी पहनकर, तैयार होकर टेंट के बाहर हमें संत्री की ड्यूटी करनी पड़ती थी। 25 किलोमीटर लगातार जंगल ट्रैकिंग करना, अपने-अपने टेंट की जमीन को रोज गोबर से पोतना, विविध स्पर्धाओं में भाग लेना। सुबह 5 बजे उठकर, तैयार होकर रिपोर्टिंग करना, रोज बिना शिकायत के अपना पूरा काम खुद करना, तय समय पर नास्ता, दोपहर और रात का खाना खुले घास के मैदानों में बैठकर करना। दिनभर के काम से शरीर इतना थक जाता था कि लेटते ही गहरी नींद लग जाती थी, थोडीसी भी गलती पर सख्त सजा मिलती थी। देश के कोने-कोने से आने वाले छात्र अपनी विविध कला-कौशल का बेहतर प्रदर्शन करते थे। सामूहिक कार्य, सद्भावना, देशप्रेम, तत्परता, निष्ठा, लगन, मेहनत, समर्पण भाव का एक अनूठा संगम देखने मिलता था और उसका एक भाग बनकर गर्व होता था। वो दिन मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखा गए, जीवन में नियम और अनुशासन बेहद जरुरी है। समस्याओं की जड़ को समझने के बजाय लोग बाहरी आवरण को देखकर या झूठे दिखावे का शिकार होकर अपनी धारणाएं बनाकर समस्याओ को अधिक बढ़ा देते हैं। प्रत्येक के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ और योग्यता के अनुसार रोज़गार या व्यवसाय सेवा, एक मज़बूत देश की पहचान हैं। अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक हुए बिना हम बेकार की चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और आपस में लड़ते-झगड़ते हैं, जिनका हमारे जीवन से कोई संबंध नहीं होता। विश्वास नहीं होता लेकिन, समाज में 8-11 साल के बच्चे 4-5 साल की बालिका के बलात्कार में दोषी होने की घटनाएं हो रही है। अभिभावकों को बच्चों के साथ या उनके सामने कैसा व्यवहार करना है, यह तक पता नहीं है। मोबाइल, सोशल मीडिया, फैशन ने बच्चों से उनका बचपन, मासूमियत छीन ली है। वीर शहीद जवानों, महापुरुषों, क्रांतिकारी देश भक्त, समाज सुधारकों, पराक्रमी राजा-महाराजाओं की प्रेरणात्मक गाथा को जानने के लिए बजाएं आजकल फिल्मी सितारों, ऑनलाइन गेम्स, टाइम-पास मनोरंजन, फूहड़ता को देखने-जानने के लिए अपना कीमती समय गवांते हैं। लोग सिर्फ़ जीभ के स्वाद के लालच के कारण अस्वास्थ्यकर भोजन पसंद करते हैं। मानवीय आलस्य, नशाखोरी, प्रदूषण और मिलावट ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कमज़ोर कर दिया है, लेकिन लोग स्वास्थ्य महत्व नहीं देते, जो सबसे ज़रूरी बात है। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे एक दिन के लिए हम आम लोगों में देशभक्ति जागती है, खूब तिरंगे खरीदकर घूमते-फिरते, रैली निकालते है, देशभक्ति के गानों में सराबोर हो जाते है, खूब इंजॉय करते है और दूसरे दिन हमारे आसपास सड़कों पर, कूड़े में, जहा-तहा वे तिरंगे ध्वज खराब अवस्था में पड़े हुए होते है। देश के तिरंगे ध्वज को इतना सस्ता ना बनाओ कि खिलौने की भांति खेलकर दूसरे दिन वह कूड़े में मिलें। ध्वज की कीमत पैसे से नहीं अपितु देश के सम्मान से है, जिसकी कोई कीमत नहीं हो सकती। इसी तिरंगे की रक्षा और सम्मान की खातिर वीर जवान बलिदान देता है, फिर उस जवान की तुलना में हम लोग कहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## मध्यमवर्गीय के लिए वरदान 'रांची कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर'

रांची कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर झारखंड ही नहीं, बल्कि बंगाल, उड़ीसा और बिहार जैसे आसपास के राज्यों के लिए भी एक नवजीवन देने वाला केंद्र बनकर उभरा है। टाटा ग्रुप द्वारा संचालित है, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई के अनुभव और विशेषज्ञता को आधार बनाते हुए यहां की चिकित्सा प्रणाली को बेहद कुशल, मानवीय और किफायती बनाया गया है। यहां सभी उपचार और जांच सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। ब्लड टेस्ट, सीटी स्कैन, एमआरआई, बायोप्सी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी या सर्जरी हो हर सेवा आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ सुलभ है। झारखंड के अनेक गरीब और ग्रामीण परिवार इलाज की भारी भरकम लागत के चलते दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में जाने की हिम्मत नहीं कर पाते। कई बार तो समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मरीज दम तोड़ देते हैं। यहां न्यूनतम खर्च पर इलाज संभव है, जिससे कोई भी वर्ग का व्यक्ति यहां इलाज करा सकता है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत यहाँ इलाज की सुविधा मौजूद है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज बिना किसी खर्च के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज करवा रहे हैं। अब तक सैकड़ों मरीज इस योजना का लाभ लेकर पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं।स्टाफ और डॉक्टर्स न केवल तकनीकी रूप से दक्ष हैं, बल्कि उनमें संवेदनशीलता और मानवीयता भी कूट-कूट कर भरी हुई है। यहां का माहौल भय और तनाव के बजाय सहयोग, विश्वास और उम्मीद से भरा होता है। अस्पताल की साफ-सफाई और परिसर की हरियाली, रोगियों और आगंतुकों को एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। अस्पताल का प्रबंधन अत्यंत पारदर्शी है और मरीजों को कोई अनावश्यक आर्थिक दबाव नहीं डाला जाता। आने वाले समय में यह केंद्र झारखंड में ऑन्कोलॉजी एजुकेशन का हब बन सकता है। ऐसे अस्पतालों की सफलता समाज और शासन दोनों की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। जरूरत है कि राज्य और केंद्र सरकार, समाजसेवी संस्थाएं, और मीडिया इस केंद्र की उपयोगिता को उजागर करें ताकि झारखंड ही नहीं, पूर्वी भारत के हर कोने से मरीज यहां इलाज के लिए बेझिझक आ सकें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
निर्देशक, सहायक आचार्य

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता : एक क्रांतिकारी कदम



भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की अंतिम स्वीकृति ने न केवल वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को भी एक नई दिशा दी है। दोनों देशों के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने का फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। इस समझौते से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अमेरिका बल्कि अन्य देशों को भी भारत की मजबूत होती स्थिति का आइना दिखाया है, जो उनकी दूरगामी एवं कूटनीतिज्ञ राजनीति का द्योतक है। इस समझौते को मौजूदा दौर में दुनियाभर में जारी बहुस्तरीय तनाव, दबाव एवं दादागिरी की राजनीति के बीच एक बेहतर एवं सूझबूझभरी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुल्क के मोर्चे पर एक बड़ा द्वंद्व एवं संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत ने इस द्वंद्व के बीच झूकने की बजाय नये रास्ते खोजे हैं। निश्चित ही यह व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) महज एक कागज़ी करार नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को मूर्त रूप देने की ठोस रणनीति है। जहां एक ओर यह समझौता 99 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, कृषि व रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नई उड़ान देगा, वहीं दूसरी ओर छोटे उद्यमों, मछुआरों और किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे। मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाज़े खोलता है। खासकर ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए यह राहत का संदेश है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट मिल सकेगी। यह समझौता इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किए गए किसी दबाव के आगे भारत ने झुकना स्वीकार नहीं किया और उसने भारत-ब्रिटेन जैसे नये विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में भारत का वैश्विक व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है, जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा। इस करार के साथ, मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि जब नियोजित दृष्टिकोण, वैश्विक प्रतिष्ठा और साहसिक निर्णय साथ चलते हैं, तो भारत जैसे विकासशील देश भी वैश्विक मंच पर निर्णायक बन सकते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच सीईटीए के अस्तित्व में आने से एक नये आर्थिक सूर्य का उदय हुआ है, जिससे रोजगार सहित अनेक उन्नत राष्ट्र-निर्माण के अवसर सृजित होंगे। सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है। मोदी सरकार ने भारत को तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने के अपने संकल्प में नये पंखों को जोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वक्त उतारे आरती, वक्त लिखे इतिहास।
वक्त न उनको पूछता, वक्त न जिनके पास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# शतरंज की बिसात पर उगा भारत का नया सूरज दिव्या देशमुख

भारतीय शतरंज के आकाश में एक नया सूरज उगा है, जिसका नाम है दिव्या देशमुख। मात्र 19 वर्ष की उम्र में, इस युवा ग्रैंडमास्टर ने जॉर्जिया के बटुमी में चल रहे फिडे (अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ) महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में पहुंचकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया। वे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं, जिन्होंने न केवल देश का गौरव बढ़ाया, बल्कि विश्व शतरंज को एक नई प्रेरणा दी। लगातार तीन ग्रैंडमास्टरों को धूल चटाकर, दिव्या ने साबित कर दिया कि सपनों के पीछे अगर जुनून और मेहनत हो, तो कोई भी मंजिल असंभव नहीं। उनकी यह यात्रा केवल एक जीत की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय शतरंज की नई पीढ़ी का एक ऐसा गान है, जो हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देता है। दिव्या देशमुख की यह उपलब्धि भारतीय शतरंज के लिए एक मील का पत्थर है। फिडे महिला विश्व कप विश्व चैंपियनशिप चक्र का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां शीर्ष तीन खिलाड़ी 2026 के फिडे महिला विश्व कप टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करते हैं। फाइनल तक का उनका सफर न केवल उनकी तकनीकी कुशलता का परिचय देता है, बल्कि उनकी मानसिक दृढ़ता और दबाव में संयम को भी रेखांकित करता है। इस प्रक्रिया में, उन्होंने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की, जो विश्व चैंपियनशिप की दौड़ में एक बड़ा कदम है। सेमीफाइनल में उनका सामना था पूर्व विश्व चैंपियन और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज तान झोंग्यी से। यह मुकाबला किसी भी मायने में आसान नहीं था। झोंग्यी का शास्त्रीय शतरंज में दिव्या के खिलाफ 3-1 का रिकॉर्ड और उनकी अनुभवी रणनीतियां उन्हें एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनाती थीं। लेकिन दिव्या ने इस चुनौती को न केवल स्वीकार किया, बल्कि अपनी बुद्धिमत्ता और साहस से उसे परास्त कर दिखाया। पहले गेम में, काले मोहरों के साथ, उन्होंने क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड ओपनिंग के जवाब में संतुलित रणनीति अपनाई। मोहरों की तेज अदला-बदली के बाद, दोनों खिलाड़ियों के पास एक-एक रूक, एक-एक बिशप और तीन-तीन प्यादे बचे, जिसके चलते खेल ड्रॉ पर समाप्त हुआ। यह ड्रॉ अपने आप में एक जीत थी, क्योंकि यह दर्शाता है कि दिव्या ने अनुभवी झोंग्यी के खिलाफ दबाव को बखूबी संभाला। दूसरे गेम में, सफेद मोहरों के साथ, दिव्या ने अपनी आक्रामकता और रणनीतिक कौशल का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अलापिन सिसिलियन डिफेंस का सहारा लिया, जो उनकी सामान्य ओपन सिसिलियन रणनीति से हटकर था। यह अप्रत्याशित चाल झोंग्यी के लिए एक झटका साबित हुई। खेल के मध्य में, दिव्या ने लगातार दबाव बनाए रखा और झोंग्यी को गलतियां करने पर मजबूर किया। एक समय ऐसा लगा कि झोंग्यी वापसी कर सकती हैं, खासकर 32वीं चाल में, जब उनके पास एक रणनीतिक अवसर था। लेकिन समय की कमी और दबाव में, झोंग्यी ने गलत चाल खेली, जिसने दिव्या को दो प्यादों की बढ़त दिलाई। 101 चालों तक चले इस कठिन मुकाबले में, दिव्या ने धैर्य, समय प्रबंधन और रणनीति का शानदार नमूना पेश किया और अंततः जीत हासिल की। दिव्या की यह जीत केवल सेमीफाइनल तक सीमित नहीं है। उनकी टूर्नामेंट यात्रा एक प्रेरणादायक गाथा है। राउंड 4 में, उन्होंने विश्व नंबर 6 और दूसरी वरीयता प्राप्त झू जिनर को हराकर अपने इरादे जाहिर किए। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में, उन्होंने अपनी हमवतन और अनुभवी ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणवल्ली को रैपिड टाईब्रेक में 2-0 से मात दी। यह ऑल-इंडियन मुकाबला इसलिए भी खास था, क्योंकि यह अनुभव और युवा जोश का टकराव था, जिसमें दिव्या ने अपनी रणनीति और आत्मविश्वास से बाजी मारी। इन जीतों ने न केवल उनके तकनीकी कौशल को प्रदर्शित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि वे बड़े मंच पर दबाव को संभालने में माहिर हैं। 19 साल की उम्र में, दिव्या देशमुख ने साबित कर दिया कि वे भारतीय शतरंज की नई धड़कन हैं। उनकी यह उपलब्धि विश्व चैंपियनशिप की दौड़ में उन्हें एक मजबूत दावेदार बनाती है। उनकी जीत के बाद एक साक्षात्कार में, उन्होंने अपनी विनम्रता और आत्म-विश्लेषण की क्षमता दिखाई। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मैं और बेहतर खेल सकती थी। एक समय मैं जीत रही थी, लेकिन फिर यह जटिल हो गया। मुझे थोड़ा भाग्य मिला।" यह विनम्रता और सीखने की ललक उन्हें एक असाधारण खिलाड़ी बनाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भारत-यूके एफटीए से घरेलू अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मिलेगी मदद : आरबीआई गवर्नर



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से देश के कई सेक्टर्स को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी, इसमें मैन्युफैक्चरिंग से लेकर सर्विसेज इंडस्ट्री शामिल हैं। यह बयान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को दिया। आरबीआई के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बहुपक्षवाद का दौर अब पीछे छूट गया है और भारत को अब अन्य देशों के साथ भी ऐसे और मुक्त व्यापार समझौते करने की आवश्यकता है। मल्होत्रा ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा, "ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) ही आगे बढ़ने का रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता भी एडवांस स्टेज में है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि अन्य व्यापार समझौते भी वार्ता के विभिन्न चरणों में हैं। लंदन में आईएएनएस के साथ बातचीत करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई देशों के साथ व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चर्चाएं चल रही हैं। भारत ने ब्रिटेन के साथ एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के लिए अरबों डॉलर के अवसर खुलेंगे। वाणिज्य मंत्री ने कहा, न्यूजीलैंड, ओमान, चिली, पेरू और यूरोपीय संघ के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ भी अच्छी चर्चा चल रही है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इन सभी वार्ताओं के सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। भारत और अमेरिका की टीमों ने वाशिंगटन डीसी में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर से लागू होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। आरबीआई गवर्नर ने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) को एक 'ऐतिहासिक छलांग' करार दिया गया है। यह देश भर के श्रमिकों, किसानों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाएगा। मल्होत्रा ने आगे कहा कि यूके एफटीए भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में मददगार साबित होगा। इस समझौते के तहत कृषि क्षेत्र भी एक बड़ा फायदा है, जहां लगभग 95 प्रतिशत भारतीय कृषि उत्पादों को यूके में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी।

## भारत-यूके एफटीए के बाद ईयू से ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत 12 राउंड हुए पूरे : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत-यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने बाद सभी की निगाहें यूरोपीय यूनियन (ईयू) से होने वाली ट्रेड डील पर लगी हुई हैं। इसे लेकर केंद्र सरकार ने कहा कि एफटीए को लेकर ईयू से जून 2022 से बातचीत चल रही है और 12 राउंड की वार्ता पूरी हो चुकी है, जिसमें से आखिरी जुलाई 2025 में संपन्न हुआ था।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक प्रश्न के जवाब में राज्यसभा को लिखित में बताया कि यूरोपीय यूनियन को व्यापारिक निर्यात में पिछले पांच वर्षों में वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 41.36 बिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 75.76 बिलियन डॉलर हो गया है। सरकार ने कहा कि भारत और यूरोपीय यूनियन 2025 के अंत तक एक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अमेरिका को व्यापारिक निर्यात में भी पिछले पांच वर्षों में वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 51.6 बिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 86.5 बिलियन डॉलर हो गया है।

भारत ने ट्रेड वार्ता के सफल समापन के बाद, ब्रिटेन के साथ एक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। आने वाले महीने भारत के वैश्विक व्यापार संबंधों के लिए महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि सरकार यूरोपीय यूनियन और आसियान जैसे प्रमुख भागीदारों के साथ एफटीए को लेकर बातचीत तेज कर रही है।

सरकार के अनुसार, भारत-यूरोपीय यूनियन व्यापार वार्ता में, दोनों पक्षों ने वस्तुओं और सेवाओं के लिए अपने बाजार पहुंच प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया है। समझौते के कुछ हिस्सों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिन्हें 'चैप्टर्स' कहा जाता है, जबकि उन मुद्दों पर चर्चा जारी है जिन पर दोनों पक्ष असहमत हैं। अगले दौर की वार्ता सितंबर के पहले सप्ताह में भारत में होने की उम्मीद है। दोनों पक्ष इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए पहले एक अंतरिम संस्करण तैयार करने पर भी सहमत हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले महीने कहा था कि प्रस्तावित भारत-यूरोपीय यूनियन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मजबूत आर्थिक संबंधों और समावेशी विकास के भविष्य के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## होंडा और निसान मिलकर कर रही नया डिजिटल ब्रेन विकसित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होंडा और निसान कंपनियां अब मिलकर एक नया डिजिटल ब्रेन सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म विकसित कर रही हैं। इसका उद्देश्य भविष्य की स्मार्ट कारों को ज्यादा इंटेलिजेंट, कनेक्टेड और सॉफ्टवेयर-ड्रिवन बनाना है। यह साझेदारी न केवल पारंपरिक इंजन-आधारित प्रतिस्पर्धा से परे जाती है, बल्कि चीन की उभरती कंपनियों जैसे बीवायडी, नीयो और एक्सपेंग को टक्कर देने की रणनीतिक कोशिश भी है। इस प्रोजेक्ट में 10 अरब डॉलर से अधिक का संयुक्त निवेश किया जा रहा है, जो यह दर्शाता है कि अब वाहन निर्माण में हार्डवेयर नहीं, बल्कि डेटा और डिजिटल टेक्नोलॉजी प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इस गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत इसका साझा सॉफ्टवेयर कोर होगा, जो होंडा और निसान की कारों को एक जैसी डिजिटल रीढ़ पर आधारित बनाएगा। इससे न केवल विकास की लागत में कमी आएगी, बल्कि नए फीचर्स और अपग्रेड्स को तेजी से कारों में लागू करना भी संभव हो पाएगा। यह सॉफ्टवेयर सिस्टम महज म्यूजिक या नेविगेशन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी कार के संचालन में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। ड्राइविंग कंट्रोल, रियल टाइम अपडेट, डेटा एनालिटिक्स और सुरक्षा से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं अब इसी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित होंगी। दोनों कंपनियां डेटा पर पूर्ण नियंत्रण रखने की भी तैयारी कर रही हैं। वे अपने निजी डेटा प्लेटफॉर्म विकसित करेंगी, जिससे न केवल डेटा की सुरक्षा बेहतर होगी बल्कि ग्राहकों की प्राइवेसी भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

## अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी के छापों के बाद रिलायंस इन्फ्रा और पावर के शेयरों में लगा लोअर सर्किट



**मुंबई (आईएएनएस)।**

उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों के बाद रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर के शेयरों में शुक्रवार को लोअर सर्किट लगा, जिसके कारण दोनों कंपनियों के शेयर इंट्रा-डे में 5-5 प्रतिशत तक फिसल गए। ईडी की कार्रवाई शुरू होने के बाद दोनों कंपनियों में लगातार निवेशक बिकवाली कर रहे हैं और बीते दो कारोबारी सत्रों में शेयर 10 प्रतिशत से अधिक फिसल चुके हैं। ईडी की ओर से अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस ग्रुप के 35 से अधिक ठिकानों पर 3,000 करोड़ रुपए के यस बैंक लोन घोटाले मामले में छापे मारे गए थे। रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों ने बयान जारी कर खुद को जांच से अलग कर लिया है और कहा है कि ईडी की कार्रवाई मुख्य रूप से रिलायंस कम्युनिकेशंस और रिलायंस होम फाइनेंस से संबंधित है। ये दोनों कंपनियां अब उनसे किसी भी प्रकार से जुड़ी नहीं हैं।

दिन के कारोबार के दौरान, रिलायंस पावर का शेयर 5 प्रतिशत के लोअर सर्किट के साथ गिरकर 56.72 रुपए पर आ गया। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर भी 5 प्रतिशत के लोअर सर्किट के साथ 341.85 रुपए पर था।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के बाद, ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध की जांच शुरू कर दी है।

ईडी की प्रारंभिक जांच में बैंकों, शेयरधारकों, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों के साथ धोखाधड़ी करके जनता के पैसों को इधर-उधर करने/निपटाने की एक सुनियोजित और सोची-समझी योजना का खुलासा हुआ है। साथ ही, यस बैंक लिमिटेड के प्रमोटर सहित बैंक अधिकारियों को रिश्वत देने का अपराध भी जांच के दायरे में है। प्रारंभिक जांच में यस बैंक से (2017 से 2019 तक) लगभग 3,000 करोड़ रुपए के अवैध लोन डायवर्जन का पता चला है। ईडी ने पाया है कि लोन स्वीकृत होने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रमोटरों को पैसा दिया गया था। एजेंसी रिश्वतखोरी और लोन के इस गठजोड़ की भी जांच कर रही है।

## कार्यालय: जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार

ज्ञापांक:–  दिनांक:–

**व्यवसायिक वाहनों के परमिट प्राप्त करने हेतु वाहन स्वामियों, चालकों एवं संघ के पदधारियों के लिए आवश्यक सूचना**

लातेहार जिलान्तर्गत परिचालित व्यवसायिक वाहनों Jeep/Taxi एवं ऑटो रिक्शा के वाहन स्वमियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–29.07.2025 को 11:00 बजे पूवाह्न से जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार परिसर में उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर, पलामू द्वारा वाहनों के परमिट निर्गत करने हेतु एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया है। कैम्प में Jeep/Taxi एवं ऑटो रिक्शा वाहनों के आवश्यक कागजात यथा–निबंधन पुस्त, पथकर, इंश्यूरेंश, फिटनेस प्रमाण पत्र एवं पॉल्यूशन प्रमाण पत्र के साथ उक्त कैम्प में भाग लेकर अपने वाहन का परमिट बनवाना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त कैम्प के आयोजन के उपरांत सघन वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। बिना मार्ग (रूट) परमिट के परिचालित वाहनों को मोटरवाहन अधिनियम–1988 (यथा संशोधित) की धारा 192(A) एवं झारखण्ड मोटरवाहन करारोपण (संशोधित) अधिनियम 2011 की धारा 22(3) के तहत जब्त की जाएगी तथा सम्पूर्ण कर राशि एवं अधिरोपित दण्ड राशि वसूली के उपरांत ही वाहन को किया जायेगा।

(सुरेन्द्र कुमार)
जिला परिवहन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 358192 (Transport)25-26*D

## अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, चतरा

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की बिक्री हेतु दुकानों की बन्दोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के आलोक में खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती अगस्त 2025 में प्रस्तावित है। खुदरा उत्पाद दुकान की बन्दोंबस्ती में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक आवेदको को समुचित सुचना उपलब्ध कराने, उनके पृच्छओं के समाधान एवं उनके विचारों/सुझावों से अवगत होकर बन्दोबस्ती प्रक्रिया के पारदर्शी/सुअवगत तथा समावेशी क्रियान्वयन के उद्देश्य से दिनांक– 26.07.2025 (शनिवार) के **अपराह्न 03:30** बजे अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, पुराना कचहरी, चतरा में इच्छुक आवेदकों तथा संबंधित हितधारको के साथ विमर्श सत्र का आयोजन किया गया है।

जिले में आयोजित उक्त विमर्श सत्र को **Online Meeting** के माध्यम से मुख्यालय स्तर से संबोधित किया जायेगा तथा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आवेदन की प्रस्तावित प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी दी जायेगी। उक्त प्रस्तुतीकरण के क्रम में इच्छुक आवेदको तथा हितधारको के पृच्छाओं का निराकरण भी किया जायेगा। झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की बिक्री हेतु दुकानों की बन्दोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 की प्रति विभागीय वेबसाइट **excise. jharkhand .gov.in** से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक आवेदक एवं प्रतिभागी नियमावली के शर्त्तो से अवगत होकर सार्थक विमर्श में योगदान दे सकते हैं।

अधीक्षक उत्पाद,
चतरा।

PR.NO.358198 Excise(25-26):D

## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

76वीं औपबंधिक सुची जिला–लातेहार (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर , अर्जुन राम एवं विश्वनाथ प्रसाद द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–242/25 2. आवेदक–लाल सुधाकर नाथ शाहदेव, पिता–स्व0 अछयबर नाथ शाहदेव<br>3. ग्राम–एटे, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–243/25 2. आवेदक–अरूण कुमार दुबे, पिता–स्व0 दुखन दुबे<br>3. ग्राम–डूड़ंगि, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–244/25 2. आवेदक–मो0 इनायत करिम, पिता–असरफ मिया<br>3. ग्राम–केना, पोस्ट–कुरा लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–245/25 2. आवेदक–महेन्द्र तुरी, पिता–महराय तुरी<br>3. ग्राम–तुवेद, पोस्ट–कैमा लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के चौथी उंगली के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–246/25 2. आवेदक–अशोक कुमार पाण्डेय, पिता–मधुसुदन पाण्डेय<br>3. ग्राम–विशुनपुर, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट के तिलक स्थान पर मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–247/25 2. आवेदक–राजू रंजन प्रसाद, पिता–शम्भु शरण प्रसाद<br>3. ग्राम–शहिद चौक लातेहार, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बार्यी कांख पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–248/25 2. आवेदक–लाल मोती नाथ शाहदेव, पिता – लाल सुधाकर नाथ शाहदेव<br>3. ग्राम–एरे , पोस्ट–वारी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया पैर के घुटना में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–249/25 2. आवेदक–राम लाल उराँव(आश्रित पुत्र) , पिता – स्व0 चैता उराँव<br>3. ग्राम–तुवेद , पोस्ट–कैमा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–250/25 2. आवेदक–तजवा भगत , पिता –सोमा उराँव<br>3. ग्राम–तुवेद , पोस्ट–कैमा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–251/25 2. आवेदक–सुदामा प्रसाद साहु , पिता –जग्रनाथ साहु<br>3. ग्राम–स्टेशन रोड चटनाही , पोस्ट– लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के कलाई पर जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–252/25 2. आवेदक–फुलकुमारी देवी , पति –श्यामबिहारी यादव<br>3. ग्राम–होटवाग , पोस्ट–पोचरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग– महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–253/25 2. आवेदक–रिमोला तिग्गा , पति –मरायानुस तिग्गा<br>3. ग्राम–पाण्डेयपुरा , पोस्ट–पाण्डेयपुरा, लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग– महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–254/25 2. आवेदक–मनोज चौधरी , पिता –शत्रुधन चौधरी<br>3. ग्राम–कंचन नगर चन्दवा , पोस्ट– चन्दवा , थाना– चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–255/25 2. आवेदक–राजमुनि देवी , पति–तजवा भगत<br>3. ग्राम–तुवेद , पोस्ट–कैमा, लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग– महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के तलहथी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–256/25 2. आवेदक–सीला देवी , पति–जुगेश्वर लोहरा<br>3. ग्राम–आरागुण्डी , पोस्ट–टेमकी (लातेहार) , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग– महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–257/25 2. आवेदक–सनिया देवी , पति–मंगलदेव उरांव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी , पोस्ट–टेमकी (लातेहार) , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग– महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–258/25 2. आवेदक–मोहर यादव , पिता–महावीर यादव<br>3. ग्राम–होटबाग , पोस्ट–पोचरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–259/25 2. आवेदक–विजय कुमार दूबे , पिता–स्व0 वशिष्ठ नारायण दूबे<br>3. ग्राम–डुडंगीखुर्द , पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के उपर लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–260/25 2. आवेदक–अशोक प्रसाद , पिता–स्व0 अयोध्या प्रसाद<br>3. ग्राम–जालिमखुर्द , पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ठेहुना में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–261/25 2. आवेदक–बिरेन्द्र कुमार भारती , पिता–स्व0 देवनाथ भारती<br>3. ग्राम–बरवाटोली , पोस्ट–चंदवा, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–434/25 2. आवेदक–राजकेश्वर सिंह , पिता–स्व0 जगदेव सिंह<br>3. ग्राम–चुनगा, बांसडीह, पोस्ट–चांदो, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–435/25 2. आवेदक–विनय ठाकुर , पिता–स्व0 बैजनाथ ठाकुर<br>3. ग्राम–चेचरिया, पोस्ट–मुरपा, थाना–पाण्डू , प्रखण्ड–पाण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–436/25 2. आवेदक–हाबिल सुरिन , पिता–सिलास सुरिन<br>3. ग्राम–आरागड़ा , पोस्ट–मायापुर , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के ढेहुना पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–437/25 2. आवेदक–सुनील प्रसाद , पिता–द्वारिका प्रसाद साहू<br>3. ग्राम–चोरहा , पोस्ट–सरजू , थाना–सरजू , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–सीना पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर एवं नन्दलाल प्रसाद मेहता द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–95/25 2. आवेदक–अर्जुन यादव, पिता–स्व0 राजदेव यादव<br>3. ग्राम–ढोटी , पोस्ट–कल्याणपुर, थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–96/25 2. आवेदक–नन्द किशोर राम , पिता–स्व0 रटल राम<br>3. ग्राम–जाटा , पोस्ट–कल्याणपुर, थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–ढाड़ी पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सिकन्दर उरांव , पुष्कर महतो एवं रोजलिन तिर्की द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–438/25 2. आवेदक–मेनोन टोप्पो, पिता–स्व0 नैमन टोप्पो<br>3. ग्राम–तिगावल , पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–262/25 2. आवेदक–बिनोद कुजूर , पिता–पंखरासियुस कुजूर<br>3. ग्राम–कुरो कला , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती के बायें में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–439/25 2. आवेदक–बेर्नादेत टोप्पो, पति–मेनोन टोप्पो<br>3. ग्राम–तिगावल , पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–263/25 2. आवेदक–शान्ता सुमिता खलखो, पति–रंजीत खलखो<br>3. ग्राम–कुरो कला , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–264/25 2. आवेदक–थोमस कुजूर , पिता–जोसेफ उरांव<br>3. ग्राम–कुरो कला , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उरांव, पुष्कर महतो एवं रोजलिन तिर्की द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–265/25 2. आवेदक–अन्तोनियां तिर्की, पति–रंजीत टोप्पो<br>3. ग्राम–अम्बाटोली , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–266/25 2. आवेदक–ज्याति ब्रिजित टोप्पो, पति–फुलजेन्स टोप्पो<br>3. ग्राम–अम्बाटोली , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–267/25 2. आवेदक–अजित कुमार केरकेट्टा , पिता–मतियस केरकेट्टा<br>3. ग्राम–अम्बाटोली , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–268/25 2. आवेदक–फुलजेन्स मिंज , पिता–क्लेमेंट मिंज<br>3. ग्राम–अम्बाटोली , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के उपर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडीयन खाखा एवं अनिल मनोहर केरकेट्टा के द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान पर आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–269/25 2. आवेदक–जितेन्द्र उराँव , पिता–साधो उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी अरमु , पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–270/25 2. आवेदक–इसहाक खलीफा , पिता–सहेब्जन खलीफा<br>3. ग्राम–धनगारटोला , पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कपाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–271/25 2. आवेदक–रविन्द्र प्रसाद , पिता–स्व0 गणेश साह<br>3. ग्राम–गारू , पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–272/25 2. आवेदक–किशुन दयाल उराँव , पिता–कलया उराँव<br>3. ग्राम–लुहरटाँड , पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर छोटा जूमड़ का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–273/25 2. आवेदक–योगेन्द्र ओरो , पिता–स्व0 बिन्देसवर ओरो<br>3. ग्राम–धनगारतोल्ला , पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–274/25 2. आवेदक–असरीता कूजूर , पति–स्व0 ओलसन किंडो<br>3. ग्राम–सरनाडीह , पोस्ट–अक्सी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–275/25 2. आवेदक–सिम्फोजा बेग, पति–स्व0 दीपक आईद<br>3. ग्राम–चोरमंडा , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–276/25 2. आवेदक–मनजीत मिंज , पिता –स्व0 निकॉलश मिंज<br>3. ग्राम–अवरटोली , पोस्ट–बराही , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–277/25 2. आवेदक–जितेन्द्र मिंज , पिता –स्व0 अलकसियुस मिंज<br>3. ग्राम–हूरमुंडा टोली , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–नेतरहाट<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–278/25 2. आवेदक–संजय लकडा , पिता–बेनेदिक लकडा<br>3. ग्राम–हुसम्बु , पोस्ट–नेतरहाट, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–279/25 2. आवेदक–रंजीता तिर्की , पति–सुशील लकडा<br>3. ग्राम–हुसम्बु , पोस्ट–नेतरहाट, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–280/25 2. आवेदक–आना बड़ा , पति–स्व0 जुलियम मिंज<br>3. ग्राम–नवाटोली , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–281/25 2. आवेदक–अतुल मिंज , पिता–आलबर्ट मिंज<br>3. ग्राम–उरम्बी , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–282/25 2. आवेदक–समूवेल तिग्गा , पिता–स्व0 बौधा तिग्गा<br>3. ग्राम–बेलटोली , पोस्ट–बेलटोली , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–283/25 2. आवेदक–करलुस तिर्की , पिता–स्व0 सोमा पौलुस तिर्की<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–284/25 2. आवेदक–रोजिलिया एक्का , पति–गोलेमान तिर्की<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के पास काला तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–285/25 2. आवेदक–मोनिका कुजुर , पति–स्व0 जुस्टीन टोप्पो<br>3. ग्राम–खजूरतला , पोस्ट–अक्सी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–286/25 2. आवेदक–केल्मेसिया एक्का , पति–गौदेस केरकेट्टा<br>3. ग्राम–रेगाई , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठोढी पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–287/25 2. आवेदक–निलम टोप्पो , पति–संजय टोप्पो<br>3. ग्राम–खजूरतला , पोस्ट–अक्सी , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–288/25 2. आवेदक–जोहनी तोपनो , पति–रंजित तिग्गा<br>3. ग्राम–सिद्रा , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–289/25 2. आवेदक–किस्टीना बाड़ा , पति–स्व0 बेलसेन मिंज<br>3. ग्राम–रेगाई शिवनगर , पोस्ट–महुआडांड , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–290/25 2. आवेदक–अनिता लकड़ा , पति–ईसदोर मिंज<br>3. ग्राम–गोतागाँव, पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–291/25 2. आवेदक–सुखदेव उराँव , पिता–स्व0 रामवृक्ष उराँव<br>3. ग्राम–रूद , पोस्ट–कोटाम , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 र्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–292/25 2. आवेदक–ग्रेस तिग्गा , पति–पीटर तिर्की<br>3. ग्राम–परेवा , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हथेली में काला तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–293/25 2. आवेदक–हिल्दा मिंज , पति–जेरोम मिंज<br>3. ग्राम–धवाईटोली , पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–65वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–294/25 2. आवेदक–शान्ती क्लारा बेंग , पति–सिलास चोरांठ<br>3. ग्राम–माईल , पोस्ट–आराहंस , थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–295/25 2. आवेदक–रोमानुस लकडा , पिता–थोमस लकडा<br>3. ग्राम–हुसम्बू , पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य  (नरसिंह मुर्मू) सदस्य  (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358148 Home(25-26)#D

# देश में जन धन योजना से वित्तीय समावेशन को मिला बढ़ावा, अब तक जमा हुए 2.6 लाख करोड़

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके अब तक के कार्यकाल की प्रमुख योजनाओं में से एक जन धन स्कीम है, जिसने देश के गरीब परिवारों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद की है। प्रधानमंत्री जन धन योजना की वेबसाइट के मुताबिक, अब तक इस योजना का फायदा 55.90 करोड़ लाभार्थियों को दिया जा चुका है और जनधन खातों में 2,63,954.98 करोड़ रुपए की राशि जमा है। जन धन खातों ने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है और महिलाओं को भी सशक्त बनाया है। जन धन खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत है, जो इसकी पुष्टि भी करता है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने कहा था, ₹प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) का शुभारंभ भारत के वित्तीय समावेशन में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। जन धन योजना-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी ने सभी वयस्कों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास में बड़ी मदद की है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन गया है। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, जेएएम ट्रिनिटी ने डायरेक्ट बेनिफिटि ट्रांसफर (डीबीटी) कार्यक्रम को बढ़ावा दिया है। मनरेगा वेतन से लेकर उज्ज्वला योजना सब्सिडी और कोविड के दौरान आम लोगों को पैसा उपलब्ध कराने तक, इस योजना ने एक प्रमुख भूमिका निभाई है। बयान में आगे कहा गया कि आज, सभी गांवों में 99.95 प्रतिशत लोगों को बैंकिंग टचपॉइंट्स (बैंक शाखाओं, एटीएम, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) और भारतीय डाक भुगतान बैंकों सहित) के माध्यम से 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त है।

## पीएम विकसित भारत रोजगार योजना

# पहली बार नौकरी ज्वाइन करने वाले लोगों को एक अगस्त से सरकार देगी 15,000 रुपए

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ईपीएफओ के साथ पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को सरकार एक अगस्त से 15,000 रुपए की राशि पीएम विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत दी जाएगी। पीएम-वीबीआरवाई को पहले एम्प्लॉयमेंट-लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआई) स्कीम के रूप में जाना जाता था। केंद्रीय कैबिनेट ने इसे 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ मंजूरी दी थी।

मंत्रालय ने कहा, ₹ईपीएफओ के साथ पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को टारगेट करते हुए, इस योजना के तहत दो किस्तों में एक महीने का ईपीएफ वेतन 15,000 रुपए तक दिया जाएगा। इस योजना के तहत पहली किस्त नौकरी शुरू होने के छह महीने के बाद देय होगी और दूसरी किस्त 12 महीने की सर्विस और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। इस योजना के तहत एक लाख रुपए तक के वेतन वाले लोगों को टारगेट किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों में बचत करने की आदत को बढ़ाना भी है।

मंत्रालय ने कहा, प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए सेविंग इंस्ट्रूमेंट या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में इसे निकाला जा सकेगा। यह योजना नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजित करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है और इसका उद्देश्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है।

नियोक्ताओं के लिए, यह योजना सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को कवर करेगी, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा, नियोक्ताओं को 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्षों तक नियोक्ताओं को 3,000 रुपए प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक बढ़ाए जाएंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए ईपीएफओ-पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छह महीने के लिए निरंतर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) नियुक्त करने होंगे। मंत्रालय ने कहा कि पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भुगतान आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम (एबीपीएस) का उपयोग करके डीबीटी (डारेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) मोड के माध्यम से किया जाएगा, जबकि नियोक्ताओं को भुगतान सीधे उनके पैन-लिंक्ड खातों में किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि पीएम-वीबीआरवाई योजना का उद्देश्य दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

# भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक व व्यापार समझौता भारतीय किसानों और छोटे उद्योगों को बनाएगा सशक्त : पीएमओ



**मुंबई (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से शुक्रवार को ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) को लेकर कहा गया कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने एक आर्टिकल में बताया है कि दोनों देश के बीच यह समझौता कैसे भारतीय किसानों और छोटे उद्योगों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

पीएमओ की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कहा गया, केंद्रीय मंत्री गोयल के लिखे आर्टिकल में जानकारी मिलती है कि भारत-ब्रिटेन के बीच सीईटीए कैसे भारतीय किसानों के साथ-साथ छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाएगा और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना एक न्यूजपेपर आर्टिकल शेयर करते हुए बताते हैं कि यह समझौता भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाएगा, साथ ही रोजमर्रा के उपभोक्ताओं के लिए बेहतर कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने लिखा, यह समझौता इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि नया भारत किस प्रकार व्यापार करता है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आगे कहा, पीएम मोदी के गतिशील नेतृत्व में ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन सीईटीए पर हस्ताक्षर के अवसर पर, मैं लिख रहा हूं कि यह समझौता यूके में भारतीय उत्पादों और सेवाओं की बाजार पहुंच को किस प्रकार महत्वपूर्ण रूप से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में अहम होगा, जिससे रोजगार सृजन में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि हमारे किसानों, मछुआरों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), सेवा पेशेवरों, कारीगरों आदि को सशक्त बनाकर, यह व्यापक व्यापार समझौता नए द्वार खोलेगा, जिससे गुणवत्ता और उत्कृष्टता से युक्त भारतीय वस्तुओं को ब्रिटेन के बाजार में अधिक सफलता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा को आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया था कि थोड़े समय में ही प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के बीच महत्वपूर्ण चर्चा हुई।


**कार्यालय,उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु०जनजाति,अनु०जाति,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
E-mail- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट/ प्री मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट/प्री मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर पलामू जिला अन्तर्गत जिन छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का Status "Approved DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक 30 जुलाई 2025 तक निश्चित रूप से लिंक करा लें। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक 30 जुलाई 2025 तक सक्रिय (Active) करा लें। पोस्ट/प्री मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping/ आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2024–25 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। चूंकी 30 जुलाई 2025 के बाद ekalyan Portal बंद हो जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in Login पर क्लिक करना होगा, जिसके बाद आधार नं0 एवं Captcha Enter करने के बाद Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात् आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईल न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में Services & Schedule – Student Service & Schedule (Post-matric)- Check Status of your Aadhar Linked bank account number Click Here लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 358186 District(25-26).D



**कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, छत्तरपुर**
Add:- Near Sub- Divisional Office, Chhattarpur,
Palamu(JH)-822113,[Email:- np.chhattarpur2018@gmail.com]

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NPC/04/2025–26**

नगर पंचायत, छत्तरपुर द्वारा संचालित अर्बन आयुश्मान आरोग्य मंदीर में उपयोग हेतु निम्नाकिंत चिकित्सीय आपूर्ति (दवा एवं उपचार सामग्री) की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिश्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Particulars | Quoted Rate | Tender Fee | Last date and time of submission of document | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Amlodipine Tab. (5mg) | | 5000.00 | Date 02.08.2025 Time 2.00 P.M. | Date 02.08.2025 Time 3.00 P.M. |
| 2 | *Amoxicillin + Clavulinic Acid Tab.(625mg) | | | | |
| 3 | Azithromycin Tab. (500mg) | | | | |
| 4 | Aceclofenac+ PCM Tab (100mg + 325 mg) | | | | |
| 5 | *Calcium carbonate + Vitamin D3 Tab. (500mg) | | | | |
| 6 | *Cetrizine 10mg | | | | |
| 7 | *Diclofenac Sodium + PCM Tab. (50mg +325 mg) | | | | |
| 8 | Antispasmodic Tab ( Dicyclomine 20mg + PCM 325mg) | | | | |
| 9 | Domperidone Tab 10mg | | | | |
| 10 | Doxycycline Capsule 100mg | | | | |
| 11 | Ibuprofun+ PCM Tab | | | | |
| 12 | Fluconazole cap/tab | | | | |
| 13 | Glimepride Tab (2mg) | | | | |
| 14 | *Levocetrizine Tab( 5mg) | | | | |
| 15 | *Omeprazole + Domperidone (20+10mg) | | | | |
| 16 | Ofloxacin+ Orinidazole Tab (200 + 500mg) | | | | |
| 17 | *Paracetamol Tab (650 mg) | | | | |
| 18 | *Pantoprazole Tab (40mg) | | | | |
| 19 | *Montelucast + Levocetrizine Tab (10mg + 5mg ) | | | | |
| 20 | Telimisartan Tab (40 mg) | | | | |
| 21 | *PCM Syp (60ml) 250mg / 5ml | | | | |
| 22 | Antacid Syp (170ml) | | | | |
| 23 | *Amoxicillin Dry Syp (60ml) | | | | |
| 24 | Metformin SR Tab (500mg) | | | | |
| 25 | Glimepride Tab (2mg) | | | | |
| 26 | Cefixime Dry Syp. (30ml) 50mg/ 5ml | | | | |
| 27 | Povidone Iodine oint (15gm) | | | | |
| 28 | *Dr. Morpean Glucometer & Glucometer Strip of same company | | | | |
| 29 | B.p Appartus Machine | | | | |
| 30 | Eye drop – methyl cellulose | | | | |
| **SL. No.** | **Diagnostic Test** | **Product/ equipment required for testing** | | | |
| 01 | Hemoglobin | Digital hemoglobinmeter & strip | | | |
| 02 | Dengue/ Typhoid | Rapid card test for NS1 antigen and IGM and IgG Antibodies | | | |
| 03 | HbAg test for hepatitis B | Rapid card test | | | |
| 04 | Syphilis | Rapid kit | | | |

नोट :– नियम एवं शर्त कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर के सूचना पट्ट एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के वेबसाईट https://udhad.jharkhand.gov.in/ulb/Chhattarpur /Chhattarpur. aspx पर देखा जा सकताहै।

PR 358235 (District)25-26*D

प्रशासक, नगर पंचायत, छत्तरपुर



**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

76वीं औपबंधिक सुची जिला–लातेहार (पार्ट–3)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04. 2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडीयन खाखा एवं अनिल मनोहर केरकेट्टा के द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान पर आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 127. | 1. आवेदन क्र0– 359 /25 2. आवेदक–बेरोनिका एक्का, पति–पियुस खलखो<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायं पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0– 360 /25 2. आवेदक–शोभा लकड़ा, पति–खिस्तोफर मिंज<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0– 361 /25 2. आवेदक–बेर्नादित कुजूर, पति–सेलबेस्तर खलखो<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल पर काला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–362 /25 2. आवेदक–प्रभुदास मिंज, पिता–स्व0 पतरस मिंज<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड., प्रखण्ड–महुआडांड.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0– 363 /25 2. आवेदक–फुलमन्त कुजूर, पिता–स्व0 अगपित कुजूर<br>3. ग्राम–डांडकापू, पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–कान पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–364 /25 2. आवेदक–उमेश तिग्गा, पिता–स्व0 मिलायानुसा तिग्गा<br>3. ग्राम–पहाड़कपूर , पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–365 /25 2. आवेदक–भूषण तिर्की, पिता–स्व0 इसदोर तिर्की<br>3. ग्राम–डांडकापू. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर काला तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–366 /25 2. आवेदक–मिन्सेंट एक्का, पिता–बीरसाई एक्का<br>3. ग्राम–साले. पोस्ट–दुरूप, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0– 367/25 2. आवेदक–बहादुर एक्का, पिता–स्व0 कंदरू एक्का<br>3. ग्राम–औरांटोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आँख पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0– 368 /25 2. आवेदक–ब्लासियुस लकड़ा, पिता–तेरला बुधु लकड़ा<br>3. ग्राम–हरतुवा. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड., प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–369 /25 2. आवेदक–लालमनी कुजुर, पति–स्व0 फेदेलियुस टोप्पो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड., प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0– 370 /25 2. आवेदक–जेरमेना कुजुर, पति–जोर्ज टोप्पो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0– 371/25 2. आवेदक–सेबेस्तीयनी कुजुर, पति–जेरोम किण्डो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0– 372 /25 2. आवेदक–अनस्तसिया कुजुर, पति–स्व0 राजेश किण्डो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0– 373 /25 2. आवेदक–सुकमनी देवी, पति–अमीन मुण्डा<br>3. ग्राम–साहपुर. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया बाँह में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0– 374 /25 2. आवेदक–क्रेनससिया लकड़ा, पति–जुवेल कुजूर<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0– 375 /25 2. आवेदक–अनिमा एक्का, पति–सुमन कुजूर<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुठी पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0– 376 /25 2. आवेदक–सुसिला लकड़ा, पति–शांति कुजूर<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0– 377 /25 2. आवेदक–लालमुनी लकड़ा, पति–सुधीर टोप्पो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0– 378 /25 2. आवेदक–करोलीना तिर्की, पति–निर्मल कुजूर<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–379 /25 2. आवेदक–अनिल कुजुर, पिता–स्व0 थेओदोर कुजूर<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0– 380 /25 2. आवेदक–कतरीना खलखो, पति–बिलयम मिंज<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0– 381 /25 2. आवेदक–अंजेला केरकेट्टा, पति–जुवेल एक्का<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में काला दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–382 /25 2. आवेदक–बेरथा बखला, पति–प्रकाश खलखो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– राजडंडा, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–383 /25 2. आवेदक–एलोमिना खलखो, पति–जेम्स लकड़ा<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– राजडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–384 /25 2. आवेदक–फ्रांसिस टोप्पो, पिता–स्व0 मतियस टोप्पो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– राजडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0– 385 /25 2. आवेदक–जुबेल कुजूर, पिता–स्व0 अलक्सीयुस किण्डो<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– राजडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ का अंगुली पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0– 386 /25 2. आवेदक–जुवेल एक्का, पिता–स्व0 धनी एक्का<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– राजडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0– 387 /25 2. आवेदक–विलयम मिंज, पिता–स्व0 बजरू मिंज<br>3. ग्राम–डुमरडीह. पोस्ट– राजडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–388 /25 2. आवेदक–अजय कुजूर, पिता–स्व0 बेंजामिन कुजुर<br>3. ग्राम–जाता. पोस्ट– राजडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0– 389 /25 2. आवेदक–प्रमिला टोप्पो, पति–स्व0 एतवा टोप्पो<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट– चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–390 /25 2. आवेदक–खीस्टीना टोप्पो, पति–अल्फेड गिद्ध<br>3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने बाँह पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–391 /25 2. आवेदक–ओलिभा खलखो, पति–थेयोदोर टोप्पो<br>3. ग्राम–तेवाही, पोस्ट– हमीखास, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हथेली पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0– 392 /25 2. आवेदक–ज्योति मिंज, पति–सुरेश पन्ना<br>3. ग्राम–जाता, पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0– 393 /25 2. आवेदक–अगस्तीना टोप्पो, पति–लरंगसियुस पन्ना<br>3. ग्राम–जाता. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां सुपली पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0– 394 /25 2. आवेदक–सुनिता टोप्पो, पति–अजय कुजूर<br>3. ग्राम–जाता. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0– 395 /25 2. आवेदक–अलबिसिया कुजूर, पति–जोन कुजूर<br>3. ग्राम–जाता. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0– 396/25 2. आवेदक–मटील्डा पन्ना, पति–सिलबानुस तिर्की<br>3. ग्राम–जाता. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के बाये ओर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0– 397 /25 2. आवेदक–जोहानी खाखा, पति–स्व0 पंखासियुस लकड़ा<br>3. ग्राम–चेतमा. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया हाथ पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0– 398 /25 2. आवेदक–धर्मी मिंज, पति–जोन तिर्की<br>3. ग्राम–सरनाडीह. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0– 399/25 2. आवेदक–सलोमिना किण्डो, पति–अंधरियस बेक<br>3. ग्राम–उरूबी. पोस्ट– महुआडांड, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–400 /25 2. आवेदक–खीस्टीना तिर्की, पति–धमेन्द्र किण्डो<br>3. ग्राम–उरूबी. पोस्ट– अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–401 /25 2. आवेदक–नुकरेणसिया खलखो, पति–स्व0 स्तेफन एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट– चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर काला दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–402 /25 2. आवेदक–दयावन्ती कुजूर, पति–सुशील एक्का<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख में तील का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0– 403 /25 2. आवेदक–नीलम कुजूर, पति–निर्मल कुजूर<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–404 /25 2. आवेदक–बिरजो एक्का, पति–सिरिल एक्का<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–405 /25 2. आवेदक–सुन्दारी देवी, पति–नेमा किसन<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–406 /25 2. आवेदक–भगवती देवी, पति–मुकुंद बड़ाईक<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–407 /25 2. आवेदक–मालमाईट देवी, पति–किरन मुण्डा<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0– 408 /25 2. आवेदक–फिलीसिता खाखा, पति–फिलमोन तिर्की<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–कान के पास तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0– 409 /25 2. आवेदक–इलीजाबेद गिद्ध, पति–स्व0 जुबेल टोप्पो<br>3. ग्राम–चटकपुर. पोस्ट– चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आँख के बगल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–410 /25 2. आवेदक–रेबीना टोप्पो, पति–रोमन मिंज<br>3. ग्राम–गोठगांव. पोस्ट– महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0– 411 /25 2. आवेदक–लोरेसिया कुजूर, पति–कोरनेलियुस कुजूर<br>3. ग्राम–गोटठगांव. पोस्ट– महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–412 /25 2. आवेदक–अंजेला टोप्पो, पति–अथनस बखला<br>3. ग्राम–गोठगांव. पोस्ट– महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–413 /25 2. आवेदक–शांति बरवा, पति–अशोक केरकेट्टा<br>3. ग्राम–गोठगांव. पोस्ट– महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हथेली पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0– 414 /25 2. आवेदक–मंजु मिंज, पति–जोन कुजूर<br>3. ग्राम–चटकपुर. पोस्ट– महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–415 /25 2. आवेदक–आरण्य कु0 एक्का, पति–अथनस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट– चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–416 /25 2. आवेदक–हेलेना टोप्पो, पति–अरबिन्द एक्का<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0– 417 /25 2. आवेदक–सिलिना कुजूर, पति–दानियल कुजूर<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0– 418 /25 2. आवेदक–पतरिसिया टोप्पो, पति–उपेन्द्र एक्का<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0– 419 /25 2. आवेदक–कलीस्ता तिर्की, पति–सेलबेस्तर कुजूर<br>3. ग्राम–औंरा टोली. पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–420 /25 2. आवेदक–थेयोदर टोप्पो, पति–एरनेस टोप्पो<br>3. ग्राम–तेवाही. पोस्ट– हामी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–421 /25 2. आवेदक–रोबर्ट टोप्पो, पिता–स्व0 जोहन टोप्पो<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0– 422 /25 2. आवेदक–अन्ना मिंज, पति–स्व0 अमृत कुजूर<br>3. ग्राम–चैनपुर पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358151 (Home)25-26*D

# गौरवशाली उपलब्धि: जेपीएससी में जिले के दो लालों ने बढ़ाया मान, उपायुक्त ने किया सम्मानित

● गौतम गौरव ने जेपीएससी परीक्षा में राज्य में चौथा रैंक प्राप्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**


सम्मानित करते डीसी


गौतम गौरव

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के दो होनहार युवाओं ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 में शानदार सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। राज्य स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करने वाले गौतम गौरव और 96वां रैंक हासिल करने वाले कृष्णा कुमार शुक्ला को गुरुवार को उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने सम्मानित किया। उपायुक्त ने दोनों चयनित अभ्यर्थियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा, गौतम और कृष्णा जैसे युवा समाज के लिए आदर्श हैं। इनकी सफलता यह प्रमाणित करती है कि संसाधनों की कमी कभी भी रास्ते की रुकावट नहीं बन सकती, यदि इच्छाशक्ति और लगन प्रबल हो। बता दें कि गौतम गौरव, जो वर्तमान में लोहरदगा में मोटर वाहन निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, मूल रूप से सुदना, डाल्टनगंज (पलामू) के निवासी हैं। उन्होंने जेपीएससी परीक्षा में राज्य में चौथा रैंक प्राप्त किया है। उनके पिता राजेश कुमार मेहता और दादा रामकृत महतो हैं। गौतम गौरव ने अपनी सफलता को लेकर कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा यह रही कि मैं जिस जिले में कार्यरत हूँ, वहीं के छात्रों की मेहनत देख मैं भी प्रेरित हुआ। मैंने ठाना कि अनुशासन, निरंतरता और आत्मविश्वास के बल पर मैं भी प्रशासनिक सेवा में पहुंचूंगा। यह सफलता मेरे परिवार, जिले और यहां के युवाओं की जीत है। वहीं, कृष्णा कुमार शुक्ला, जो महात्मा गांधी पथ, कृष्णापुरी, लोहरदगा के निवासी हैं, ने 96वीं रैंक प्राप्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित विज्ञान भवन स्थित पुस्तकालय में नियमित अध्ययन कर यह सफलता अर्जित की। यह उनका दूसरा प्रयास था।

वही कृष्णा कुमार शुक्ला ने कहा की मैंने सिर्फ पढ़ाई ही नहीं की, खुद को मानसिक रूप से तैयार किया। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जिला पुस्तकालय में पढ़ते हुए कई बार हौसला डगमगाया, लेकिन परिवार और मित्रों का विश्वास बना रहा। उपायुक्त सर जैसे अधिकारियों का सहयोग भी प्रेरणादायक रहा। समारोह में जिला प्रशासन के कई अधिकारी, कर्मी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। दोनों सफल अभ्यर्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष और गौरव का वातावरण है।

## जलापूर्ति योजना के संचालन को लेकर समिति गठित, अध्यक्ष-सचिव का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी ने की, जिसमें बुटी पंचायत में निर्मित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के संचालन हेतु समिति का गठन किया गया।

गठित समिति में प्रमुख फुलझरी देवी को अध्यक्ष, उपप्रमुख पॉल पन्ना को उपाध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू को सचिव के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में विभाग द्वारा जलापूर्ति सेवा के लिए नाममात्र शुल्क तय किए जाने की जानकारी दी गई। यह शुल्क जल सहियाओं के माध्यम से संग्रह कर विभागीय कोष में जमा किया जाएगा। इसके लिए सभी जल सहियाओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय रूप से शुल्क संग्रह करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया कि मुखिया, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सरकारी कर्मचारी जैसे प्रभावशाली लोगों से पहले शुल्क वसूल किया जाए, ताकि आमजन में जागरूकता और अनुकरण का संदेश जाए। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता मनीष कुमार वर्मा, संबंधित पंचायतों के मुखिया, जल सहिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा बाइपास परियोजना में मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया तीव्र करें

# रैयतों को मुआवजा भुगतान में विलंब स्वीकार्य नहीं : डॉ ताराचंद

● भू-अर्जन की बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में भू-अर्जन संबंधित मामलों समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन पदाधिकारी को जिला के एनएच-143 ए अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के आलोक में नियमानुकूल मुआवजा की राशि जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा बाईपास पथ के लिए भूमि-अधिग्रहण का कार्य हो चुका है परंतु अब तक 100 फीसदी रैयतों को मुआवजा भुगतान नहीं होना स्वीकार्य नहीं है। अभी भी काफी संख्या में रैयतों के भुगतान का मामला लंबित है जिसमें भुगतान की गति को तीव्र करने की नितांत आवश्यकता है। लोहरदगा बाईपास व उसके आसपास सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाओं को पूर्ण किया जाना है। लोहरदगा जिला के विकास के लिए सभी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में भूमि-अधिग्रहण के उपरांत रैयतों का ससमय भुगतान अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि एनएच-143 ए पर लोहरदगा बाईपास परियोजना सरकार की महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना में विलंब के लिए जिला में किसी भी स्तर से लापरवाही क्षमा योग्य नहीं है। इसलिए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जल्द सम्पन्न कराएं ताकि परियोजना समय पर पूर्ण हो सके। जिन रैयतों का अभिलेख सत्यापित हो चुका है उनका भुगतान करें। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा उक्त परियोजना में रैयतों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए मौजावार आयोजित किये जा रहे शिविर की जानकारी दी। उपायुक्त ने एनएच 75 अंतर्गत कुडू-उदयपुरा पथ परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण व भुगतान के वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा परियोजनाओं के लिए भूमि की अधियाचना की समीक्षा की गई और उक्त परियोजना के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर व सभी अंचल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल आज से होगा शुरू, कुरआन ख्वानी से हुआ रूहानी आगाज़



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा ।** लोहरदगा वासियों के लिए एक बेहद सुखद और ऐतिहासिक पल जल्द दस्तक देने वाला है। वर्षों से प्रतीक्षित अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल अब पूरी तरह तैयार है और बहुत जल्द आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत रूहानियत और दुआओं के साए में हुई, जब शुक्रवार को हॉस्पिटल परिसर में कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया।इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने जानकारी दी कि हॉस्पिटल संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और समाज के जरूरतमंदों को बेहतर इलाज मुहैया कराना इसका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने बताया कि औपचारिक रूप से हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज की शुरुआत 26 जुलाई शनिवार से शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन विधिवत उद्घाटन भी जल्द की जाएगी। कुरआन ख्वानी कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया के नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, जफर इमाम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मदरसा हज़रत बाबा दुखन शाह के मोहतमिम कारी शफीक साहब के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चे भी इस अवसर पर शरीक हुए।

हॉस्पिटल प्रबंधन टीम ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं। हॉस्पिटल के जल्द शुरू होने से लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को एक नई दिशा मिलेगी। यह सिर्फ एक हॉस्पिटल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल बनेगा।

## पिछड़ी जाति की एकता और उचित आरक्षण हमारी प्राथमिकता : धीरज प्रसाद साहू



**लोहरदगा।** नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व द्वारा आयोजित 'भागीदारी न्याय महासम्मेलन' में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ झारखण्ड कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सहभागिता की। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह सम्मेलन सामाजिक न्याय, समावेशिता और ओबीसी वर्ग की समान भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ओबीसी समाज की एकता और उचित आरक्षण हमारी पहली प्राथमिकता है, पिछड़ी जाति के विकास के लिए हम सदैव तत्पर है। देश में जातीय जनगणना करानी चाहिए, जिसके तहत 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को समाप्त करना चाहिए, पिछड़ी जाति के महिलाओं को विशेष लाभ मिलना चाहिए, जिसके द्वारा पिछड़ा वर्ग का सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होगा, लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फपिछड़े वर्ग को दबाने का कार्य किया है,जिसका हिसाब आने वाले समय में देश की जनता करेगी। मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, अधिवक्ता सच्चिदानंद चौधरी सहित कांग्रेस ओबीसी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैरो प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया गया पंचायत कमेटी का गठन




लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कैरो प्रखंड के पंचायत सढ़ाबे, कैरो, गजनी एवं नरौली में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में संगठन सृजन वर्ष 2025,ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार,प्रखंड पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी,मंडल अध्यक्ष महताब अंसारी उपस्थित थे। सभी पंचायत में बूथ अस्तर एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों के उपस्थिति में समीक्षा कर पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार के द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया की पंचायत कमेटी का नए सिरे से गठन कर सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़कर जिम्मेवारी दी जा रही है जिससे पार्टी और सशक्त होगी। प्रखंड पर्यवेक्षक एनुल अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत एवं बूथ तक पहुंच कर पार्टी को संगठित किया जा रहा है। इससे पार्टी पंचायत एवं बूथ स्तर पर मजबूत होगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महताब अंसारी, संजू तुरी, सढ़ाबे पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव ,नरौली पंचायत अध्यक्ष नारायण उरांव ,परवेज अंसारी, विजय कुमार एक्का, मंगरा उरांव, बैजू मुंडा ,किशोर उरांव, मंगल देव टाना भगत, जलील अहमद खान, जमील अंसारी, नईम अंसारी, मोहम्मद खान आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## मुख्यमंत्री पूर्ववर्ती योजनाओं का नाम बदलकर जनता को संतुष्ट करना चाहते हैं: मनीर उरांव



**लोहरदगा।** झारखंड में सरकार की ओर से संचालित किए जा रहे सभी अटल मोहल्ला क्लिनिक नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किए जाने जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री सारी सुविधाओं से वंचित कर स्वास्थ्य व्यवस्था को खटिया पर ला दिया है। केंद्र की सभी स्वास्थ्य सही से संचालित करने के बजाय स्वास्थ्य की योजनाओं पूरी तरह से भ्रष्टाचार भेंट चढ़ा दिया। स्वास्थ्य उपकेंद्रों में डॉक्टर तो छोड़िए नर्स की व्यवस्था नहीं कर पाए ।उसे दुरुस्त करने के बजाय केंद्र सरकार एवं पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा चलाई जा रही अच्छी योजनाओं को निरस्त या फिर उस संस्थाओं का नाम बदलकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने एवं जन भावनाओं के साथ के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## उर्दू शिक्षकों की बहाली का ऐतिहासिक निर्णय अल्पसंख्यकों के सम्मान की जीत: मोजम्मिल अंसारी



**लोहरदगा।** झारखंड सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों की बहाली को मंजूरी दिए जाने पर लोहरदगा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के अध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने खुशी जताई है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला और प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी को बधाई व आभार प्रकट किया। मोजम्मिल अंसारी ने कहा कि यह बहाली केवल एक नियुक्ति प्रक्रिया नहीं, बल्कि झारखंड के उर्दू भाषी समाज के आत्मसम्मान, भाषा और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वर्षों से मांग की जा रही थी कि उर्दू को उसका वाजिब हक मिले और शिक्षकों की नियुक्ति हो, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी भाषा से जुड़ी रहें। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने गंभीर पहल की।

## लाभुकों को बीडीओ ने नोटिस तामिला कराया



**भंडरा।** भंडरा में कई लाभुकों ने अबुआ आवास का प्रथम किस्त लेकर आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों पर प्रशासन सख्त रुख अपना रही है। आवास शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को शुक्रवार को बीडीओ ने नोटिस तामिला कराया। साथ ही जल्द आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को लेकर शपथ पत्र भरवाया। इसके अलावे एक लाभुक को आवास कार्य नहीं शुरू करने पर राशि वापस कराया गया। शपथ पत्र भरने वाले लाभुकों को निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही. जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के भीठा पंचायत के बुदो उरांव, मशमानो पंचायत के बसंती भगताइन व भंडरा पंचायत के बिश्राम उरांव को अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि लाभुक के खाते में भेजी गयी है।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

76वीं औपबंधिक सुची जिला–लातेहार (पार्ट–4)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडीयन खाखा एवं अनिल मनोहर केरकेट्टा के द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान पर आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–423 /25<br>2. आवेदक–बिरजिनिया टोप्पो, पति–उरबनुस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–60वर्ष, पहचान चिन्ह–गला के निचे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0– 424 /25<br>2. आवेदक–अलेकजेंडर कुजूर, पिता–बलसिउस कुजूर<br>3. ग्राम–अक्सी. पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0– 425 /25<br>2. आवेदक–बरनाबस कुजूर, पिता–स्व0 पिलू कुजूर<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैंर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0– 426 /25<br>2. आवेदक–बिलियन मिंज , पिता–स्व0 जोहन मिंज<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0– 427 /25<br>2. आवेदक–बीर्युस मिंज, पिता–स्व0 जोहन मिंज<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0–428 /25<br>2. आवेदक–फ्लोरेन्स कुजूर, पिता–स्व0 पतरस कुजूर<br>3. ग्राम–चैनपुर. पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0–429 /25<br>2. आवेदक–सुषमा टोप्पो , पति–फुलजेंस कुजूर<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला आयु–74वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आंख पर कटें का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0–430 /25 2. आवेदक–ईरमा कुजूर , पति–विकाश खाखा<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला आयु–53वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0–431 /25<br>2. आवेदक–फतिमा खाखा , पति–सुलेमान कुजूर<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला आयु–50वर्ष, पहचान चिन्ह–बांय हथेली पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0–432 /25 2. आवेदक–नदिया कुजूर , पति–लालमन कुजूर<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला,आयु–45वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0–433 /25 2. आवेदक–ब्यत्री केरकेट्टा , पति–दुखना कुजूर<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–67वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0–434 /25 2. आवेदक–गरबिल बाडा , पति–रोबर्ट टोप्पो<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0–435 /25 2. आवेदक–मेलानी कुजूर , पति–अगस्तुस तिर्की<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–58वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0–436 /25 2. आवेदक–बरतिला मिंज, पति–स्व0 सेलबेस्टर एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया हाथ मे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0–437 /25 2. आवेदक–शिलवन्ती कुजूर,पति–स्व0 मरफुस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुडी पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0–438 /25 2. आवेदक–विक्टोरिया खाखा , पति–सुबेल गिद्ध<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ मे घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0–439 /25 2. आवेदक–दिलिप एक्का, पति–स्व0 अत्रोनी एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0–440 /25 2. आवेदक–जोन कुजूर, पिता–स्व0 बेनजमिन कुजूर<br>3. ग्राम–जाता. पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर मे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0–441 /25 2. आवेदक–जुवेल मिंज, पति–स्व0 मंगरा मिंज<br>3. ग्राम–चेतमा . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– महिला, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0–442 /25 2. आवेदक–बिनोद एक्का, पिता–लियोस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0– 443 /25 2. आवेदक–उर्बानुस एक्का, पति–स्व0 अलाविस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ मे दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0–444 /25 2. आवेदक–किशोर एक्का , पिता–तरसियुस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आंख के बगल मे काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0–445 /25 2. आवेदक–सुनिल एक्का,पिता–स्व0 सिलबानुस एक्का<br>3. ग्राम–चैनपुर . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हथेली पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0–446 /25 2. आवेदक–फिलिस्ता मिंज, पति–स्व0 करलुस मिंज<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल पर मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0–447 /25 2. आवेदक–उरसेला नगेसिया,पति–स्व0 जोहन नगेसिया<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट–बरही , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर मे घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0–448 /25 2. आवेदक–प्रभा तिर्की, पति–मारसोल तिर्की<br>3. ग्राम–मिर्गी . पोस्ट–हामी , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया पैर पर घाव दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0–449 /25 2. आवेदक–असरीता कुजूर, पति–ओलसन किण्डो<br>3. ग्राम–सरनाडीह . पोस्ट–अक्सी, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया हाथ के कोहनी मे घाव दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0–450 /25 2. आवेदक–अनीता देवी, पति–मोती दाँगी<br>3. ग्राम–सिमरिया . पोस्ट–खुर्द , थाना–सिमरिया, प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ मे गोल धब्बा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0–451 /25 2. आवेदक– फुलकेरिया कुजूर, पति–चिंतामनी लकडा<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल पर काला तिल । | कंडिका–2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0–371 /25 2. आवेदक–विकाश विश्वकर्मा, पिता–स्व0 जयराम विश्वकर्मा<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट– गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0–372 /25 2. आवेदक–रीना लता, पति–कौलश्वर राम<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट– गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0–452 /25 2. आवेदक–मुसन पन्ना, पिता–स्व0 फिलिप पन्ना<br>3. ग्राम–अक्सी . पोस्ट–अक्सी , थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0–453 /25 2. आवेदक–प्रकाश खलखो, पिता–स्व0 जोसेफ खलखो<br>3. ग्राम–डुम्बरडीह, पोस्ट–राजडन्डा, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 224. | 1. आवेदन क्र0–454 /25 2. आवेदक–फिलमोन तिर्की, पिता–स्व0 मारसेल तिर्की<br>3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–चटकपुर, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0–455 /25 2. आवेदक–इंदु एक्का, पति–बहादुर एक्का<br>3. ग्राम–औराटोली . पोस्ट– बराही, थाना– महुआडांड़, प्रखण्ड–महुआडांड़.<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुर्यदेव भगत एवं सुबोध लकड़ा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 226. | 1. आवेदन क्र0–456 /25 2. आवेदक–अशोक चौधरी , पिता–स्व0 जगेश्वर चौधरी<br>3. ग्राम–मुरुप , पोस्ट–मुरूप ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के बगल में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0–457/25 2. आवेदक–इन्द्रदेव उरांव , पिता–स्व0 धर्मदेव उरांव<br>3. ग्राम–मंगरा , पोस्ट–मुरूप ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के कानी अगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0–458/25 2. आवेदक–सुखमनी देवी , पति–प्रदीप उरांव<br>3. ग्राम–मंगरा , पोस्ट–मुरूप ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान के नीचे तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0–459/25 2. आवेदक–रामजी उरांव , पिता–एतवा उरांव<br>3. ग्राम–रेहलदाग , पोस्ट–रिचुघुटा ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के बगल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0–460/25 2. आवेदक–सोहन्ती लकड़ा , पति–सुर्यदेव भगत<br>3. ग्राम–अम्बावाटीकर (पहाड़पुर) , पोस्ट–लातेहार ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0–461/25 2. आवेदक–परमेश्वर प्रसाद , पिता–स्व0 केश्वरी साव<br>3. ग्राम–मुरूप , पोस्ट–मुरूप ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के नीचे मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0–462/25 2. आवेदक–रंथु उरांव , पिता–एतवा उरांव<br>3. ग्राम–छातासेमर, बारी, ,पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0–463/25 2. आवेदक–मो0 सकुर अंसारी , पिता–सराजुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–बारी, ,पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें नाक के पास मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0–464/25 2. आवेदक–कमरूदीन अंसारी , पिता–रमजान मियां<br>3. ग्राम–हुचल ,पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 235. | 1. आवेदन क्र0–465/25 2. आवेदक–मो0 सफीक अंसारी , पिता–मो0 कासिम अंसारी<br>3. ग्राम–हुचल ,पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में अईला। | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0–466/25 2. आवेदक–वारिस अंसारी , पिता–मदीन अंसारी<br>3. ग्राम–हुचल ,पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0–467/25 2. आवेदक–हाफिज अंसारी , पिता–अजीज अंसारी<br>3. ग्राम–सुरली ,पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0–468/25 2. आवेदक–मालती देवी , पति–रामनाथ राम<br>3. ग्राम–हरखा , पोस्ट–मुंगर ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0–469/25 2. आवेदक–ममता देवी , पति–इन्द्रदेव भगत<br>3. ग्राम–मुरूप , पोस्ट–मुरूप ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान मे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0–470/25 2. आवेदक–रामनाथ राम , पिता–स्व0 लक्ष्मण राम<br>3. ग्राम–हरखा , पोस्ट–मुंगर ,थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के पास मासा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO. 358152 Home(25-26):D

# न्यूज बॉक्स

## भरनो से सैकड़ों कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए हुए रवाना



**भरनो।** श्रावणी माह की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में शिवभक्तों में जबरदस्त आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को भरनो प्रखंड से सैकड़ों कांवरियों का जत्था भक्तिपूर्ण वातावरण में बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। श्रीकांत केशरी के नेतृत्व में रवाना हुए इस जत्थे ने यात्रा प्रारंभ करने से पहले भरनो बस्ती स्थित विष्णु मंदिर, देवी मंडप और शिव मंदिर में माथा टेककर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात कांवरियों ने बस द्वारा सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान किया, जहां से वे गंगा जल भरकर पैदल देवघर के लिए यात्रा शुरू करेंगे। देवघर में बाबा वैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के बाद जत्था वासुकीनाथ धाम की यात्रा के लिए आगे बढ़ेगा। रवाना होते समय पूरा वातावरण "बोल बम" और "हर हर महादेव" के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर श्रीकांत केशरी ने कहा कि – "श्रावण माह में बाबा का जलाभिषेक करना सौभाग्य की बात है। यह एक ऐसा पुण्य अवसर है, जो आत्मिक ऊर्जा और भक्ति से भर देता है। हर शिवभक्त को जीवन में कम से कम एक बार यह यात्रा जरूर करनी चाहिए।" इस पावन यात्रा में कैलाश केशरी, शिव शंकर सिंह, नीलकंठ केशरी, टिंकू केशरी, गोपाल सिंह, शांति देवी, बबीता देवी, पुनम देवी सहित सैकड़ों कांवरिए शामिल थे।

## बेंदोरा पंचायत भवन में वित्तीय समावेशन व केसीसी शिविर का सफल आयोजन



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत भवन में शुक्रवार एक महत्वपूर्ण वित्तीय समावेशन और किसान क्रेडिट कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता गुमला के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पवन कुमार, मुखिया सुशील दीपक मिंज और बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से की।शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एलडीएम पवन कुमार ने किसानों को सरकार द्वारा खेती के लिए दी जा रही सहायता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "सरकार खेती करने के लिए आपको सहायता दे रही है। आप सभी इस केसीसी लोन का लाभ उठाएं, जो किसानों को खेती में बढ़ावा देने और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या से बचाने के लिए उपलब्ध कराया गया है।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केसीसी ऋण बहुत ही सहज और कम ब्याज दर पर उपलब्ध है, जिसे किसान अपनी खेती से होने वाली आय से आसानी से चुका सकते हैं। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने वित्तीय समावेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया, "वित्तीय समावेशन का अर्थ है, समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और कम आय वाले लोगों को, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना, ताकि वे अपनी बुनियादी वित्तीय जरूरतों को पूरा कर सकें।" उन्होंने आगे कहा कि इसमें बचत खाते, ऋण, बीमा, और भुगतान जैसी सेवाएं शामिल हैं, जो सभी के लिए सुलभ और किफायती होनी चाहिए।मुखिया सुशील दीपक मिंज ने भी इस पहल की सराहना की और ग्रामीणों को वित्तीय सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## विशेष श्रम निबंधन अभियान जारी, श्रमिकों से सीधा संवाद व ऑन स्पॉट निबंधन

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार 11 से 25 जुलाई 2025 तक जिले में चल रहे विशेष श्रम निबंधन एवं जागरूकता अभियान के तहत श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। श्रम विभाग की टीम द्वारा प्रखंडों व कार्यस्थलों पर जाकर श्रमिकों से सीधा संवाद स्थापित कर मौके पर ही निबंधन भी किया जा रहा है। आज के अभियान में 80 श्रमिकों को जागरूक किया गया, जबकि 12 श्रमिकों का ऑन स्पॉट निबंधन किया गया, जिनमें 2 असंगठित क्षेत्र के और 10 प्रवासी श्रमिक शामिल हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि हर श्रमिक पंजीकृत होकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

## डुमरी अंचल में जन शिकायत निवारण दिवस पर 47 मामलों का त्वरित निष्पादन

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार डुमरी अंचल कार्यालय में शुक्रवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 47 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन किया गया। इनमें जाति प्रमाण-पत्र (22), आय प्रमाण-पत्र (09), आवासीय प्रमाण-पत्र (14), किसान क्रेडिट कार्ड (01) एवं ऑनलाइन पंजी-2 सुधार (01) से संबंधित आवेदन शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य सरकारी सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, पारदर्शिता और जनविश्वास को मजबूत करना है। जिला प्रशासन द्वारा आगे भी नियमित रूप से ऐसे शिविरों के आयोजन की योजना है।

## भारी बारिश से तबाह हुआ किसान का गोशाला

**रायडीह।** क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश ने ग्रामीण जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुरसांग पंचायत अंतर्गत पोरहोटोली गांव निवासी किसान बालमुकुंद सिंह का गोशाला शुक्रवार को भारी बारिश के चलते धराशायी हो गया, जिससे गोशाला के भीतर मौजूद कई गाय और बकरियां घायल हो गईं। बारिश के बाद से किसान बालमुकुंद गहरे संकट में हैं। उनकी पूंजी ही गाय-बैल हैं, जिनके सहारे वे हल जोतकर खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अब न केवल मवेशी घायल हैं, बल्कि उन्हें रखने के लिए कोई सुरक्षित स्थान भी शेष नहीं रह गया है। किसान बालमुकुंद सिंह ने प्रशासन व सरकार से नया गोशाला बनवाने की मांग की है ताकि उनके मवेशियों को सुरक्षित रखा जा सके और वे पुनः कृषि कार्यों को सुचारु रूप से जारी रख सकें। गांव वालों का कहना है कि सरकार को इस आपदा की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र राहत उपलब्ध करानी चाहिए, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशी ही किसानों की रीढ़ होते हैं।

# संत तुलसीदास +2 उच्च विद्यालय व बालक मध्य विद्यालय बुनियादी सुविधाओं का अभाव, छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

**शंभू नाथ सिंह चौहान**

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड का प्रसिद्ध राजकीयकृत संत तुलसीदास +2 उच्च विद्यालय इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। करीब 1500 से अधिक नामांकित छात्र-छात्राओं वाले इस विद्यालय में महज दो शौचालय हैं, जिनका उपयोग छात्राएं करती हैं। इस कारण छात्राओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि छात्रों के लिए एक भी वॉशरूम उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है।






विद्यालय के कई कक्ष जर्जर अवस्था में हैं, जबकि कई भवनों का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। सीमित कक्षों के कारण एक ही कमरे में 150 से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है।

छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन व सरकार से मांग की है कि विद्यालय में कम से कम 10-10 शौचालय छात्र एवं छात्राओं के लिए बनाए जाएं तथा अधूरे भवनों का शीघ्र निर्माण कराया जाए।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आस्तिक कुमार उरांव ने बताया कि विद्यालय के परिसर में शाम के समय असामाजिक तत्वों द्वारा जुआ खेलना, शराब पीना और अन्य अनैतिक गतिविधियां आम बात हो गई हैं। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अधूरे भवनों को पूरा कराने, वॉशरूमों की संख्या बढ़ाने और जर्जर भवनों की मरम्मत की मांग की है।

इसी कड़ी में तुलसीदास विद्यालय के बगल में स्थित राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय भी संकटपूर्ण स्थिति में है। प्रधानाध्यापक विनय गुप्ता ने बताया कि विद्यालय का सीढ़ी रूम पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जहां कक्षा चार और पांच संचालित होती है। भवन के गिरने की आशंका के कारण इन कमरों को बंद कर दिया गया है और छात्रों को अन्य कक्षाओं में समायोजित किया गया है।

इसके अलावा विद्यालय का बाउंड्री वॉल भी बहुत नीचा है, जिसके चलते मवेशी परिसर में प्रवेश कर पौधों और फूलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रधानाध्यापक ने प्रशासन से भवन की मरम्मत व बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की है ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में यह स्थिति एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन की अपील है कि सरकार व प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दे।

### जन समस्याओं के समाधान के लिए जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

# उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों से मिलकर उपायुक्त उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान अखिल भारतीय प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर सभी वीएलई (ग्राम स्तरीय उद्यमी) समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कार्यदबाव, तकनीकी असुविधाएं, भुगतान में अनियमितता एवं आर्थिक असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं को सामने रखा। उपायुक्त महोदया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। बिरसमुनि देवी ने उपायुक्त को आवेदन सौंपते हुए बताया कि 28 अप्रैल 2025 को उनके पति टेसेरा चौक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिनकी मृत्यु अस्पताल ले जाते समय हो गई। उन्होंने बच्चों के पालन-पोषण हेतु सड़क दुर्घटना मुआवजा राशि एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की।



उपायुक्त ने इस मामले पर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मकड़ा मोड़ से कठरटोली और दीपाटोली पतगाई मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि यह मार्ग ही उनके आवागमन का मुख्य साधन है जो बरसात के मौसम में बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच जाता है। ग्रामीणों ने कालीकरण व नाली निर्माण की मांग की, जिस पर उपायुक्त ने तत्काल सड़क का प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता की भी शिकायत आई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पात्र होने के बावजूद उन्हें चयनित नहीं किया गया। उपायुक्त ने इस पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया।

शुक्रवार के जन सुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 30 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। इनमें जमीन ऑनलाइन करने, पंजी-2 में नाम दर्ज कराने, जबरन जमीन कब्जा, गलत सीमांकन प्रतिवेदन, सर्पदंश मुआवजा, उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, सोलर पंप उपलब्ध कराने जैसे मामले शामिल थे।

### जंगली हाथी का आतंक जारी

# कई घरों को तोड़ा, अनाज बर्बाद, ग्रामीण दहशत में



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के रांगे, बेती व तूसरू कोना गांवों में इन दिनों जंगली हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार तड़के 3 बजे रांगे निवासी मंजीत उरांव के घर में एक जंगली हाथी घुस गया और रसोईघर व स्टोर रूम की दीवार तोड़कर घर का सारा अनाज खा गया, साथ ही खाना पकाने के बर्तनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद वही हाथी तूसरू कोना विद्यालय पहुंचा, जहां मिड-डे मील का चावल खाकर बर्बाद कर दिया। इधर बेती गांव में चंद्रेश उरांव और चंद्रदेव उरांव के घरों को भी हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां रखे धान व चावल को खा गया।

वन विभाग के फॉरेस्टर किशोर राम ने बताया कि हाथी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और वह फिलहाल रांगे, तूसरू कोना के जंगल से होते हुए शुक्रवार को अरंगलोया क्षेत्र में पहुंच चुका है। ग्रामीणों में हाथी के आतंक को लेकर गहरा डर व्याप्त है। वन विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण हाथी से दूर रहें, उसे कोई नुकसान न पहुंचाएं, न ही उसे उकसाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शराब जैसे पदार्थों को घर में न रखें, क्योंकि इससे हाथी आकर्षित होते हैं। फॉरेस्टर ने भरोसा दिलाया कि जिन किसानों और ग्रामीणों को हाथी ने नुकसान पहुंचाया है, उनकी क्षतिपूर्ति वन विभाग द्वारा की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने और स्थायी समाधान की मांग की है।

# गांजा बेचते युवक गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के खरवा गढ़ा नहर के नीचे से अवैध रूप से गांजा बेच रहे सोनू अंसारी उर्फ गुरु (28 वर्ष) को पुलिस ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव ने भरनो थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भरनो क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर लगातार सूचना मिल रही थी। इस पर पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। सूचना के आधार पर जब खरवा गढ़ा नहर के नीचे छापेमारी की गई तो सोनू अंसारी को गांजा बेचते हुए मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार सोनू अंसारी उर्फ गुरु, खरवा गढ़ा निवासी बिंदिया देवी के मकान में किराए पर रहकर गांजा बेचने का कार्य कर रहा था। पुलिस ने उसके पास से 450 ग्राम गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू मशीन, 20 पीस पैकिंग प्लास्टिक और 1040 नगद बरामद किया।




पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में भरनो थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया है।

एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि, "भरनो सहित पूरे गुमला जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार होती रहेगी।" इस छापामारी टीम में इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, अभिनंदन कुमार समेत भरनो थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### बीडीओ ने की खाद दुकानों की सघन जांच

# मूल्य से अधिक वसूली पर जताई सख्ती, कार्रवाई की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** किसानों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को भरनो मुख्यालय स्थित कई खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। किसानों ने आरोप लगाया था कि कुछ दुकानदार सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया और डीएपी खाद की बिक्री कर रहे हैं।

बीडीओ ने बाजार टांड़ स्थित राजेश गुप्ता, संजय गुप्ता, स्कूल चौक स्थित जनता खाद भंडार (दिनेश केशरी) तथा ब्लॉक चौक स्थित केशरी कृषि केंद्र (विष्णु केशरी) के प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान खाद खरीदने आए किसानों से भी प्रत्यक्ष बातचीत कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि "सरकारी दर से अधिक मूल्य पर खाद बेचने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा भी की जाएगी।"



निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर, गोदाम और रसीद बुक की भी बारीकी से जांच की गई। हैरानी की बात यह रही कि निरीक्षण टीम में शामिल एक चौकीदार ने भी स्वयं बताया कि उससे यूरिया खरीद पर 100 अधिक वसूले गए थे।

बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में भी नियमित रूप से खाद दुकानों की जांच की जाएगी, और सभी दुकानदार सतर्क रहें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुगांव गांव में युवक अमन उराव ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं परिजनों द्वारा इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई जहां पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार अमन देर शाम अपने रूम में था।घर में रखे चादर को घर के काठ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव घटनास्थल पहुंचे मामले की जानकारी ली।

# विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, पीएम जनमन, मनरेगा व अबुआ आवास पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में चैनपुर प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, मनरेगा सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान, बीडीओ श्री बैठा ने सभी रोजगार सेवकों को आम बागवानी में शत-प्रतिशत गड्ढा खोदने और घेराबंदी करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से मालम और जनावल पंचायतों में आम बागवानी के लक्ष्य से पीछे रहने पर चिंता व्यक्त की। इस संबंध में, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता संदीप तिवारी और संजय उरांव को कैंप मोड में काम करते हुए मंगलवार तक सभी लंबित कार्यों को शुरू करने का सख्त निर्देश दिया गया।अबुआ आवास योजना की धीमी प्रगति पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। बीडीओ ने बताया कि अबुआ आवास में मनरेगा से 95 मानव दिवस का प्रावधान है, लेकिन अभी भी 400 आवासों पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ऐसे आवासों की सूची बनाकर तत्काल कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया।मनरेगा के तहत, अगले एक सप्ताह में 50 मजदूरों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सभी पंचायत सचिवों को प्रधानमंत्री आवास और पीएम जनमन योजना के लाभार्थियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें अपना काम शुरू करवाने का निर्देश दिया गया।बैठक में बीडीओ यादव बैठा के अलावा, बीपीओ कांति कुमारी, बीपीआरओ राममोहन साहू, कनीय अभियंता संदीप तिवारी और संजय उरांव, सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## भरदा के समीप बाइक की टक्कर से दो स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला-रांची मुख्य मार्ग पर भरदा के समीप शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय करौंदा लिटा टोली के दो स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक सवार भी हादसे में जख्मी हो गया। गंभीर रूप से घायल एक छात्र को रिम्स, रांची रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल की छुट्टी होने के बाद छात्र-छात्राएं घर लौट रहे थे। उसी दौरान सिसई की ओर से आजाद बस्ती निवासी महबूब आलम बाइक से गुमला की ओर आ रहा था, तभी अचानक दो बच्चे उसकी बाइक की चपेट में आ गए। घटना में लिटा टोली निवासी गंगू उरांव का 7 वर्षीय पुत्र अरुण उरांव और जूलियस मिंज की 7 वर्षीय पुत्री आरोही उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चे विद्यालय की दूसरी कक्षा में पढ़ते हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसी वक्त जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा भी सिसई से गुमला की ओर अपने वाहन से आ रही थीं। उन्होंने स्थिति को देखते हुए तत्काल वाहन रुकवाया और सभी घायलों को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अरुण उरांव की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया।

### विशेष वाहन परमिट शिविर आयोजित

# छह चालकों को मिला परमिट

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में शुक्रवार को विशेष वाहन परमिट शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण रांची के सचिव हरिवंश पंडित की उपस्थिति में छह तीनपहिया वाहन चालकों को मौके पर ही परमिट निर्गत किया गया। यह शिविर उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य व्यवसायिक वाहन चालकों को रांची जाने की कठिनाई से राहत देते हुए स्थानीय स्तर पर ही परमिट सुविधा उपलब्ध कराना था। इस पहल से समय, धन और प्रयास की बचत के साथ-साथ वाहन स्वामियों को कानूनी रूप से सुरक्षित संचालन के लिए भी प्रोत्साहन मिला है। शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, मोटर यान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह एवं प्रदीप तिर्की भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने व्यावसायिक वाहन स्वामियों से अपील की कि वे बिना वैध परमिट के वाहन संचालन से बचें, अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत 10,000 या उससे अधिक का जुर्माना लग सकता है।



**ऑनलाइन परमिट आवेदन प्रक्रिया:** वाहन संख्या व चेसिस नंबर के साथ 150 आवेदन शुल्क जमा करें।

**परमिट शुल्क:** डीजल/पेट्रोल ऑटो – 3000, सवारी/बोलरो/पिकअप/मालवाहन – 9000

**विलंब शुल्क (जुर्माना):** 1–30 दिनः 300,. 31–60 दिनः 1000, 61–90 दिनः 3000, 91 दिन से अधिकः 3000 + 500 प्रतिमाह (अधिकतम 10,000)। अनिवार्य दस्तावेज़,अद्यतन बीमा प्रमाणपत्र,रोड टैक्स रसीद,फिटनेस प्रमाणपत्र,प्रदूषण प्रमाणपत्र,रेडियम स्टिकर प्रमाणपत्र,स्पीड गवर्नर प्रमाणपत्र (ऑटो को छोड़कर,वाहन पंजीयन प्रमाणपत्र। सचिव हरिवंश पंडित ने कहा कि डिजिटल माध्यम से आवेदन सरल और पारदर्शी हुआ है, साथ ही व्यवसायिक वाहन स्वामी अब अपने ही जिले से यह सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 117/PR/JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance control room building and allied civil works of 33/11KV PSS Latehar under Electric Supply Circle, Daltonganj | 399900/– | (03) Three Months | 8000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 19 /08 /2025 upto 03:00 PM | 19/ 08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Account officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 358234 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

# राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे किए, कई पहलों की शुरुआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को (25 जुलाई 2025) अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण कर लिए। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति भवन और प्रेसीडेंट्स एस्टेट में शुरू की गई कई महत्वपूर्ण जनहितकारी पहलों की जानकारी साझा की।

इन पहलों का उद्देश्य दिव्यांगजनों की सुविधा, डिजिटल सुलभता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सहभागिता को सशक्त बनाना है।



तीसरे वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों में राष्ट्रपति भवन को दिव्यांगजनों के लिए पूर्ण रूप से अनुकूल बनाना शामिल है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान की 50 अनुशंसाओं के आधार पर अब राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान और संग्रहालय दिव्यांगजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर पुनः डिज़ाइन किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइटें अब 22 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिससे देश के विविध भाषाई समुदायों को आसानी से जानकारी प्राप्त हो सके।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रेसीडेंट्स एस्टेट में आगंतुकों और निवासियों के लिए कई नई सुविधाओं का उद्घाटन भी किया है, जिनमें आगंतुक सुविधा केंद्र, राष्ट्रपति निलयम, हैदराबाद में निलयम निकुंज, मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में कैफेटेरिया, स्मृति चिह्न दुकान (सोविनियर शॉप), स्वागत कक्ष और पुनर्निर्मित जिम शामिल हैं।

उन्होंने "ई-उपहार सीजन 2" की भी शुरुआत की, जिसमें 250 से अधिक उपहारों की ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। इससे प्राप्त आय बच्चों के कल्याण से जुड़ी पहलों के लिए दान की जाएगी।

राष्ट्रपति भवन को मार्च 2027 तक नेट ज़ीरो बनाने की दिशा में भी कई ठोस कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बीते तीन वर्षों में ऐसे कार्य और निर्णय लिए गए जिनसे राष्ट्रपति भवन और आम नागरिकों के बीच जुड़ाव बढ़ा है।

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि अब दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रपति भवन और उससे जुड़े परिसर अधिक सुलभ हो गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में और भी अनेक नई पहलें की जाएंगी, जो देश के नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से जोड़ेंगी।

## लड़कियों की शादी की उम्र... बयान पर भारी विवाद, अनिरुद्धाचार्य ने मांगी माफी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले स्थित वृंदावन के गौरी गोपाल आश्रम में कथावाचक स्वामी अनिरुद्धाचार्य की ओर से एक धार्मिक आयोजन में



दिए बयान पर विवाद गहराया हुआ है। अनिरुद्धाचार्य ने कथित तौर पर कहा है कि 25 वर्ष की अविवाहित लड़कियों का चरित्र ठीक नहीं होता। लड़कियों की शादी 14 वर्ष की उम्र में ही कर देनी चाहिए। इससे वे परिवार में अच्छे से घुल मिल जाएंगी। उनके बयान को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने माफी मांगी है। महिला संगठनों ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के बयान को लेकर जमकर हंगामा मचाया है। देश में बच्चियों की शादी की उम्र 18 वर्ष है। अनिरुद्धाचार्य के बयान को कानून के खिलाफ बताया जा रहा है। हालांकि, विवाद गहराने के बाद कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने एक नया वीडियो जारी कर माफी मांगी। उन्होंने सफाई दी कि वायरल हुआ वीडियो AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से बनाया गया है।

## दो सिर वाली बच्ची के दो हार्ट

**इंदौर।** इंदौर के एक सरकारी अस्पताल में एक महिला ने दो सिर वाले बच्ची को जन्म दिया है। महिला की उम्र 22 साल है। इस बच्ची को बचाने के लिए डॉक्टर दिन रात मेहनत कर रहे हैं। वे अपनी हर संभव कोशिश कर रहे हैं। अब एक डॉक्टर ने बताया है कि इस बच्ची के दो हार्ट भी हैं। दरअसल, देवास जिले की एक महिला ने इंदौर के शासकीय महाराजा तुकोजीराव अस्पताल में मंगलवार को सिजेरियन ऑपरेशन के जरिये ऐसे बच्ची को जन्म दिया जिसके एक ही धड़ से दो सिर जुड़े हैं। बच्ची का वजन 2.80 किलो है। इस NICU में भर्ती किया गया है।

एमटीएच की डॉक्टर नीलेश जैन ने बताया कि बच्ची का वजन तो ठीक है लेकिन बच्ची के शरीर में दो हार्ट हैं जिनमें से एक हार्ट बहुत छोटा है जबकि दूसरे हार्ट में अपेक्षाकृत ज्यादा विकृतियां हैं। एक हार्ट को दो ब्रेन को ब्लड सप्लाई करना पड़ रहा है जिसकी वजह से उस पर लोड ज्यादा है। ऐसे में बच्ची का सर्वाइवल मुश्किल है।

उन्होंने बताया कि बच्ची को सांस लेने में भारी दिक्कत और अन्य गंभीर समस्याएं हो रही हैं। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है।

### बंगाली भाषा विवाद पर ममता बनर्जी बोली

# एक और भाषा आंदोलन की ज़रूरत

**एजेंसी। कोलकाता**

बंगाली भाषा को लेकर उठे विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक और भाषा आंदोलन का आह्वान किया और आरोप लगाया कि कई स्थानों पर बंगाली बोलने के लिए लोगों को परेशान किया जा रहा है। 'महानायक सम्मान' पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सभी को जागृत करने के लिए एक और भाषा आंदोलन की आवश्यकता है। कई जगहों पर बंगाली बोलने के कारण लोगों को परेशान किया जा रहा है। बंगाली दुनिया में पाँचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। लगभग 30 करोड़ लोग बंगाली बोलते हैं और आज बंगाली बोलने वालों को जेल भेजा जा रहा है।



व्यापक जनभागीदारी का आह्वान करते हुए, उन्होंने जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकती, और मेरा मानना है कि आप भी नहीं कर सकते। सिर्फ़ बंगाली बोलने के कारण लोगों को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। इस मुद्दे पर हर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। यह मुद्दा सिर्फ़ मेरा नहीं है; यह सबका है। बंगाल हमारे लिए सब कुछ है। हमें इस ज़मीन की रक्षा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री बनर्जी ने अपनी मातृभाषा की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी अपनी मातृभाषा बोलते हैं। बच्चे पहली बार अपनी मातृभाषा में 'माँ' बोलते हैं। हालाँकि, बंगाली भाषा को लेकर भाषा युद्ध छिड़ गया है। पश्चिम बंगाल के फिल्म उद्योग, टॉलीवुड, पर कटाक्ष करते हुए, बनर्जी ने संगीत में बंगाली सामग्री की कमी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आजकल हमारे गानों में बंगाली कहाँ है? बस तेज़ और भड़कीला संगीत है। हमारे पास इसके लिए बॉलीवुड पहले से ही मौजूद है। दक्षिण भारतीय फ़िल्में भी लोकप्रिय हैं। लेकिन टॉलीवुड में सिर्फ़ संगीत ही नहीं, बल्कि ज़्यादा बंगाली गाने होने चाहिए।

अपना रुख स्पष्ट करते हुए, बनर्जी ने कहा कि वह अन्य भाषाओं के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उन्होंने बंगाली भाषा के संरक्षण के महत्व पर ज़ोर दिया।

# बिहार के बाद अब देशभर में होगा वोटर वेरिफिकेशन: चुनाव आयोग

- **बिहार में आखिरी बड़ा पुनरीक्षण 2003 में 1 जनवरी 2003 को आधार तारीख के साथ हुआ था**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वोटर वेरिफिकेशन को लेकर आदेश जारी किया है। ईसीआई के मुताबिक, देशभर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) शुरू किया जाएगा।



**ईसीआई ने कहा,** "चुनाव आयोग ने पूरे देश में विशेष गहन संशोधन (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) शुरू करने का फैसला किया है, लेकिन बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए बिहार में यह अभियान पहले शुरू होगा। बाकी देश के लिए समय-कार्यक्रम बाद में जारी होगा।"

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर 24 जून का आदेश जारी किया है, जिसके बारे में जानकारी शुक्रवार को दी गई है। ईसीआई ने 24 जून के आदेश में कहा, "चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने का फैसला लिया है। यह कदम संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (आरपीए 1950) के तहत लिया गया है, जिसमें संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनावों और मतदाता सूची की तैयारी की देखरेख की जिम्मेदारी आयोग को दी गई है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची की सटीकता जरूरी है। जन प्रतिनिधि अधिनियम 1950 और 1960 के मतदाता पंजीकरण नियमों (आरईआर, 1960) के तहत मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया और योग्यता तय की जाती है।"

इसमें आगे बताया गया, "आयोग ने पहले भी 1952-56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983-84, 1987-89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में देश के कुछ हिस्सों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया था। बिहार में आखिरी बड़ा पुनरीक्षण 2003 में 1 जनवरी 2003 को आधार तारीख के साथ हुआ था। इस पुनरीक्षण का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल हों और किसी को बाहर न रखा जाए। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, 18 साल या उससे ज्यादा उम्र के भारतीय नागरिक, जो किसी कानून से अयोग्य न हों, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के हकदार हैं। आयोग ने पिछले 20 सालों में मतदाता सूची में बड़े बदलाव, शहरीकरण, और लोगों के एक जगह से दूसरी जगह पलायन को देखते हुए इस कदम को जरूरी माना है।"

चुनाव आयोग ने यह भी कहा, "बिहार में आखिरी गहन संशोधन 2003 में हुआ था, इसलिए 1, जनवरी 2003 की मतदाता सूची को पात्रता और नागरिकता का आधार माना जाएगा, जब तक कि कोई नई जानकारी न मिले, जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं है, उन्हें मतदाता सूची में शामिल होने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दस्तावेज जमा करने होंगे। मौजूदा मतदाता सूची 6, जनवरी 2025 को प्रकाशित हुई थी और तब से लगातार अपडेट हो रही है। आयोग ने निर्देश दिया है कि 25 जुलाई 2025 तक सभी मौजूदा मतदाताओं को पहले से भरा हुआ गणना फॉर्म (एन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध कराया जाए। ड्राफ्ट मतदाता सूची में केवल उन मतदाताओं के नाम शामिल होंगे, जिन्होंने यह फॉर्म भरा होगा। यह एक गहन संशोधन है, इसलिए फॉर्म न जमा करने वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं और 25 जुलाई 2025 से पहले किसी भी मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।"

# सुनियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं: लोकसभा अध्यक्ष ओम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मानसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में विपक्षी सांसदों की ओर से जोरदार हंगामा हुआ, जिसके कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोपहर दो बजे तक सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए अच्छे नहीं होते हैं। ओम बिरला ने कहा, "मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि



सदन सुचारू रूप से चले, विशेष रूप से प्रश्नकाल के दौरान। मेरा हमेशा यही प्रयास रहता है कि प्रश्नकाल माननीय सदस्यों का समय होता है, और इस दौरान व्यापक चर्चा होनी चाहिए, जिसमें सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित हो। लेकिन पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि सदन को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है। तख्तियां लहराई जा रही हैं और नारेबाजी हो रही है।"

उन्होंने आगे कहा, "यदि आप किसी मुद्दे या विषय पर चर्चा करना चाहते हैं, तो आप आएं। मैं हर मुद्दे पर सरकार से बात करके चर्चा का रास्ता निकाल सकता हूं। लेकिन सदन के अंदर या बाहर केवल तख्तियां लहराकर और नारेबाजी करके बाधा डालना उचित नहीं है। यदि आपको लगता है कि कोई मुद्दा महत्वपूर्ण है, तो आएं, मैं सरकार के प्रतिनिधियों और आपको बुलाकर मुद्दों पर चर्चा करवाऊंगा। लेकिन यह तरीका ठीक नहीं है।" ओम बिरला ने कहा, "दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में हमारे पीछे लाखों लोग बड़ी आशाओं के साथ सदन की कार्यवाही को देखते हैं। वे उम्मीद करते हैं कि उनके मुद्दों, उनकी आकांक्षाओं और उनकी चिंताओं पर सदन में चर्चा होगी। तख्तियां लेकर नारेबाजी करना उचित नहीं है।

## कमल हासन तथा तीन अन्य सांसदों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** अभिनय की दुनिया से राजनीति में आए कमल हासन तथा तीन अन्य सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। सुबह 11 बजे बैठक शुरू होने पर मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) प्रमुखकमल हासन तथा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की राजाथी, एस आर शिवलिंगम और पी विल्सन को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। इन सभी ने तमिल में शपथ ली। सफेद रंग की शर्ट और काली पैंट पहने कमल हासन का सदन में मौजूद सदस्यों ने मेजें थपथपा कर स्वागत किया।

## 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले को दिल्ली हाईकोर्ट को सौंपते हुए निर्देश दिया कि सभी पक्ष वहां अपनी दलील पेश करें। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने फिल्म पर रोक की मांग की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

इसका मतलब है कि फिल्म के निर्माता केंद्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय की समिति द्वारा सुझाए गए छह बदलावों के साथ फिल्म को रिलीज कर सकते हैं। 'उदयपुर फाइल्स' कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित है, जो साल 2022 में उदयपुर में 'सर तन से जुदा' नारे के साथ हुआ था। इस घटना ने देशभर में सनसनी फैला दी थी। फिल्म के ट्रेलर और डायलॉग को लेकर विवाद उठा था, जिसके बाद जमीयत ने इसे सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाते हुए रिलीज पर रोक की मांग की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करते हुए सुझाए गए संशोधनों का पालन करने की बात निर्माताओं से कही। एडवोकेट बरुण सिन्हा ने बताया, "दिल्ली हाईकोर्ट यह तय करेगी कि केंद्र सरकार के 21 जुलाई 2025 के आदेश से कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

### बिहार विधानसभा मानसून सत्र के आखिरी दिन हंगामा जारी

# सीएम ने विपक्ष के प्रदर्शन का मजाक उड़ाया

- **लोग जानते हैं कि सरकार ने कितना काम किया है और हर जगह लोगों को लाभ मिल रहा है**

**एजेंसी। पटना**



बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को सदन में फिर से हंगामा हुआ। विपक्षी दलों (आरजेडी, कांग्रेस और वामपंथी) के विधायकों ने सदन के बेल में आकर नारेबाजी की और प्रश्नकाल के दौरान मेजें गिराने की कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने बार-बार शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन नारेबाजी और हंगामा जारी रहा, जिसके कारण उन्हें कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

विपक्षी विधायक, जो राज्य में विशेष मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लगातार पांचवें दिन काले कपड़े पहनकर विधानसभा पहुंचे। विपक्ष का यह विरोध मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग को लेकर था। हंगामे के दौरान सदन में मौजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष की विरोध पोशाक पर कटाक्ष किया। सीएम नीतीश ने कहा कि सब एक जैसे कपड़े पहने हुए हैं। एक बात तो साफ हो गई है, पहले एक-दो दिन हंगामा होता था, बाकी दिन काम चलता रहता था। अब तो सब रोज यही काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोग जानते हैं कि सरकार ने कितना काम किया है और हर जगह लोगों को लाभ मिल रहा है। पांच दिवसीय मानसून सत्र में विपक्ष ने मतदाता सूची संशोधन को लेकर लगातार हंगामा किया, जिससे विधायी कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष का आरोप है कि सरकार और चुनाव आयोग मिलकर विधानसभा चुनाव से पहले गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटा रहे हैं। सरकार ने इस आरोप को खारिज किया है। सत्र शुरू होने से ही विपक्ष दोनों सदन के अंदर और बाहर हंगामा कर रहा है, और मतदाता सूची संशोधन पर बहस की मांग कर रहा है।

## स्कूल की छत गिरने की घटना में अब तक पांच बच्चों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़ की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने घायल बच्चों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। झालावाड़ में शुक्रवार को स्कूल की छत गिरने से 5 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक बच्चे घायल हुए हैं।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "झालावाड़ के पीपलोदी में स्कूल की छत गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। घायल बच्चों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ईश्वर दिवंगत दिव्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।"

## बेगूसराय अस्पताल में मुर्दा को जिंदा करने के लिए चला अंध विश्वास का खेल

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय सदर अस्पताल में अंधविश्वास का नजारा देखने को मिला। दरअसल डॉक्टर की ओर से मृत घोषित युवक को जिंदा करने के लिए परिजन शव के शरीर पर बेलन और आटा पाउडर रगड़कर जिंदा करने का प्रयास करते रहे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि सदर अस्पताल परिसर में एक बेंच पर एक युवक का शव पड़ा है और शव के शरीर पर उसके परिजन बेलन से रगड़ रहे हैं। इतना ही नहीं पूरे शरीर में आटा और पाउडर रगड़कर उसे जिंदा करने का प्रयास किया जा रहा है। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला सदर अस्पताल में गुरुवार की दोपहर बाद की है।

# वाईएसआरसीपी ने खारिज की तिरुपति मंदिर भगदड़ पर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट, उठाई सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने तिरुपति में वैकुंठ एकादशी भगदड़ पर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को कड़ा विरोध करते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण है और इसका उद्देश्य वरिष्ठ अधिकारियों को बचाना और निचले स्तर के कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाना है। मीडिया को संबोधित करते हुए, टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष और वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता भुमना करुणाकर रेड्डी ने कहा



- **राज्य मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार की गई रिपोर्ट, दो अधिकारियों, हरिनाथ रेड्डी और रमण कुमार, को इस घटना के लिए गलत तरीके से ज़िम्मेदार ठहराती है और उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश करती है।**

कि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार की गई रिपोर्ट, दो अधिकारियों, हरिनाथ रेड्डी और रमण कुमार, को इस घटना के लिए गलत तरीके से ज़िम्मेदार ठहराती है और उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश करती है। इस घटना में छह लोगों की जान चली गई थी और कम से कम 29 लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट को पूर्वनिर्धारित बताते हुए करुणाकर रेड्डी ने आरोप लगाया कि इसमें चुनिंदा व्यक्तियों को निशाना बनाया गया है, जबकि उन लोगों को छोड़ दिया गया है जो वास्तव में जिम्मेदार थे, जिनमें टीटीडी, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया एक दिखावा और भविष्य की सभी जांचों के लिए एक केस स्टडी प्रतीत होती है। हम इस न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं, जो पूर्व-नियोजित और चुनिंदा तरीके से प्रस्तुत की गई है। उन्होंने वैकुंठ एकादशी के दौरान पिछली वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा शुरू की गई विस्तारित दर्शन व्यवस्था को रद्द करने के लिए गठबंधन सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि धार्मिक प्रमुखों से परामर्श के बाद लागू की गई विस्तारित दर्शन व्यवस्था ने दस दिनों तक भीड़ को नियंत्रित करने में मदद की, जबकि वर्तमान व्यवस्था कथित तौर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने में विफल रही है।

करुणाकर रेड्डी ने ठहरने के स्थानों के प्रबंधन के पीछे के निर्णयों पर सवाल उठाए और विसंगतियों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि हरिनाथ रेड्डी को निलंबित कर दिया गया, जबकि टिकट काउंटर पर मौजूद एक अन्य अधिकारी सूर्यप्रकाश को छोड़ दिया गया।

## पायलटों को फंसाने की हो रही कोशिश!

# ट्रंप सरकार बोइंग को बचाने के लिए कर रही मैकेनिकल फेलियर से इनकार

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद बोइंग विमान दुर्घटना में आधिकारिक जांच पूरी होने से पहले ही अमेरिका की ट्रंप सरकार व अखबार 'वाल स्ट्रीट जर्नल' पूरी तरह से इस घटना की लीपापोती में लग गया है। पहले अमेरिकी मीडिया की ओर से इस हादसे की वजहों को लेकर भ्राम क खबरें दी जा रही थीं। अब अमेरिकी सरकार के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने भी उसी रास्ते पर चलना शुरू कर दिया है। एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की फ्लाइट संख्या एआई-171 की दुर्घटना की जांच भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआई) कर रही है। लेकिन,एक रिपोर्ट के अनुसार एफएए अपनी ओर से इस नतीजे पर पहुंच गया है कि विमान के फ्यूल कंट्रोल यूनिट और स्विच सिस्टम में किसी तरह का मैकेनिक फेलियर नहीं हुआ। द न्यू इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर के मुताबिक एफएए के एक बयान में इस बात की पुष्टि की गई है कि एआई-171 के फ्यूल कंट्रोल यूनिट्स और स्विच मेकेनिज्म सामान्य रूप से काम कर रहे थे और इसके नाकाम होने या अनजानी हरकत के कोई संकेत नहीं मिले हैं। जबकि, इस विमान हादसे की जांच आधिकारिक रूप से भारत की एएआईबी कर रही है और इसमें अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और यूके की एयर एक्सीडेंट्स इंवेस्टिगेशन ब्रांच सहयोग कर रही है।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 260 लोगों की मौत हो गई थी




### ट्रंप सरकार बोइंग व इंश्योरेंस कंपनियों को बचा रही है?

अमेरिकी सरकार की एजेंसी ने जिस तरह से मैकेनिकल फेलियर को खारिज करने की कोशिश की है, उससे साफ है कि वह जांच को मानवीय चूक वाली आशंका की ओर ले जाने की कोशिश में है। मतलब एयर इंडिया के दिवंगत पायलटों पर ही दोष मढ़ने की कोशिश हो रही है। क्योंकि, जब तक, एएआईबी दुर्घटना की विस्तृत जांच नहीं कर लेती, इस तरह के एकतरफा दावे बोइंग और इंश्योरेंस कंपनियों को कवर देने मंशा ही जाहिर करती है। 12 जून के अहमदाबाद से लंदन के गेटविक जा रहा एयर इंडिया का यह विमान टेक ऑफ के कुछ ही सेकंड बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर से टकरा गया। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों के साथ जमीन पर भी 19 लोगों की मौत हो गई।

### स्विच लॉकिंग मेकेनिज्म सही थे : एफएए

एएआईबी ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह बताया है कि विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच टेकऑफ के कुछ ही सेकंड के बाद 'रन' से 'कट ऑफ' की स्थिति में चले गए, जिससे दोनों इंजनों की शक्ति कम हो गई। 10 से 14 सेकंड के बीच में दोनों स्विच वापस 'रन'की स्थिति में लौटे, लेकिन तब तक इंजन पर्याप्त ताकत हासिल करने में नाकाम हो चुका था। वहीं कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर में दर्ज डेटा के अनुसार एक पायलट ने सवाल पूछा था कि 'फ्यूल को बंद' क्यों किया, जिस पर दूसरे पायलट ने साफ किया कि उसने ऐसा नहीं किया है। इसी के बाद से यह बात जांच के दायरे में है कि स्विच बंद किए गए थे या किसी यांत्रिक गड़बड़ी की वजह से ऐसा हुआ। इसी पर एफएए ने दावा किया है कि स्विच लॉकिंग मेकेनिज्म सही थे और ऐसा कोई मैकेनिकल फेलियर नहीं हुआ, जिससे इंधन बंद हो गया हो। रिपोर्ट में एफएए एडमिनिस्ट्रेटर ब्रायन बेडफोर्ड के हवाले से कहा गया है कि विमान के सिस्टम ने उसी अनुसार काम किया, जैसा कि डिजाइन किया गया है और डिजाइन में बदलाव या एडिशनल सेफ्टी बुलेटिन जारी करने की अभी कोई योजना नहीं है। 787 ड्रीमलाइनर बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग पहले से ही यही दावा कर रही है कि उसके सिस्टम में कोई खराबी नहीं है।

## यह अमेरिका में ही संभव है

# फेडरल रिजर्व के नवीनीकरण की लागत को लेकर ट्रंप से कैमरे के सामने ही भिड़े पॉवेल

ब्यूरो




*ट्रंप ने ब्याज दरें कम करने को कहा था लेकिन इससे देश व अर्थव्यवस्था को नुकसान होने की बात कह पावेल ने इन्कार कर दिया*

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन स्थित केंद्रीय बैंक के ऐतिहासिक मुख्यालय के नवीनीकरण का निरीक्षण करने के लिए साइट विजिट के दौरान फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की आलोचना व उनको बेइज्जत करने की कोशिश की। जब ट्रंप पत्रकारों के सामने बयान देने के लिए रुके, तो उन्होंने कैमरे पर पॉवेल को अपने बगल में खड़े होने का इशारा किया।

इसके बाद राष्ट्रपति ने दावा किया कि फेडरल रिजर्व की इमारतों के नवीनीकरण की कुल लागत 3.1 अरब डॉलर थी, जो पहले बताई गई राशि से ज्यादा थी। जैसे ही ट्रंप ने यह दावा किया, पॉवेल ने अपनी असहमति जताने के लिए सिर हिलाकर मना कर दिया। "मुझे इसकी जानकारी नहीं है," पावेल ने कहा। "मैंने फेड में किसी से ऐसा नहीं सुना है।" ट्रंप ने ज़ोर देकर कहा कि यह नया आंकड़ा "अभी-अभी सामने आया है" और उन्होंने स्पष्ट प्रमाण के तौर पर अपने कोट से कागज निकालकर पॉवेल को दे दिए।

"क्या यह मैंने दिया है?" पावेल ने पूछा। ट्रंप के यह कहने के बाद कि नए आंकड़े उनके (ट्रंप) लोगों द्वारा दिए गए हैं, पॉवेल को पता चला कि नवीनीकरण का आंकड़ा अचानक इतना ज़्यादा क्यों हो गया। उन्होंने (पावेल) कहा, "आपने एक तीसरी इमारत भी शामिल कर ली।" इस पर ट्रंप ने ज़ोर देकर कहा कि तीसरी इमारत नवीनीकरण की कुल लागत का हिस्सा थी। उन्होंने पॉवेल पर स्वतंत्र फेड अध्यक्ष (पावेल )को हटाने का कोई बहाना ढूंढने के लिए प्रबंधन का आरोप लगाया है, जिन्होंने राष्ट्रपति के अनुरोध पर ब्याज दरें कम करने से इनकार कर दिया था। पॉवेल ने बताया कि जिस तीसरी इमारत के बारे में ट्रंप ने अचानक दावा किया कि वह नवीनीकरण का हिस्सा है, "वह पांच साल पहले बनी थी। यह नई नहीं है।ट्रंप के साथ उनके कट्टर सहयोगी, दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सीनेटर टिम स्कॉट भी थे, जिन्होंने भी यही कहा कि नवीनीकरण का काम बजट से बहुत ज्यादा हो गया है। पॉवेल से जब पूछा गया कि क्या उन्हें आगे भी लागत में बढ़ोतरी की उम्मीद है, तो उन्होंने जवाब दिया, "उम्मीद मत करो" लेकिन कहा कि जरूरत पड़ने पर स्वतंत्र केंद्रीय बैंक "इसके लिए तैयार" है। इसके बाद ट्रंप ने एक चहेते रिपोर्टर को बुलाया, जिसने उनसे पूछा कि एक बिल्डर होने के नाते, वह "ऐसे प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ क्या करेंगे जो बजट से ज़्यादा खर्च कर रहा हो"।

"आम तौर पर," ट्रंप ने कहा, "मैं उन्हें बर्खास्त कर दूँगा।"

जैसे ही ट्रंप, पॉवेल और स्कॉट दौरे को जारी रखने के लिए मीडिया से दूर हुए, ट्रंप ने कहा कि पावेल नवीनीकरण की लागत को लेकर उनकी चिंताओं को कम करने के लिए कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा, "मैं चाहूंगा कि वे ब्याज दरें कम करें।" पॉवेल ने बार-बार ज़ोर देकर कहा है कि एक स्वतंत्र एजेंसी के प्रमुख होने के नाते, राष्ट्रपति के पास उन्हें बर्खास्त करने का अधिकार नहीं है और ब्याज दरों पर फ़ैसले राजनीतिक दबाव से मुक्त होने चाहिए।

इस तरह वाशिंगटन में केंद्रीय बैंक के ऐतिहासिक मुख्यालय के नवीनीकरण का निरीक्षण कर रहे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैमरे पर हुई बातचीत के दौरान फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। यह अमेरिका में ही संभव है, क्या यह भारत में संभव है?

# देश में वन मेडिसिन वन प्राइस की जरूरत : चंद्रशेखर आजाद

### कहा, महंगी दवाओं से लोगों की टूट रही है कमर

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** धनी देशों की तरह भारत में भी महंगी दवाइयों के चलते लोगों का बजट गड़बड़ा जा रहा है। तमाम लोग व उनके परिवार बर्बाद हो रहे हैं। तथाकथित अच्छे दिन आने के बाद भी दवा व इलाज के बढ़ते खर्च से हालत बदतर होती जा रही है। सरकार की तरफ से तमाम दावे किए जाते हैं, कई बार योजनाएं भी आती हैं, लेकिन गरीब आदमी के पास आज भी सस्ती दवाइयां उपलब्ध होना एक चुनौती है। जेनेरिक दवा के अभियान पर खर्च करके बहुत कुछ कहा गया , लेकिन गंभीर बीमारी में इसका स्पेसिफिक दवाओं जैसा असर नहीं होने की बात लोग कहने लगे हैं। जिसके कारण कई भुक्त भोगी मरीज़ ब्लड प्रेशर से लगायत अन्य कई बीमारियों की रोज़ लेने वाली दवा फिर किसी ब्रांडेड कंपनी से खरीदने लगे हैं। इसमें सबसे ज्यादा बर्बाद हो रहे हैं गरीब व दलित




परिवार। इसलिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इसे मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा - इस देश को अब 'वन मेडिसिन वन प्राइस' की जरूरत है।इस बारे में चंद्रशेखर आजाद कहते हैं कि एक ऐसा देश जहां पर हम सभी इस समय वन नेशन वन इलेक्शन को प्रमोट कर रहे हैं, क्या दवाइयों के साथ भी ऐसा नहीं हो सकता।


इस देश में किसी बीमारी की एक कंपनी की दवाई यदि 5 रुपये में मिलती है, तो दूसरी कंपनी की 200 रू. में। इन कंपनियों को खुली छूट दी गई है और ये लोगों को लूट रहे हैं। इस बात को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बड़े स्तर पर लोगों की जेब को चपत लग रही है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि अब देश में वन मेडिसिन वन प्राइस की पॉलिसी लागू हो जानी चाहिए, जिससे सभी को एक समान प्राइस पर कोई भी दवाई उपलब्ध हो सके। वैसे ऐसा नहीं है कि सरकार इस बारे में नहीं जानती है, कई जरूरी दवाइयों के दम पर कैप लगाने का काम होता है जिससे तय रेट से ज्यादा पर वो मार्केट में ना बेची जाए। कोरोना के समय भी ऐसा देखा गया था, जब जरूरी दवा के दाम पर कैप लगा था। लेकिन अब चंद्रशेखर आजाद ने बड़ा मुद्दा उठाते हुए कहा है कि सिर्फ किसी दवा की कंपनी बदलने से उसका रेट नहीं बदलना चाहिए। उनकी तरफ से सरकार से मांग की गई है इस बारे में जल्द ही कोई कार्रवाई की जाए जिससे सभी को जरूरी दवाइयां मिल सकें। फिलहाल अब तक इस पर सरकार ने कुछ नहीं कहा है।

# ब्रेन इंजुरी की ज्यादातर घटनाएं सड़क दुर्घटनाओं से होती हैं

- **दिमाग में चोट लगने से याददाश्त खो व धीमा हो सकती है**

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी के मामले भारत में भी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।इसके कारण मृत्यु दर व अपंगता भी बढ़ती जा रही है। विश्व बैंक 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में जितने वाहन हैं उनमें से भारत में मात्र 1% वाहन हैं, लेकिन सड़क दुर्घटना में मरने वालों का प्रतिशत वैश्विक मौतों का लगभग 10% है। जो कि बहुत ही चिंताजनक है।क्योंकि ब्रेन इंजरी की ज्यादातर घटनाएं सड़क दुर्घटनाओं से होती हैं, लेकिन घर में गिरना व खेलों से जुड़ी चोट भी इसके मुख्य कारण हैं। दिमाग की चोट से उबरना केवल जिंदा रहने तक काफी नहीं है। आगे चलकर जीवन की गुणवत्ता को असल में रिहैबिलिटेशन तय करता है। यह एक प्लांड, मल्टी स्टेज प्रोसेस है, जो मरीजों को फिर से काम करने, आत्मनिर्भर बनने व जीवन में उद्देश्य पाने में मदद करती है।




### रिहैबिलिटेशन की जरूरत

- दिमाग में चोट लगने के बाद की जिंदगी में रिहैबिलिटेशन एक बुनियाद की तरह होता है। यह एक पर्सनल व टाइमलाइन प्रोसेस होता है, जो आमतौर पर तीन स्टेज में होता है।
- प्रारंभिक चरण (अस्पताल में आधारित)
- मध्य चरण (आउट पेशेंट थेरेपी)
- अंतिम चरण (घर या समुदाय आधारित देखभाल)
- रिहैबिलिटेशन का प्रकार व इंटेंसिटी मरीज की स्थिति व टारगेट पर निर्भर करती है।

*इस तरह इस पूरे क्रम में डॉक्टर, थेरेपिस्ट व मनोवैज्ञानिकों की एक टीम शामिल होती है, जो व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रिकवरी में मदद करती है। परिवारों को भी ट्रेंड किया जाता है ताकि वे क्लिनिक से बाहर भी बेहतर देखभाल कर सकें।*

**दिमाग में चोट लगने के बाद :** दिमाग में चोट लगने से कई तरह की शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक क्षमताओं पर प्रभाव पड़ सकता है। कई मरीजों में इंद्रियों में बदलाव देखने को मिलते हैं। जैसे सुनने, देखने या छूने की क्षमता में कमी आना। कुछ मामलों में मरीज शरीर के कुछ अंगों को महसूस करना ही बंद कर देते हैं, जिसे 'नेग्लेक्ट' कहा जाता है। याददाश्त में कमी , भ्रम, फोकस करने में दिक्कत या फैसला लेने की क्षमता में कमी आना जैसे मानसिक लक्षण दिखना आम हैं, जो रोज की जिंदगी को प्रभावित करते हैं।

सोशल व इमोशनल बदलाव भी गंभीर होते हैं। बहुत से लोग दूसरों से जुड़ने या सामाजिक संकेत समझने में परेशानी महसूस करते हैं, जिससे अकेलापन महसूस होता है। जिन लोगों को पहले कोई मानसिक समस्या नहीं थी, उन्हें भी मूड में बदलाव, चिंता या अवसाद हो सकता है।हालांकि लक्षण हर मरीज में अलग हो सकते हैं और कुछ देर के लिए भी हो सकते हैं। लेकिन इन्हें पहचानकर वक्त पर उपचार कराना जरूरी है।

वैसे तो अन्य अंगों की तरह मस्तिष्क के पास खुद को ठीक करने की अद्भुत क्षमता होती है, जिसे न्यूरोप्लास्टिसिटी कहा जाता है। लगातार टारगेटेड थेरेपी के जरिए मरीज फिर से खोई हुई क्षमताएं पा सकता है या ऑप्शनल तरीके अपनाकर रोजाना के काम कर सकता है। फिजिकल, ऑक्यूपेशनल, स्पीच-लैंग्वेज व कॉग्निटिव थेरेपी न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ावा देती हैं। ये न केवल शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को फिर से नॉर्मल करती हैं, बल्कि आत्म-सम्मान, आत्मविश्वास को भी वापिस पाने में मदद करती हैं।



# समोआ के पास दक्षिण प्रशांत में 6.6 तीव्रता का भूकंप, पूरे देश में महसूस किए गए झटके

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, शुक्रवार को दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश समोआ के पास 6.6 तीव्रता का भीषण भूकंप आया। हालांकि, किसी के हताहत होने या किसी नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार देर सुबह राजधानी अपिया से 440 किलोमीटर (273 मील) दक्षिण-पश्चिम में 314 किलोमीटर (195 मील) की गहराई पर आया। समोआ ऑब्ज़र्वर समाचार वेबसाइट के एक कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने भूकंप महसूस नहीं किया।

# किसी सैनिक को साथी ने गोली मार दी तो सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता' : हाईकोर्ट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शहीद सैनिकों को लेकर एक अहम फैसला दिया। अदालत ने कहा कि साथी की गोली से मरे सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है. तो उसे युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों को मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता।अदालत ने यह फैसला याचिकाकर्ताओं भारत संघ और अन्य द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के 22 फरवरी, 2022 के आदेश को दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए सुनाया। एएफटी ने प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। देवी का बेटा भारतीय सेना का जवान था और जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन रक्षक' में ड्यूटी पर तैनात था और 21 अक्टूबर 1991 को एक साथी सैनिक द्वारा चलाई गई गोली के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की पीठ ने 16 जुलाई को दावा के लिये आवेदन करने में देरी सहित कई आधारों पर देवी को पेंशन देने से इनकार करने की केंद्र की दलील खारिज कर दी। अदालत ने कहा, ''यह स्पष्ट है कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है तो उसे किसी भी तरह से उन लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता जो उन सैनिकों को मिलते हैं जो कार्रवाई के दौरान अपनी जान गंवाते हैं।'' अदालत इस दलील से भी संतुष्ट नहीं हुई कि आवेदन दाखिल करने में देरी हुई क्योंकि पेंशन, जिसका हकदार राष्ट्र की सेवा करने वाला कर्मचारी हर महीने होता है, एक सतत कारण है। एएफटी ने रक्षा मंत्रालय को देवी के उदारीकृत पारिवारिक पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। उदारीकृत पारिवारिक पेंशन, साधारण पारिवारिक पेंशन की तुलना में अधिक लाभ से युक्त होती है

# सतयुग से कलयुग तक के प्रभावशाली 1000 हिंदुओं की तैयार होगी सूची

### पहले चरण में 500 मृत व 500 जीवित हिंदुओं को शामिल किया गया है

संवाददाता

**वाराणसी।** अखिल भारतीय संत समिति ने दुनिया के प्रभावशाली 1000 हिंदुओं की सूची तैयार करने के लिए अध्ययन , मनन , चिंतन शुरू कराया है। इसकी शुरुआत सतयुग से होगी, समापन कलयुग में अब तक होगी। यह क्यों हो रहा है ? हो रहा है सनातन के वैभव को दुनिया को बताने के लिए।इसके लिए हिंदू समाज के प्रभावशाली लोगों की सूची तैयार की जा रही है। पहली सूची में सनातन धर्म के एक हजार प्रभावशाली लोगों को शामिल किया जाएगा। प्राचीन काल से वर्तमान तक के सभी प्रभावशाली सनातनी हिंदू इस सूची में होंगे। अखिल भारतीय संत समिति अक्टूबर 2025 में होने वाली संस्कृति संसद में इस सूची को सार्वजनिक करेगी। अखिल भारतीय संत समिति ने इसके लिए देश भर में शोध आरंभ कर दिया है। पहले चरण में 500 मृत व 500 जीवित हिंदुओं को शामिल किया गया है। संत समिति




को हर साल इसे वैश्विक स्तर पर जारी किया जाएगा। इसमें देश ही नहीं विदेश में रहने वाले हिंदू समाज के प्रभावशाली लोगों को भी शामिल किया जाएगा। सूची में हिंदू वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, लेखक के साथ ही समाज पर विशेष प्रभाव डालने वाले लोगों को शामिल किया जाएगा। इस सूची में महाभारत के रचयिता वेदव्यास, रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि, पतंजलि, आर्यभट्ट, वराहमिहिर के साथ ही गोस्वामी तुलसीदास, संत कबीर और गंगा विज्ञानी प्रो. जीडी अग्रवाल का भी नाम शामिल है। सूची पर अंतिम मुहर सितंबर माह में लगेगी।

**अब देखें 19वीं सदी के प्रभावशाली हिंदू :** राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री अरबिंदो, महात्मा गांधी, विनोबा भावे, रवींद्रनाथ टैगोर, मदन मोहन मालवीय ,बंकिम चंद्र चटर्जी, प्रफुल्ल चंद्र रे, जगदीश चंद्र बोस, श्रीनिवास रामानुजन, सत्येंद्र नाथ बोस, मेघनाद साहा, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम प्रमुख हैं।

अखिल भारतीय संत समिति के एक महामंत्री हैं स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती,उनके अनुसार हिंदू समाज के गौरवशाली इतिहास व सामर्थ्य को विश्व स्तर पर बताने के लिए यह सूची तैयार कराई जा रही है। हिंदू समाज का देश ही नहीं दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान है। इस सूची के मार्फत हम अपने योगदान को पूरे विश्व को बताएंगे कि हमने दुनिया को क्या दिया है?

महाभारत के रचयिता वेदव्यास, रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि, योग सूत्र के प्रवर्तक पतंजलि, सांख्य दर्शन के प्रवर्तक कपिल मुनि, न्यास दर्शन के गौतम, एटामिक थ्योरी के दार्शनिक कन्नडा, मीमांसा के जैमिनी, आदि शंकराचार्य, तमिल दार्शनिक तिरुवल्लुवर, पाणिनी, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कर, चरक, सुश्रुत आदि का नाम शामिल किया गया है। मध्यकाल के प्रभावशाली संत -रामानुजाचार्य, माधवाचार्य, बसवन्ना, चैतन्य महाप्रभु, मीरा बाई, गोस्वामी तुलसीदास, संत कबीर, नामदेव, संत एकनाथ, संत ज्ञानेश्वर शामिल हैं।

### आजादी के बाद के प्रभावशाली हिंदू

सीवी रमन, होमी जहांगीर भाभा, विक्रम साराभाई, हरगोविंद खुराना, सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, सीएनआर राव, जयंत नारलीकर, मंजुला भार्गव, सबीर भाटिया, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. कर्ण सिंह, आशीष नांदी, राजीव मल्होत्रा, देवदत्त पटनायक शामिल हैं।



### जेसीएसएसआई ने रांची के जेएससीए स्टेडियम में किया वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन

# सुरक्षा प्रथम मानसिकता विकसित करने के लिए हमेशा प्रयास करें : अनूप कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) ने शुक्रवार को जेएससीए स्टेडियम, रांची में वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। ज्ञात हो कि जेसीएसएसआई, राष्ट्रीय स्तर पर एक अनूठा द्विपक्षीय मंच है, जिसमें सेल, आरआईएनएल, टाटा स्टील जमशेदपुर और मेरामंडली, जेएसडब्ल्यू स्टील, विजयनगर और डोलवी, आर्सेलर मित्तल, निप्पॉन स्टील, हॉस्पेट स्टील लिमिटेड, नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड, भूषण पावर एंड स्टील कंपनी, एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट आदि जैसी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों से जुड़े 25 सदस्य संगठनों के प्रबंधन और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व है। सेल सुरक्षा संगठन, रांची द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में अनूप कुमार, उपाध्यक्ष, जेसीएसएसआई और ईडी (एसएसओ), सेल, एस वशिष्ठ, सदस्य सचिव, जेसीएसएसआई और सीजीएम (सुरक्षा), एसएसओ, गौतम भाटिया, मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) और ट्रेड यूनियन नेता, विद्या सागर गिरि (एटक), बीएन चौबे (इंटक), केएस राव (बीएमएस), संजय वाधवकर (एचएमएस), पीके मुखर्जी (सीटू) उपस्थित थे। इस भव्य पुरस्कार समारोह में पुरस्कार विजेताओं, जेसीएसएसआई के प्रबंधन और टीयू प्रतिनिधियों के साथ-साथ सेल सुरक्षा संगठन, रांची के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

**पूरे देश से जुटे इस्पात कंपनियों के प्रतिनिधि**



अपने स्वागत भाषण में अनूप कुमार ने सदस्य संगठनों से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने का आग्रह किया और एकजुट होकर काम करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सुरक्षा-प्रथम मानसिकता विकसित करने के लिए अथक प्रयास करने का आह्वान किया, जो इतनी गहराई से समाहित हो कि कार्यबल का सबसे निचला स्तर भी असुरक्षित कार्य से इनकार करने में सक्षम महसूस करे।

अनूप कुमार ने कहा कि इस्पात उद्योग में सुरक्षित कार्य स्थितियों को सुनिश्चित करने और 'शून्य हानि' के अंतिम लक्ष्य की दिशा में सामूहिक रूप से प्रयास करने की साझा जिम्मेदारी दोहराई। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और यूनियन सदस्यों से सुरक्षा प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में निरंतर समर्थन देने का आग्रह किया, जो सुरक्षा प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सहायक होगा। ट्रेड यूनियन नेता बीएन चौबे, संजय वाधवकर, विद्या सागर गिरि, पीके मुखर्जी और केएस राव ने भी सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में अपने बहुमूल्य विचार रखे। विजेता सदस्य संगठनों के बीच विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 162 पुरस्कार (2023 के लिए 79 और 2024 के लिए 83) वितरित किए गए। वर्ष 2023 के लिए स्टील प्लांट में शून्य घातक दुर्घटना के लिए प्रतिष्ठित 'इस्पात सुरक्षा पुरस्कार' दुर्गापुर स्टील प्लांट, बोकारो स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर, नीलाचल इस्पात निगम स्टील प्लांट और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट, नगरनार को मिला। वर्ष 2024 के लिए, राउरकेला स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर, टाटा स्टील मेरामंडली, नीलांचल इस्पात निगम स्टील प्लांट, एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट, नगरनार और जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, विजयनगर ने पुरस्कार जीता। समारोह का समापन संजय अग्रवाल, महाप्रबंधक (सुरक्षा) एसएसओ के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पुरस्कार समारोह के बाद, समिति ने जेएससीए स्टेडियम, रांची में विस्तृत बैठक की, जो कि कल तक जारी रहेगी। बैठक में सदस्य संगठनों द्वारा सुरक्षा स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## मंत्री सुदिव्य से मिला वोकेशनल टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से शुक्रवार को वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सीनेट सह सिंडीकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनधिमंडल ने उन्हें झारखंड की उच्च शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की दुर्दशा के निवारण के लिए 20 सूत्री ज्ञापन दिया। वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी अनेकों समस्याओं से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। उच्च न्यायालय, झारखंड ने नवंबर 2024, में 4 महीने के भीतर प्राध्यापकों की नियुक्ति करने का आदेश दिया था, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिक्षकों के 2500 से ज्यादा पद खाली हैं, कर्मचारियों की वर्ष 1990 के बाद नियुक्ति नहीं की गई है। प्राध्यापकों को प्रमोशन नहीं मिलने से 54 महाविद्यालयों में प्राचार्य के पद रिक्त हैं। विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों के अधिकतर पद प्रभार में चल रहे हैं।

## रांची विश्वविद्यालय की कार्रवाई कोर्ट के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ मिथिलेश कुमार सिंह को 'लिएन' यानी ग्रहणाधिकार अवकाश की अवधि नहीं बढ़ाने और फिर 14 जुलाई को पत्र जारी कर दस दिनों के भीतर रांची विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान नहीं करने पर चेतावनी देने के मामले में दायर याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दायर याचिका डब्ल्यूपी (एस) फाइलिंग नंबर 712/2025 में हाईकोर्ट ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की कोई भी कार्रवाई कोर्ट के अंतिम फैसले से प्रभावित होगी। हाईकोर्ट के समक्ष रांची विश्वविद्यालय के अधिवक्ता ने आग्रह किया कि इस मामले में कुलाधिपति और विनोबा भावे विवि को भी पार्टी बनाया जाए तथा काउंटर एफिडेविट दायर करने के लिए समय दिया जाए।

### स्वतंत्रता समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक, कहा

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था ससमय पूर्ण करें

- कहा, मोरहाबादी मैदान में अस्थायी मंच को पूर्व के मंच के आकार का बनाएं
- राष्ट्रीय गान के समय प्रोटोकॉल का पालन भी सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**परेड रिहर्सल को समन्वय के साथ ससमय पूर्ण करें**

समारोह के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था और मीडिया के लिए इनक्लोजर निर्माण का भी निर्देश दिया गया। ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जिम्मे दिया गया। समीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था, अग्निशमन और यातायात, पार्किंग आदि के लिए भी निर्देश दिए गए। मुख्य समारोह के दौरान आकर्षण का केंद्र रहने वाले परेड के रिहर्सल को समन्वय के साथ ससमय पूर्ण कर लेने को कहा गया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शुक्रवार को रांची और दुमका में 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कर लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बारिश का मौसम होने के कारण उन्होंने निर्देश दिया कि झंडारोहण निर्धारित समय से संपन्न हो, इसके लिए सभी जरूरी कार्य समय रहते संपन्न कर लिया जाए। साथ ही, मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि समारोह के दौरान राष्ट्रीय गान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी मैदान और दुमका के पुलिस लाइन में आयोजित होता है। रांची में मुख्यमंत्री और दुमका में राज्यपाल झंडारोहण करते हैं।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए निर्मित होने वाले अस्थायी मंच को पूर्व के मंच के आकार का बनाने का निर्देश दिया। मंच की गुणवत्ता और सुरक्षा मानक पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने मोरहाबादी में समारोह के प्रसारण के लिए लगी एलईडी स्क्रीन पर तस्वीरें स्पष्ट आए, इसे भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने आमंत्रण कार्ड की छपाई और वितरण, स्वतंत्रता सेनानियों एवं अन्य महपुरुषों की मूर्तियों की सफाई तथा माल्यार्पण, समारोह स्थल पर बैठने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल तक मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को लाने, ले जाने की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल एवं अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, समारोह स्थल के सभी पहुंच पथ एवं फ्लैंक की मरम्मत और रंग-रोगन, समारोह स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया।

बताया गया कि मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, जैप, आईआरबी, जिला पुलिस, फायर बिग्रेड, होम गार्ड एवं एनसीसी के पुरुष व महिला बटालियन सम्मिलित होंगे। इसी तरह जिलों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी पूर्व की तरह व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

## झारखंड राज्य देने वाले युग पुरुष का अपमान : सेठ

**रांची।** झारखंड में झामुमो कांग्रेस सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक की योजना का नाम बदल कर मदर



टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक करना सरकार की मानसिकता को दर्शाने वाला है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसकी कड़ी शब्दों में निंदा की है श्री सेठ ने कहा कि झारखंड के निर्माता श्रद्धेय अटल जी का अपमान है। झारखंड की सरकार थोड़ी सी भी संवेदनशील होती तो इस मामले को समझ पाती कि अटल जी ने झारखंड के गठन में क्या योगदान दिया है परंतु सरकार पूरी तरह से ऐसी शक्तियों के हाथ में है, जिसे झारखंड से कोई मतलब ही नहीं है। बेहतर होता कि नाम बदलने की जगह सरकार ने ऐसे क्लिनिक और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाया होता है। ऐसे नए क्लीनिक खोलकर राज्य की जनता की सेवा की तरफ कदम बढ़ाया होता।

### लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता 2025-26 का हुआ उद्घाटन

## झारखंड में जन्मजात खिलाड़ी पैदा होते है, यहां आदिवासियों में तीरंदाजी एक परंपरा है : शिक्षा मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी मेसरा में शुक्रवार से प्रथम राज्यस्तरीय लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता 2025-26 का आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार की खेल नीति के तहत सभी जिलों में खेल प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है। ऐसे अभिभावक भी प्रशंसा के पात्र है, जिन्होंने अपने बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। हमारी सरकार की सोच है कि आज हम शिक्षा के साथ साथ खेल और संस्कृति को भी व्यवहार में शामिल करे। केवल शिक्षा से ही पूर्ण रूप से भविष्य को उज्जवल नहीं कर सकते है, शिक्षा के साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी होना आवश्यक है। उज्जवल भविष्य की शुरुआत बच्चो से ही होती है। मंत्री ने कहा कि फुटबॉल झारखंड का लोकप्रिय खेल है। यहाँ के गांव देहात में बच्चे कपड़ो का फुटबॉल बनाते है। पढ़ाई से फुर्सत निकालकर बच्चे मैदानों में फुटबॉल खेलते है। झारखंड में जन्मजात खिलाड़ी पैदा होते है। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी इसका उदाहरण है। तीरंदाजी में तो झारखंड का कोई जवाब नहीं है, राज्य के घर घर में आदिवासी शिकार खेलने जाते है। तीरंदाजी यहां के आदिवासियों की परंपरा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के साथ हुनर को बढ़ावा देने का कार्य किया है, जिससे बच्चे +2 के बाद स्वरोजगार भी कर सकते है।



**झारखंड में शिक्षा में हो रहा है निरंतर नवाचार : निदेशक**

समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि प्रथम राज्यस्तरीय लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता मंत्री के मार्गदर्शन में हो रहा है। झारखंड में शिक्षा में लगातार नवाचार हो रहा है। लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चो को कम उम्र में ही खेल भावना के साथ जोड़ना है, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर के सफलतम खिलाड़ियों ने भी छोटी उम्र से ही खेल प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## नगर मंदिर के चोरों का नहीं पकड़ा जाना पुलिस पर बड़ा सवाल : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने 18 जुलाई 2025 को चंदवा नगर मंदिर में दान पेटी चोरी की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह घटना न सिर्फ कानून व्यवस्था की दुर्दशा को दर्शाती है, बल्कि प्रदेश सरकार की धार्मिक आस्थाओं के प्रति संवेदनहीनता का भी प्रमाण है। प्रतुल ने कहा कि इससे पहले भी 24 फरवरी 2023 को मंदिर की दान पेटी को काटकर चोरी कर ली गई थी। ढाई वर्ष बाद भी इस घटना का भी उद्भेदन नहीं हो पाया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल की चोरी की घटना के एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरी का उद्भेदन हो पाया है और न ही दोषियों की पहचान या गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर जब एक सार्वजनिक मंदिर में जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है, वहां की दान पेटी तक सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है?



**राज्यपाल की भूमिका को कमज़ोर करने का प्रयास : प्रतुल शाहदेव**

**रांची।** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों से राज्यपाल के कुलपति, प्रति कुलपति एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति करने के निर्णय को समाप्त करने का जो निर्णय लिया गया है। वह पूरी तरह असंवैधानिक, दुर्भावनापूर्ण और लोकतंत्र के मूलभूत ढांचे पर सीधा प्रहार है। यह स्पष्ट रूप से शिक्षा व्यवस्था का राजनीतिककरण करने और उच्च शिक्षण संस्थानों को अपनी कठपुतली बनाने का षड्यंत्र है।

**सम्मान पर चोट** | अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर बाबूलाल मरांडी ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कहा


# राजनीति के निम्न स्तर पर उतरी हेमंत सरकार

**बोले नेता प्रतिपक्ष**

- झारखंड और आदिवासी अस्मिता को वाजपेयी ने ही दी पहचान
- नाम बदलने से ज्यादा जरूरी है, स्वास्थ्य व्यवस्था में बुनियादी सुधार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा के नाम पर किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा है कि इसे कृतघ्नता कहा जाए या नैतिक पतन कि राज्य सरकार ने मोहल्ला क्लिनिक के नाम से अटल बिहारी वाजपेयी जी का नाम हटाने का निर्णय लिया है? उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का योगदान किसी परिचय का मोहताज नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा, वर्ष 1999 में अटल जी ने झारखंड की धरती से जनता से वादा किया था कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनी, तो झारखंड के लोगों को एक अलग राज्य का उपहार दिया जाएगा। जैसे ही उनकी सरकार बनी, उन्होंने अपना यह वादा निभाया। कहा कि झारखंडवासियों को उनका अधिकार दिलाने में और आदिवासी अस्मिता को अलग पहचान देने में अटल जी के अटल इरादों की निर्णायक भूमिका रही है। लेकिन, हेमंत सरकार ने राजनीति के निम्नतम स्तर को छूते हुए उनके योगदान को अनदेखा कर दिया।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि क्या सरकार यह स्पष्ट कर सकती है कि कैबिनेट के इस निर्णय से स्वास्थ्य व्यवस्था में वास्तविक सुधार होगा। एंबुलेंस समय पर पहुंचने लगेगी? क्लिनिक में बेहतर इलाज उपलब्ध होगा? मरांडी ने कहा, यदि सरकार को वास्तव में मदर टेरेसा का सम्मान करना था, तो उनके नाम पर कोई नई योजना लाती, ऐसी योजना जो मरीजों को सहारा और सेवा प्रदान करती, जो स्वयं मदर टेरेसा के जीवन का उद्देश्य था। किंतु ऐसा न कर सरकार ने यहां भी केवल राजनीतिक हित साधने का प्रयास किया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी बदहाल है कि गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस न मिलने के कारण रास्ते में ही प्रसव कराना पड़ रहा है। वृद्ध महिलाओं को खाट पर अस्पताल ले जाया जा रहा है और शवों को ले जाने तक के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं है। परंतु, इन बुनियादी समस्याओं को दूर करने के बजाय, सरकार नाम बदलने में व्यस्त है।

## पीएम मोदी के सेवा-समर्पण के 4078 दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को बतौर प्रधानमंत्री 4078 दिन पूरा कर देश के दूसरे प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन केवल काल गणना नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के दिन है। गांव, गरीब, किसान को समर्पित दिन है। यह अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत को समर्पित दिन है। ये दिन परिवारवाद के पार राष्ट्रवाद को समर्पित दिन है। ये दिन भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन है। मरांडी ने कहा, मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति की ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ ,सुखी यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कहा कि भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का सपना साकार होते देखना चाहती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष शामिल हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**लोहरदगा के दो लालों ने रचा....**

आर्ट्स विषय में पूरी की। यह उनका दूसरा प्रयास था। वही कृष्णा ने वर्ष 2013 में रांची स्थित कैंब्रिज स्कूल से मैट्रिक, 2015 में डीएवी कपिलदेव, रांची से इंटर और स्नातक की पढ़ाई गोस्सनर कॉलेज से आर्ट्स विषय में की। यह उनका भी दूसरा प्रयास था। उनके चाचा अशोक कुमार शुक्ला, टाटी गांव के स्कूल में पारा शिक्षक हैं। कृष्णा की इस सफलता से पूरे गांव, प्रखंड व जिले में हर्ष का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**आठ गिरफ्तार, 3.14 क्विंटल...**

आरोपी डब्लू यादव ने पहले अन्य आरोपियों से डोडा की डीलिंग की, फिर लालच में आकर हरमीत और सतबीर को एक कमरे में बंद कर उनके परिवार से फिरौती की मांग करने लगा। पलामू एसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से तस्करी से जुड़ी एक लाल रंग की डायरी भी बरामद हुई है। साथ ही यह भी बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी स्थानीय पुलिसकर्मियों को पहले से थी, लेकिन मिलीभगत के कारण इसकी सूचना वरीय अधिकारियों तक नहीं दी गई। इस मामले में एसडीपीओ को जांच का आदेश दिया गया है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी दल में लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, सहायक अवर निरीक्षक रामचंद्र सिंह, ओम प्रकाश बैठा, आईआरबी 10 डी कंपनी के सशस्त्र बल और पांकी थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट और अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

**राज्य को मिलेगा एक और सैनिक...**

पूरे देश के अलग-अलग सैनिक स्कूलों की तुलना में राज्य के तिलैया स्थित सैनिक स्कूल में सर्वाधिक 875 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, मुख्य सचिव ने सैनिक स्कूल, तिलैया के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि स्कूल की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने में कोई कोताही नहीं होगी। सैनिक स्कूल तिलैया में 9.49 करोड़ रुपए से नई जलापूर्ति योजना बहाल की जाएगी। इसकी तकनीकी स्वीकृति पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से प्राप्त हो चुकी है। सैनिक स्कूल, तिलैया में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। वहीं, स्कूल स्थित स्टॉफ क्वार्टरों के रख-रखाव के लिए भवन निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। दूसरी ओर, सैनिक स्कूल तिलैया के कर्मियों की पेंशन, पारिवारिक पेंशन, एनपीएस तथा अन्य लाभ राज्य सरकार द्वारा वहन करने का प्रस्ताव सैनिक स्कूल, तियैया द्वारा रखा गया। बताया गया कि इस मद में लगभग 7 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसके आलोक में मुख्य सचिव ने स्कूली शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि वे इसके लिए दूसरे राज्यों में स्थित सैनिक स्कूलों के मॉडल का परीक्षण कर लें, फिर उसके आधार पर आगे बढ़ें। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और सैनिक स्कूल, तिलैया के प्रतिनिधि मौजूद थे। **छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच अब कोडरमा में होगी :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने निर्देश दिया कि सैनिक स्कूल, तिलैया में अध्ययनरत छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच अब कोडरमा में ही होगी। अब तक इसके लिए छात्रों को हजारीबाग जाना पड़ता था। इससे काफी परेशानी होती थी।

**राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के...**

राज्य में एक और सैनिक स्कूल की स्थापना की पहल हेमंत सरकार की शिक्षा नीति के अनुरूप राज्य के बच्चों की बेहतरी के लिए है।

जोबला पाठ में गर्भवती महिला को...

गुड़िया देवी के पति सुरेंद्र कोरवा ने अपनी पत्नी को अपने पीठ पर लादकर जोबला पाठ से ब्रह्मपुर तक पहुंचाया, जहां से एम्बुलेंस उन्हें चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा सकी। स्वास्थ्य सहिया ग्लोरिया लकड़ा ने इस भयावह स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोबला पाठ तक जाने के लिए कोई सड़क नहीं है, सिर्फ पगडंडी के सहारे ही आना-जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अधिसंख्य गर्भवती महिलाओं को ऊपर पाठ से नीचे लाने में काफी परेशानी होती है। उन्हें स्वयं पैदल चलकर इतनी ऊंचाई तक जाना पड़ता है। रास्ते में न तो कोई पुल है और न ही कोई सुगम मार्ग, खेत की मेड़ों से होकर एक-एक परिवार तक पहुंचना पड़ता है। यह घटना जोबला पाठ जैसे कई अन्य दूरस्थ आदिम जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचना की कमी की पोल खोलती है। यह दर्शाता है कि सरकारी योजनाएं कागजों पर भले ही कितनी भी अच्छी क्यों न लगें, जमीनी स्तर पर उनकी पहुंच और प्रभावशीलता सुनिश्चित करना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आज भी एक बुनियादी सड़क जैसी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जो उनके जीवन को सीधे प्रभावित करती हैं।

**सबसे लंबे कार्यकाल वाले देश के...**

करने वाले और दो बार बहुमत के साथ पुनः निर्वाचित होने वाले पहले और एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं, जिससे वे लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, वे वर्ष 1971 में इंदिरा गांधी के बाद पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू के अलावा, वे भारत में किसी राजनीतिक दल के नेता के रूप में लगातार तीन चुनाव जीतने वाले भी एकमात्र प्रधानमंत्री हैं।

भारत के सभी प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों में, वे एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने किसी दल के नेता के रूप में लगातार छह चुनाव जीते हैं— गुजरात (2002, 2007, 2012) और लोकसभा चुनाव (2014, 2019, 2024)। राज्य या केंद्र में, लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के लगभग 24 वर्षों के कार्यकाल में यह एक और मील का पत्थर होगा।

लंबे समय तक पद पर स्थापित रहने का रिकॉर्ड प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीन लोकसभा चुनावों में अपनी-अपनी पार्टियों को जीत दिलाने में नेहरू की बराबरी की है। गुजरात के वडनगर में एक साधारण परिवार में जन्मे नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से पहले, रेलवे स्टेशन पर अपने पिता के साथ चाय बेचने में मदद की। अपने जमीनी जुड़ाव और दमदार संवाद शैली के लिए जाने जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भाजपा को ऐतिहासिक राष्ट्रीय जीत दिलाने से पहले एक दशक से भी ज्यादा समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। तब से, उन्होंने खुद को एक प्रमुख वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है और भारत को विश्व मंच पर एक आत्मविश्वासी और मुखर आवाज के रूप में पेश किया है।

## श्रेयंका पाटिल और प्रिया भारत 'ए' महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर




● श्रेयंका पिछले कुछ समय से मैदान से बाहर हैं।

**मुंबई (आईएएनएस)**

श्रेयंका पाटिल और प्रिया मिश्रा चोट के कारण भारत 'ए' के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, "दोनों खिलाड़ी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और वर्तमान में अपने रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल का पालन कर रही हैं। श्रेयंका पिछले कुछ समय से मैदान से बाहर हैं। पिछले साल जुलाई में महिला एशिया कप के दौरान उन्हें उंगली में चोट लगी थी। इसके बावजूद अक्टूबर में यूएई में हुए टी20 विश्व कप में वह खेली थीं। हालांकि, एक और चोट के कारण वह विमेंस प्रीमियर लीग 2025 से बाहर हो गई थीं। श्रेयंका और प्रिया दोनों के अनुपलब्ध होने के कारण, बंगाल की बल्लेबाज धरा गुज्जर और उत्तराखंड की ऑलराउंडर प्रेमा रावत को तीनों प्रारूपों के लिए टीम में शामिल किया गया है। धरा को पहले एकदिवसीय और चार दिवसीय टीमों में शामिल किया गया था, जबकि प्रेमा को केवल टी20 के लिए चुना गया था। इसके अलावा, विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया था।

## फ्रांसिस और बेन ने ऑल-अमेरिकन क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



● टियाफो ने पिछले साल यूएस ओपन के तीसरे राउंड में अपने ही देश के बेन शेल्टन को हराया था

फ्रांसिस टियाफो ने फ्लावियो कोबोली को 6-1, 6-4 से हराकर डीसी ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह 2025 एटीपी टूर सीजन में टियाफो का तीसरा क्वार्टरफाइनल है, इससे पहले उन्होंने ह्यूस्टन और रोलैंड गैरोस में यह उपलब्धि हासिल की थी। एटीपी के अनुसार, टियाफो इस सदी में आंद्रे अगासी और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ उन चुनिंदा पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने लगातार चार साल तक वाशिंगटन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। इस सीजन में उनकी पहली टॉप 20 जीत (1-2) के साथ, टियाफो ने 2024 यूएस ओपन सेमीफाइनल के बाद पहली बार लगातार दो हार्ड-कोर्ट जीत दर्ज की हैं। टियाफो ने पिछले साल यूएस ओपन के तीसरे राउंड में अपने ही देश के बेन शेल्टन को हराया था और अब शुक्रवार के क्वार्टरफाइनल में फिर से भिड़ेंगे, जहां उनके पास शेल्टन के खिलाफ अपने लेक्सस एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को 2-2 से बराबर करने का मौका होगा। शेल्टन ने गेब्रियल डियालो को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। टियाफो ने शेल्टन के साथ मुकाबले के बारे में कहा, "मैं उत्साहित हूं। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं।

पिछले साल यूएस ओपन में हमारा शानदार मुकाबला हुआ था। मुझे लगता है कि हम दोनों ने तब अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। उन्होंने मुझे पहली कुछ बार हराया। वह एक शानदार खिलाड़ी और मेरा अच्छा दोस्त है।

### जो रूट ने 38वें शतक के साथ रचा इतिहास

# सर्वाधिक टेस्ट रन में पोंटिंग कैलिस और द्रविड़ को पछाड़ा



रूट के रिकॉर्ड

● जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। वे अब भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 15,921 रन के वर्ल्ड रिकॉर्ड से पीछे हैं।

**मैनचेस्टर । एजेंसी**

इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। शुक्रवार को मैच का तीसरा दिन है। इंग्लिश टीम ने टी-ब्रेक तक पहली पारी में 4 विकेट पर 450 रन बना लिए हैं। जो रूट 130 और बेन स्टोक्स 41 पर नाबाद हैं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। जो रूट टेस्ट क्रिकेट के टॉप-2 स्कोरर में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग (13, 378 रन) को पीछे छोड़ा। सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में रूट ने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा के 38 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। ओली पोप (71 रन) को वॉशिंगटन सुंदर ने स्लिप पर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। उन्होंने 106 रन की साझेदारी को तोड़ा। यहां भारतीय टीम को दिन का पहला विकेट मिला।इंग्लिश टीम ने शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन 225/2 से खेलना शुरू किया। बीते दिन बेन डकेट 94 और जैक क्रॉली 84 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 166 रन की ओपनिंग साझेदारी की। भारतीय टीम पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई थी।

## लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे पंत ने फिफ्टी लगाई सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले भारतीय बने

**मैनचेस्टर/एजेंसी ।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन विकेटकीपर ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे। उन्होंने फिफ्टी लगाई। वे सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले भारतीय भी बन गए। वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने 8 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में 5 विकेट लिए।

### मैनचेस्टर टेस्ट के मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स...



1. **लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे ऋषभ पंत :** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत मुकाबले के पहले दिन बैटिंग के दौरान इंजर्ड हो गए। उनके दाएं पैर की उंगली में चोट लगी थी, जिस कारण उन्हें 37 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। वे दूसरे दिन छठा विकेट गिरने के बाद लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे। पंत ने 75 बॉल खेली और 54 रन बनाकर टीम को 350 के पार पहुंचाया।
2. **सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले भारतीय बने :** पंत ऋषभ पंत ने अपनी पारी में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ उनके टेस्ट में 90 छक्के पूरे हो गए। पंत ने टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। नंबर-1 पर मौजूद पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने भी भारत के लिए 90 टेस्ट सिक्स ही लगाए हैं। पंत 2 छक्के लगाकर रोहित शर्मा से आगे निकले, जिनके नाम 88 सिक्स हैं।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट में फिलिप्स की जगह ब्रेसवेल खेलेंगे

**हरारे (आईएएनएस)**




● अब तक 8 टेस्ट मैचों में 24 विकेट लिए और 259 रन बनाए हैं

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए चोटिल ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में शामिल किया गया है। फिलिप्स को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के फाइनल के दौरान चोट लगी थी और जिम्बाब्वे पहुंचने पर उनकी मेडिकल जांच की गई, जिसमें पाया गया कि उन्हें पूरी तरह ठीक होने में कई हफ्तों का समय लगेगा।

ब्रेसवेल को शुरू में जिम्बाब्वे में दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, क्योंकि उनकी प्रतिबद्धताएं इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट के साथ थीं, जो इस सीरीज के साथ ओवरलैप करती थीं। हालांकि, फिलिप्स के ग्रोइन इंजरी के कारण बाहर होने के बाद, ब्रेसवेल को पहले टेस्ट के लिए रिप्लेसमेंट के रूप में बुलाया गया है। यह उनकी 2023 के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी होगी।

34 वर्षीय न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर, जिन्होंने आखिरी बार 2023 में श्रीलंका के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान टेस्ट खेला था, जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ब्लैककैप्स टेस्ट स्क्वॉड में ग्लेन फिलिप्स के चोटिल होने के कारण शामिल किए गए हैं। वह बुलावायो में होने वाले पहले टेस्ट मैच के बाद जिम्बाब्वे से रवाना हो जाएंगे और इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट में साउदर्न ब्रेव के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए जुड़ेंगे। माइकल ब्रेसवेल ने 2022 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 8 टेस्ट मैचों में 24 विकेट लिए और 259 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ग्लेन फिलिप्स की चोट के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए माइकल ब्रेसवेल को टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

## बहादुरी एक बात है, टीम को पंत का ध्यान भी रखना चाहिए: सुरिंदर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




● पैर में फ्रैक्चर की खबरों के बावजूद वह फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे

ऋषभ पंत की इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में गंभीर चोट के बावजूद बल्लेबाजी के लिए वापसी ने उनके साहस और समर्पण को दर्शाया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरिंदर खन्ना ने उनकी बहादुरी की प्रशंसा की, लेकिन यह भी कहा कि टीम प्रबंधन को पंत को चोट के बाद अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए मार्गदर्शन करना चाहिए था। ऋषभ पंत पहले दिन के आखिरी सत्र में क्रिस वोक्स की गेंद पर दाहिने पैर के अंगूठे में चोट लगने के कारण 37 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। पैर में फ्रैक्चर की खबरों के बावजूद वह फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे। गुरुवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में ऋषभ पंत के दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरने पर दर्शकों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूर्व क्रिकेटरों ने भी उनके साहसिक कदम की जमकर सराहना की। पूर्व क्रिकेटर सुरिंदर खन्ना ने शुक्रवार को आईएएनएस से बातचीत में ऋषभ पंत की बहादुरी की तारीफ की, जब उन्होंने क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर के अंगूठे में चोट लगने के बावजूद ओल्ड ट्रैफर्ड में दोबारा बल्लेबाजी की। खन्ना ने पंत के रिवर्स स्वीप के दौरान लगी चोट और उनके साहसिक वापसी को "बहादुरी भरा कदम" बताया। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि मेडिकल रिपोर्ट्स पर अटकलों के बीच, मेडिकल टीम को पंत की चोट पर कड़ी नजर रखनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उनके करियर के लिए खतरा पैदा करने वाली चोट में न बदल जाए। बहादुर होना अच्छी बात है, लेकिन साथ ही, लंबी उम्र के लिए, सावधान रहना भी ज़रूरी है।

## पाक ने रचा इतिहास भारत के बाद बनी दुनिया की दूसरी टीम

**नई दिल्ली ।** एक तरफ जहां भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में खेलने में व्यस्त है। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बांग्लादेश दौरे पर पहली जीत नसीब हुई। लगातार 2 T20I हारने के साथ ही सीरीज गंवाने वाली पाकिस्तान टीम ने आखिरी और तीसरे T20I में मेजबान बांग्लादेश को 74 रनों से करारी शिकस्त दी। इस तरह पाकिस्तान का बांग्लादेश में क्लीन स्वीप होने से बच गया। बांग्लादेश ने 2-1 से सीरीज अपने नाम की। इस दौरान पाकिस्तान ने सीरीज गंवाने के बावजूद इतिहास रच दिया। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को तीसरे T20I में हराने के साथ ही क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 150वीं जीत दर्ज की।

## पीएम मोदी ने इंग्लैंड के क्रिकेटरों से की मुलाकात




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिन की आधिकारिक ब्रिटेन यात्रा के दौरान इंग्लैंड के युवा क्रिकेटरों से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ उनके समकक्ष कीर स्टार्मर भी मौजूद थे। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और युवा क्रिकेटरों की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा, "क्रिकेट का यह रिश्ता अपने चरम पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेकर्स एस्टेट में ब्रिटेन के युवा क्रिकेटरों से मुलाकात की। उनसे बातचीत की और दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। भारत और इंग्लैंड लंबे समय से क्रिकेट के मैदान पर एक-दूसरे के मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय 5 टेस्ट मैचों की 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' के लिए इंग्लैंड दौरे पर है।

शुरुआती 3 मैचों में इंग्लैंड ने 2 जबकि भारत ने एक मैच में जीत हासिल की है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### पीएम मोदी के कारण ब्रिटेन भारत के बीच विश्वास बढ़ा

## एफटीए से दोनों देशों को होगा फायदा : अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वेदांता के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन-भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण दोनों देशों के बीच बढ़े विश्वास का नतीजा है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। अग्रवाल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए अद्वितीय है। इसे लेकर दोनों देशों ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की है। इससे दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि ब्रिटेन के पास 400-500 वर्षों का अनुभव है और इसकी भारत को काफी जरूरत है। यूके के पास न्यूक्लियर, डिफेंस और ऑटोमोबाइल में काफी अच्छी टेक्नोलॉजी है। वहीं, हम टेक्सटाइल, डे-टू-डे प्रोडक्ट्स आदि का निर्यात कर सकते हैं। इस एफटीए से भारत की ओर से निर्यात होने वाले सामानों पर 90-95 प्रतिशत तक शुल्क कम हो जाएगा और दोनों देशों के बीच व्यापार 30 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। अग्रवाल ने आगे बताया कि ब्रिटेन के साथ हुआ यह एफटीए केवल शुरुआत है इसका असर पूरे यूरोप पर होगा। इससे आगे के लिए और अवसर खुलेंगे।



उन्होंने आगे कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल था। इस दौरान दोनों देशों के उद्योगपतियों के बीच बातचीत हुई। अग्रवाल ने कहा, "यह एफटीए एक अच्छे वातावरण में हुआ है। इसकी दोनों देशों को जरूरत थी और इससे दोनों देश के लिए दरवाजे खुल चुके हैं। अग्रवाल ने बताया, "इस दौरे पर पीएम मोदी का व्यक्तित्व इतना आकर्षक था कि यहां रहने वाले लोग भी स्तब्ध रह गए।

## नए इनकम टैक्स बिल में सरल भाषा एक बड़ा बदलाव कानून समझने में होगी आसानी : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरल भाषा का उपयोग प्रावधानों को आसानी से समझने, गलत व्याख्या की संभावना को कम करने और करदाता-केंद्रितता और अनुपालन को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से दी गई। उन्होंने आयकर विभाग से फेसलेस अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष लंबित विवादित कर मांगों के निपटान में तेजी लाने और मुकदमेबाजी के लंबित मामलों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि विभाग को तीन महीने के भीतर केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषित संशोधित मौद्रिक सीमा से नीचे आने वाली विभागीय अपीलों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें वापस लेना चाहिए। 166वें आयकर दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "टैक्स रिफंड की समय पर प्रोसेसिंग और करदाताओं की शिकायतों का सक्रिय एवं समय पर समाधान सुनिश्चित करें। शिकायतों का विश्लेषण करें और न केवल मौजूदा लंबित मामलों को सुलझाने के लिए, बल्कि उन चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी रणनीति तैयार करें जो शिकायतों का कारण बन रही हैं। वित्त मंत्री ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर नए इनकम टैक्स बिल 2025 का कुशलतापूर्वक ड्राफ्ट तैयार करने में विभाग के सराहनीय कार्य के लिए भी बधाई दी। उन्होंने इस बात की सराहना की कि विभाग सेलेक्ट कमेटी से प्राप्त सिफारिशों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

वित्त मंत्री ने भविष्य में भी इस गति को जारी रखने के महत्व पर बल दिया और निरंतर एवं कुशल सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए आगे एडवांस टेक्नोलॉजी को अपनाने पर भी जोर दिया। वित्त मंत्री ने कहा, "सीबीडीटी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर कार्यस्थलों और आवासों के मामले में पर्याप्त सहायता प्रदान करें, जिससे उन्हें कठिन परिस्थितियों में आवागमन न करना पड़े। मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहूंगी कि सीबीडीटी और राजस्व विभाग परिवारों के लिए आवास और बेहतर कार्यस्थलों के त्वरित विकास को प्राथमिकता दें।

## शेयर बाजार लाल निशान में बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में हुई बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में भारी गिरावट हुई। दिन के अंत में सेंसेक्स 721.08 अंक या 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,463.09 और निफ्टी 225.10 अंक या 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,837 पर बंद हुआ। बिकवाली का अधिक दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में देखा गया है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 951.25 अंक या 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,009.45 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 392.35 अंक या 2.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,294.45 पर बंद हुआ। मार्केट एक्सपर्ट सुनील शाह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि बाजार एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। बीते दो सत्रों में इसमें गिरावट देखने को मिली है, जबकि इससे पहले के सत्र में सेंसेक्स में 500 अंक की बड़ी तेजी देखने को मिली थी। आगे कहा कि निवेशक अभी अमेरिका-भारत ट्रेड डील का इंतजार कर रहे हैं। एक बार यह डील हो जाएगी, फिर इसका सकारात्मक प्रभाव बाजार पर देखने को मिलेगा। सेक्टोरल आधार पर, ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान में बंद हुआ। फार्मा और हेल्थकेयर इंडेक्स ही हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहे। सेंसेक्स पैक के 50 में से 48 शेयर लाल निशान में बंद हुआ।

## यूपीआई पेमेंट को भविष्य में वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाने की जरूरत : आरबीआई गवर्नर

**मुंबई (आईएएनएस)**

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को संकेत दिया कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से पूरी तरह से मुफ्त डिजिटल लेनदेन का युग हमेशा के लिए नहीं रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यूपीआई इंटरफेस को भविष्य में वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाया जाना चाहिए। यूपीआई सिस्टम वर्तमान में यूजर्स के लिए निःशुल्क है और पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करने वाले बैंकों और अन्य हितधारकों को सरकार सब्सिडी देकर लागत वहन करती है। उन्होंने देश की आर्थिक राजधानी में एक कार्यक्रम में कहा, "लागत चुकानी होगी। किसी न किसी को तो लागत वहन करनी ही होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भुगतान और पैसा जीवन रेखा हैं। हमें एक सार्वभौमिक रूप से कुशल प्रणाली की आवश्यकता है। फिलहाल, कोई शुल्क नहीं है। सरकार यूपीआई पेमेंट सिस्टम में बैंकों और अन्य हितधारकों जैसे विभिन्न पक्षों को सब्सिडी दे रही है। जाहिर है, कुछ लागत तो चुकानी ही होगी। उन्होंने कहा, "किसी भी महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को फलदायी होना ही चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी सेवा के वास्तव में सस्टेनेबल होने के लिए उसकी लागत का भुगतान सामूहिक रूप से या यूजर्स द्वारा किया जाना चाहिए।

## रेयर अर्थ की कमी के कारण महाराष्ट्र में लागत में वृद्धि या परियोजना में देरी की कोई जानकारी नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



शुक्रवार को संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, प्रमुख रेयर अर्थ मैग्नेट पर हाल ही में लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप सप्लाई चेन में बाधाएं उत्पन्न हुई हैं, जिसका असर ऑटो और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर सहित उपयोगकर्ता उद्योगों पर पड़ रहा है, लेकिन महाराष्ट्र के उद्योगों से लागत में वृद्धि या परियोजना में देरी की कोई सूचना नहीं है। राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा, "मंत्रालय को महाराष्ट्र के औरंगाबाद-नासिक-पुणे ऑटो बेल्ट और मुंबई व नवी मुंबई के इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टरों की कंपनियों से रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी के कारण लागत में वृद्धि या परियोजना में देरी के संबंध में कोई विशिष्ट रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। राज्य मंत्री से पूछा गया था कि क्या रेयर अर्थ मटीरियल के लिए भारत की चीन पर निर्भरता कम करने के लिए कोई अंतर-मंत्रालयी टास्क फोर्स या मिशन-मोड कार्यक्रम स्थापित किया गया है या क्या सरकार रेयर अर्थ मैग्नेट के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार कर रही है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार कुछ देशों द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों से उत्पन्न चुनौतियों को कम करने, सप्लाई चेन में व्यवधानों को कम करने और भारतीय आयातकों के हितों की रक्षा करने के लिए संबंधित हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है।